✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 226 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 12 जनवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



शौर्य यात्रा के बाद पीएम नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ मंदिर पहुंच कर आशीर्वाद लिया






# सोमनाथ को तोड़ने वाले इतिहास में सिमटे : मोदी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सोमनाथ मंदिर पहुंचकर न केवल पूजा-अर्चना की बल्कि देश के इतिहास, आस्था और आत्मसम्मान से जुड़ा एक सशक्त संदेश भी दिया। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि सोमनाथ को तोड़ने वाले आक्रांता आज इतिहास के पन्नों में सिमट गए हैं लेकिन दुर्भाग्य से देश में आज भी ऐसी ताकतें मौजूद हैं, जो मंदिरों के पुनर्निर्माण का विरोध करती रही हैं। पीएम मोदी ने देशभर से जुड़े श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के कोने-कोने से लाखों लोग हमारे साथ जुड़े हैं। ये समय अद्भुत है, ये वातावरण अद्भुत है। एक ओर महादेव, दूसरी ओर समुद्र की लहरें, मंत्रों की गूंज और भक्तों की उपस्थिति यह सब इस अवसर को दिव्य बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे इसे अपना सौभाग्य



मानते हैं कि उन्हें सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में इस ऐतिहासिक पर्व में सेवा का अवसर मिला। पीएम मोदी ने कहा कि जब वे आज यहां खड़े होकर बोल रहे हैं तो उनके मन में यह सवाल बार-बार आता है कि 1000 साल पहले इसी स्थान पर कैसा माहौल रहा होगा। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने अपनी आस्था और महादेव के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया। आक्रांताओं को लगा कि वे जीत गए लेकिन 1000 साल बाद भी सोमनाथ की ध्वजा पूरी दुनिया को भारत की शक्ति का संदेश दे रही है। प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि सोमनाथ का इतिहास विनाश का नहीं बल्कि विजय और पुनर्निर्माण का इतिहास है। उन्होंने कहा कि आक्रांता आते रहे लेकिन हर युग में सोमनाथ फिर से खड़ा हुआ इतना धैर्य, संघर्ष और पुनर्निर्माण का उदाहरण दुनिया के इतिहास में दुर्लभ है। पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग अपने धर्म के प्रति सच्चे होते हैं वे कभी कट्टरपंथी सोच का समर्थन नहीं करते। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों ने हमेशा ऐसी सोच के आगे घुटने टेके। उन्होंने कहा कि जब आजादी के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया तब भी उन्हें रोकने की कोशिश की गई। यहां तक कि 1951 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के मंदिर आने पर भी आपत्तियां जताई गई थीं। पीएम मोदी ने चेतावनी दी कि आज तलवारों की जगह नए और गुप्त तरीकों से भारत के खिलाफ साजिशें की जा रही हैं। ऐसे में देश को सतर्क, मजबूत और एकजुट रहने की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को करीब 30 मिनट तक सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने शिवलिंग पर जल चढ़ाया, फूल अर्पित किए और पंचामृत से अभिषेक किया। बाहर आकर उन्होंने पुजारियों और स्थानीय कलाकारों से मुलाकात की और चेंदा वाद्य यंत्र भी बजाया। इससे पहले करीब एक किलोमीटर लंबी शौर्य यात्रा में पीएम मोदी ने डमरू बजाया और वीर हमीरजी गोहिल व सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमाओं को नमन किया।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा 16 जनवरी से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 16 जनवरी से एक और यात्रा पर निकल रहे हैं। इस बार मुख्यमंत्री की यात्रा का नाम 'समृद्धि यात्रा' दिया गया है। बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कार्यक्रम को लेकर दिशा निर्देश जारी किया है। सभी विभागों के प्रमुख सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और सभी जिलों के प्रभारी सचिव के साथ डीजीपी, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, उपमहानिरीक्षक, सभी जिलाधिकारी, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को पत्र भी जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि समृद्धि यात्रा कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री जिलों में भ्रमण करेंगे। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने जो पत्र जारी किया है उसमें समृद्धि यात्रा में चार कार्यक्रम तय किए गए हैं जिसमें पहले प्रगति यात्रा एवं सात निश्चय से संबंधित योजनाओं और जिले की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के स्थल का निरीक्षण करेंगे। दूसरे में जिले की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन, और कार्य आरंभ करेंगे। जबकि तीसरे में जन संवाद कार्यक्रम होगा, वहीं चौथा और आखिरी कार्यक्रम जिला स्तरीय योजनाओं की समीक्षा बैठक करना शामिल होगा। सभी जिलाधिकारी को कार्यक्रम के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया है। साथ ही योजना के स्थल निरीक्षण के समय सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व राष्ट्रपति से मिले मंत्री श्रवण कुमार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान रविवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिहार की जनता ओर से नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही राज्य के वर्तमान स्थिति पर संक्षिप्त चर्चा की।

### ट्रेनिंग सेंटर में तैनात जवान का निधन

**सुपौल (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के आसनपुर कुपहा स्थित सशस्त्र सीमा बल ट्रेनिंग सेंटर में तैनात सब इंस्पेक्टर (आर्मोरर) हेमंता कुमार सोनवाल (53) का शनिवार देर रात अचानक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से एसएसबी जवानों में शोक की लहर दौड़ गई है। हेमंता मूल रूप से असम के तीनसुकिया जिले के दमददम गांव के निवासी थे। वो पिछले करीब एक साल से अपने परिवार के साथ सुपौल जिले के आसनपुर कुपहा स्थित एसएसबी ट्रेनिंग सेंटर परिसर में रह रहे थे।

### कंकड़बाग से अगवा युवक सकुशल बरामद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र में चाय को लेकर हुआ एक मामूली विवाद देखते ही देखते गंभीर आपराधिक घटना में बदल गया। विवाद के बाद पांच युवकों ने एक युवक का अपहरण कर लिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अपहरण की सूचना मिलते ही कंकड़बाग थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए महज दो घंटे के भीतर अपहृत युवक को बहादुरपुर इलाके से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार युवक की हालत पूरी तरह सुरक्षित है।

### कुख्यात अपराधी को पुलिस ने मारी गोली

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना पुलिस और बिहार एसटीएफ ने रविवार को बाढ़ के अथमलगोला के धर्मपुर गांव में एक कुख्यात अपराधी के पैर में गोली मारकर लंगड़ा बना दिया। गोली लगने के बाद प्रह्लाद कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। उसे पुलिस ने इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया है। पुलिस के मुताबिक कुख्यात प्रह्लाद कुमार पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल से एक देसी पिस्तौल और 6 गोली बरामद की है। इस कार्रवाई की पुष्टि एसडीपीओ आनंद कुमार ने की है।

## आभार यात्रा पर निकलेंगे केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि कांग्रेस और राजद विधायकों में भारी असंतोष है और विपक्ष के बहुत से विधायक उनके और उनकी पार्टी के संपर्क में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जिम्मेदारी नहीं ले रहे। यही हाल रहा तो राजद का नामोनिशान मिट जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही वह यात्रा पर निकलेंगे। केंद्रीय मंत्री और लोजपा(रा) प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि खबरें जितनी सनसनीखेज दिखती है उतनी होती नहीं हैं। एनडीए के पास कोई ऐसी परिस्थिति नहीं है कि वह विपक्ष के विधायकों को तोड़े या अपने साथ लाने की हमलोग कोशिश करें। दो सौ से अधिक विधायकों के साथ बिहार में एनडीए की मजबूत सरकार चल रही है लेकिन इतना तो जरूर है कि विपक्ष के कई ऐसे दल हैं जिनके विधायकों ने समय-समय पर संपर्क जरूर किया है और उनकी ईच्छा जरूर रही है। चिराग ने कहा कि मैं खुद इसका भुक्तभोगी रहा हूं, मेरी पार्टी को तोड़ा गया है। मैं उस दर्द को समझता हूं जब किसी भी दल के टूटने की परिस्थिति आती है। मैं कभी भी ऐसी परिस्थिति को बढ़ावा नहीं देता हूं। विपक्ष के कुछ विधायकों ने पार्टी नेताओं और हमसे संपर्क साधा है। उन्होंने बताया कि वह खरमास के बाद बिहार की यात्रा पर निकलेंगे। इस यात्रा का नाम 'आभार यात्रा' रखा गया है, जिसमें वे विधानसभा चुनाव की 19 सीटों और लोकसभा चुनाव 2024 की सभी पांच सीटों पर अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को धन्यवाद देंगे।

### मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक गोलघर परिसर का किया भ्रमण

## गोलघर वास्तुकला का अद्भुत नमूना : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना स्थित ऐतिहासिक गोलघर परिसर का भ्रमण कर वहां की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने गोलघर परिसर के पार्क, स्ट्रक्चर की स्थिति के साथ-साथ लाइट एंड साउंड शो तथा लेजर शो की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि गोलघर एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। उन्होंने अधिकारियों को गोलघर परिसर के सौंदर्यीकरण और नियमित रखरखाव को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने का



निर्देश दिया ताकि यह स्थल और अधिक आकर्षक व मनोरम दिखाई दे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2013 में शुरू किए गए लाइट एंड साउंड तथा लेजर शो का नियमित रूप से संचालन किया जाए जिससे यहां आने वाले लोगों को गोलघर के इतिहास और इसकी महत्ता के बारे में जानकारी मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि गोलघर की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और महत्व से लोगों को अवगत कराने के लिए परिसर में डिस्प्ले बोर्ड भी लगाए जाएं। नीतीश कुमार ने कहा कि गोलघर वास्तुकला का एक अद्भुत नमूना है। इसलिए इसके स्ट्रक्चर के रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि इस ऐतिहासिक धरोहर को बेहतर तरीके से संरक्षित रखा जा सके। गोलघर परिसर के भ्रमण के दौरान जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस. एम. सहित अन्य वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

### गृह विभाग के कारा निदेशालय को मिला स्कॉच पुरस्कार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार के गृह विभाग के अधीन कार्यरत कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय को स्कॉच पुरस्कार मिला है। दिल्ली में आयोजित समारोह में बिहार के गृह सचिव सह आईजी जेल प्रणव कुमार ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। मौके पर कारा निरीक्षणालाय से बंदी कल्याण पदाधिकारी विनोद कुमार प्रभास्कर एवं प्रोबेशन पदाधिकारी ज्योत्स्ना सिंह भी मौजूद रही। कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय को यह पुरस्कार सूबे की जेलों में कैदियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण देने के साथ ही डिजिटल लिटरेसी और बंदी पुनर्वास कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए मिला है। बता दे कि राज्य के विभिन्न जेलों में बंदियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण देने के लिए कंप्यूटर लैब बनाई गई हैं जहां उन्हें प्रशिक्षित कर प्रमाण पत्र दिये जा रहे हैं।

## कंटेनर-कार की टक्कर, चार की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजधानी पटना के निकट बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन पर शनिवार की रात घने कोहरे के कारण एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि राहगीरों और स्थानीय लोगों को घायलों की मदद के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। सबनीमा मुखिया प्रतिनिधि धर्मेश भारद्वाज ने बताया कि सड़क किनारे खड़ा एक कंटेनर ट्रक घने कोहरे के चलते दिखाई नहीं दे रहा था। तेज रफ्तार से आ रही एक स्कॉर्पियो पहले इस कंटेनर से टकराई, जिसके बाद पीछे से आ रही अन्य गाड़ियां भी आपस में भिड़ गईं। स्कॉर्पियो कंटेनर में इस कदर घुस गई कि उसमें सवार चारों लोग बुरी तरह फंस गए। हादसे की चपेट में आने वाली गाड़ियों में से एक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतकों में एक ही परिवार के सदस्य शामिल थे, जिनमें पिता और बेटी की मौत सबसे दर्दनाक तरीके से हुई है। गाड़ी में फंसे शवों को निकालने के लिए पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास किए। लगभग आधे घंटे तक जाम लगा रहा और बाद में एनएच की क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे किया गया। एक मामले में गैस कटर की सहायता से शव बाहर निकाले गए जिसमें एक बेटी का सिर अलग हो गया था। हादसे के तुरंत बाद फोरलेन पर भारी जाम लग गया और गाड़ियों की एक किलोमीटर लंबी लाइन खड़ी हो गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से आधे घंटे की मशक्कत के बाद एक लेन बहाल की गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त गाड़ियों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू किया जिससे स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हुई। अथमलगोला थाना के एएसआई अंजनी कुमार ने बताया कि पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गई थी। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने चारों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ भेज दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसा पूरी तरह घने कोहरे के कारण हुआ। मृतकों की पहचान और आगे की जांच जारी है।

### राज्य के विश्वविद्यालय पांच-पांच गांव लेंगे गोद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों को निर्देश दिया है कि वे अपने क्षेत्र के पांच-पांच गांवों को गोद लेकर उन्हें शैक्षणिक रूप से उन्त बनाएं। इससे संबंधित उन्नत भारत अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कराएं। इन गांवों के लोगों को शिक्षा से लेकर विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करें ताकि लोगों का जीवन आसान हो। ये गांव आदर्श गांव के रूप में पहचाने जाएं। पर्यावरण की भी सुरक्षा हो। गांव के लोग सामूहिक रूप से समस्या का समाधान करने में सक्षम हो सकें। लोकभवन में रविवार को हुई बैठक में राज्यपाल ने सभी कुलपतियों को उच्च न्यायालय एवं बिहार लोक भवन के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## सोमनाथ अटूट आस्था और सांस्कृतिक चेतना का अमर प्रतीक : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर कहा कि जनवरी 1026 से प्रारंभ हुई सोमनाथ पर आक्रमणों की श्रृंखला के एक हजार वर्ष पूरे होना केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं है, बल्कि यह भारत की अटूट आस्था, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय पुनर्जागरण की अमर गाथा का सशक्त प्रतीक है। यह पर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सोमनाथ महादेव का मंदिर भारतीय सभ्यता की उस अविचल आत्मा का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने असंख्य आघातों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद कभी आत्मसमर्पण नहीं किया। बार-बार ध्वंस के बाद भी सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह स्पष्ट संदेश देता है कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर और



आध्यात्मिक परंपरा को नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व देशवासियों को अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेकर आत्मविश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर होने का संकल्प देता है। यह पर्व राष्ट्र को उसकी ऐतिहासिक जड़ों से जोड़ते हुए सांस्कृतिक एकता, राष्ट्रीय चेतना और सामूहिक स्वाभिमान को सुदृढ़ करता है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान समय में देश अपने ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव को पुनः स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग में स्वाभिमान, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति की भावना सशक्त हो रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने इस अवसर पर समस्त देशवासियों से आह्वान किया कि वे अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लें तथा राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक चेतना को और अधिक मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।






C M Y K

### हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के 27वें पुनर्स्थापना दिवस पर सेवा और राष्ट्र निर्माण का संदेश

# राष्ट्र के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं हिन्दुस्तान स्काउट्स गाइड्स : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा 27वां पुनर्स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन प्रेमचंद रंगशाला, पटना में गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं मुख्य अतिथि आरिफ मोहम्मद खान, राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि 'हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स युवाओं में अनुशासन, सेवा, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने वाला एक सशक्त आंदोलन है। ऐसे संगठन समाज और राष्ट्र के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्काउट-गाइड आंदोलन के सतत योगदान की सराहना करते हुए इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद की अनामिका सिंह पटेल (एमएलसी) तथा पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू उपस्थित रहीं। अतिथियों ने संगठन द्वारा युवाओं को सामाजिक सेवा, आपदा प्रबंधन एवं नैतिक मूल्यों से जोड़ने के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स, बिहार के राज्य सचिव बरुण सिंह ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि 22 फरवरी 2026 को हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स का राज्य प्रशिक्षण केंद्र एनी बेसेंट इंटरनेशनल स्कूल परिसर में प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र राज्य भर के स्काउट-गाइड प्रशिक्षकों एवं स्वयंसेवकों के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। समारोह के सफल आयोजन एवं प्रबंधन में बरुण सिंह, रंजीत चौहान एवं उनकी पूरी टीम की उल्लेखनीय भूमिका रही। कार्यक्रम का सुव्यवस्थित मंच संचालन उपाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार झा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल के साथ मेयर पटना, मुंगेर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ आनंद कुमार, उपाध्यक्ष नीरज कुमार, पंकज प्रवीण, राकेश आर्या, संगठन आयुक्त रितिका सिंह, संगठन प्रशिक्षण आयुक्त प्रीति कुमारी, नेहा कुमारी, प्रभा कुमारी एवं विभिन्न जिलों से आए हुए स्काउट्स गाइड्स पदाधिकारी एवं लगभग 750 बच्चों ने भाग लिया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया तथा बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड, पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# पटेल समाज की ओर से आयोजित दही चूड़ा भोज में शामिल हुए मुख्यमंत्री व आरसीपी सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटेल समाज की ओर से राजधानी के दरोगा राय पथ स्थित पटेल भवन में दही चूड़ा भोज मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपी सिंह सहित कई लोगों ने हिस्सा लेकर दही चूड़ा भोज का आनंद लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वहां मौजूद सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण कर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री मेरे अभिभावक हैं यदि कोई गलती हुई है तो अभिभावक के नाते मुझे क्षमा करें वे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ लंबे समय प्रशासनिक और राजनीतिक साथ रहा है हम उनसे अलग कैसे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश बाबू ने 25 साल में बिहार का विकास किया है वह ऐतिहासिक है। श्री सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन पटेल परिवार के द्वारा किया गया है। पटेल परिवार का इतिहास शिवाजी से आरंभ होता है। स्वतंत्रता आंदोलन में सरदार पटेल की भूमिका रहा है। उन्होंने देश का नक्शा बनाया था। उन्होंने कहा कि पटेल समाज की संख्या बिहार के हर जिले में है और यह समाज पूरी तरह से एकजुट है। हमारा समाज एक विकासशील समाज है और इसी समाज से हमारे नीतीश कुमार हैं जिसका हमें गर्व है। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक शंकर पटेल ने कहा कि कार्यक्रम में लगभग पांच हजार से अधिक पटेल समाज के लोगों ने हिस्सा लेकर दही चूड़ा भोज का आनंद लिया। कार्यक्रम में आगत अतिथियों का स्वागत सह संयोजक जितेन्द्र पटेल व जदयू महासचिव रणविजय कुमार ने किया। इस मौके पर राज्य सभा सांसद संजय झा, विधान परिषद सदस्य अनामिका सिंह पटेल, सीमा पटेल, जदयू नेता इर्शादुल्लाह, रामचरित्र प्रसाद, बाल श्रमिक आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, इन्द्र जीत पटेल, राधिका पटेल, ललिता पटेल, संजू कुमारी, सतेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पटेल समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

# बंगाल में भाजपा नेता व कार्यकर्ता सुरक्षित नहीं : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री एवं पश्चिम बंगाल भाजपा प्रभारी मंगल पाण्डेय ने पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर हुए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की अराजक सरकार हिंसा व अन्याय के बल पर सरकार चला रही है। इस प्रदेश में सरकार के इशारे पर चुनावी हिंसा व गुंडागर्दी सत्ता की जरुरत बन चुकी है। यही वजह है कि चुनावी रण में जीत के लिए टीएमसी अपने प्रतिद्वंदियों पर हमला व खून-खराबा पर उतर आते हैं। यहां सत्ता संरक्षित टीएमसी के गुंडे अब भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं को निशाना बना उन्हें डराना चाहते हैं। मगर ममता दीदी शायद यह भूल गई कि इस प्रदेश की जनता सबसे निडर है और अगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें करारी शिकस्त देने का मन बना चुकी है। श्री पांडेय ने कहा कि बंगाल में पश्चिम मेदिनीपुर के घाटाल के चंद्रकोना रोड पर शनिवार रात बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला अशोभनीय है। राज्य में विपक्ष के नेता, कार्यकर्ता व जनता सुरक्षित नहीं हैं। अब गृह मंत्रालय ने भी इस मामले को लेकर रिपोर्ट मांगी है। हमारे नेता सुवेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया है।

### प्रवास कार्यक्रम में बेगूसराय पहुंचे संजय सरावगी, पुरातन कार्यकर्ता समागम में हुए शामिल

# प्रधानमंत्री भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाने में लगे हैं : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय सरावगी अपने प्रवास कार्यक्रम के क्रम में बेगूसराय पहुंचे। यहां पहुंचने के बाद उनका कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सरावगी आज बेगूसराय के सिंघौल में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पुरातन कार्यकर्ता समागम सह अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने संगठन में अपने अग्रजों को याद करते हुए कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि आज हमें गर्व है कि एबीवीपी में प्रशिक्षण लिया, काम किया, काम करने की पद्धति जानी और काम करने के बाद भाजपा के लिए कार्य कर रहा हूं। भाजपा अगर आज बिहार में यहां खड़ी है तो एबीवीपी का सबसे बड़ा योगदान है। एबीवीपी जो कहता था, वह पूरा देश कहता था, आज भी हमें वह याद है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाने का जो सपना देखा था, वह भाजपा की सरकार आते ही पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरा किया। अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बन गया तो अब पुनौरा धाम में भव्य माता जानकी के मंदिर बनने का कार्य शुरू हो गया है। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने जंगलराज के दौरान छात्रों पर लाठी चार्ज करने की घटना को याद करते हुए कहा कि जंगलराज में आंदोलन करने वालों पर जो लाठियां चलाई गई थीं, वह राजद का आज बिहार से सूपड़ा साफ हो गया। उन्होंने कहा आपने जिस विचारधारा को खड़ा करने के लिए अपने जीवन का बहुमूल्य समय दिया था, वह विचारधारा आज वट वृक्ष के रूप में विशाल होते देखा जा रहा है। आज हम आर्थिक शक्ति हो या सैन्य शक्ति, हम अंग्रेजों से आगे हैं। आज भारत माता परम वैभव का जो हम लोगों ने सपना देखा था, वह पूरा करने का काम किया जा रहा है। पीएम मोदी देश को परम वैभव पर पहुंचाने में लगे हैं। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी इसके बाद बेगूसराय के प्रेक्षागृह पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता सम्मान सम्मेलन में सहभागिता की।

# वरिष्ठ पत्रकार हरेन्द्र प्रताप राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी से जुड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** लेखक एवं पत्रकार हरेन्द्र प्रताप सिंह को राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन में शामिल किया गया है और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी तथा दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। यह निर्णय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी उर्फ राजू भैया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। यह जानकारी राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं उपाध्यक्ष विनय शांडिल्य ने आज यहां दी। श्री प्रताप पिछले साल अक्टूबर में भारत सरकार के एम एस एम ई मंत्रालय से संयुक्त निदेशक पद से रिटायर होने के बाद फिर से पत्रकारिता के प्रोफेशन में शामिल हो गए हैं। इससे पहले भी अस्सी और नब्बे के दशक में वे नवभारत टाइम्स और रेडियो - टेलीविजन के पत्रकार रह चुके हैं। वे सन 1990 से 1993 तक बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन में उपाध्यक्ष और महासचिव, उसके बाद टाइम्स ऑफ इंडिया एम्प्लॉयज यूनियन के उपाध्यक्ष तथा सन 2024 से अपने भारतीय उद्यम विकास सेवा के सरकारी एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन में नये दायित्व को संभालने तथा संगठन की ओर से भारतीय संस्कृति को मजबूत करने की बड़ी जिम्मेदारी लेने के अवसर पर अनेक बुद्धिजीवियों ने श्री प्रताप को बधाई दी है।

# नक्षत्र आरोग्यम महोत्सव भारतीय वैदिक और आयुर्वेदिक ज्ञान परंपरा का उत्सव : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम परिसर में आयोजित नक्षत्र आरोग्यम 2026 महोत्सव में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नक्षत्र 2026 जैसे भव्य और अर्थपूर्ण आयोजन में उपस्थित होना उनके लिए हर्ष और गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, वैदिक विज्ञान और आयुर्वेदिक चेतना का सशक्त उत्सव है। डॉ. प्रेम कुमार ने भारत व्यापार संवर्धन संगठन और फ्यूचर प्वाइंट को बधाई देते हुए कहा कि पिछले 19 वर्षों से इस आयोजन को निरंतर सफलतापूर्वक आयोजित कर भारतीय वैदिक ज्ञान को वैश्विक मंच प्रदान किया जा रहा है जो साधना और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक राष्ट्र नहीं, बल्कि ज्ञान, दर्शन और विज्ञान की जीवंत प्रयोगशाला रहा है। ऋषि-मुनियों द्वारा ज्योतिष, अंकशास्त्र, हस्तरेखा, वास्तु, आयुर्वेद और योग जैसे विषयों पर किए गए शोध आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान से प्राचीन वैदिक विज्ञान परंपराओं का पुनर्जीवन हो रहा है जिसका प्रत्यक्ष परिणाम नक्षत्र जैसी प्रदर्शनी की बढ़ती लोकप्रियता है। आज ज्योतिष और आयुर्वेद को अंधविश्वास नहीं, बल्कि अनुभव आधारित विज्ञान के रूप में समझा जा रहा है और आम जनमानस संतुलित व सकारात्मक जीवन के लिए इन विधाओं की ओर आकर्षित हो रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह आयोजन प्रमाण है कि भारतीय ज्ञान परंपरा समय के साथ और अधिक प्रासंगिक होती जाती है।

# शिक्षिका आस्था दीपाली को मिला 'हिंदी रत्न' सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन, पटना के तत्वावधान में आयोजित भव्य समारोह में हिंदी सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षिका आस्था दीपाली को प्रतिष्ठित 'हिंदी रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. अनिल सुलभ, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार, मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति राजेन्द्र प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। आस्था दीपाली राजकीयकृत उच्च माध्यमिक (+2) विद्यालय कुढ़नी में शिक्षिका हैं और साहित्य एवं कला के क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। उनकी एक पुस्तक 'जादू की छड़ी' प्रकाशित हो चुकी है। वे गद्य गुंजन इ पत्रिका की संपादक हैं। उनके कई आलेख निपुण संवाद एवं अन्य पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं।

# इनरह्वील डे पर उल्लासपूर्ण पिकनिक का आयोजन, सदस्यों ने मनाया उत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** इनरह्वील डे के अवसर पर इनरह्वील क्लब द्वारा एक उल्लासपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण पिकनिक आयोजन क्लब की सक्रिय सदस्य पूनम सिंह ने अपने फार्म हाउस पर की जहां बड़ी संख्या में क्लब की सदस्याओं ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान इनरह्वील संगठन की गतिविधियों, इतिहास एवं उद्देश्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने हेतु एक रोचक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही अंताक्षरी, हाउसी तथा विभिन्न मनोरंजक खेलों के माध्यम से सभी सदस्यों ने आपसी सौहार्द, उत्साह और मित्रता के भाव के साथ इस दिवस को यादगार बनाया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष शीतू गांधी ने सभी सदस्यों के साथ मिलकर केक काटा और इनरह्वील के 102 गौरवशाली वर्षों की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में इनरह्वील के सेवा, मित्रता एवं नेतृत्व जैसे मूलभूत मूल्यों को रेखांकित करते हुए संगठन की निरंतर सामाजिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। एमपी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में पीडीसी श्वेता सिंह, डी एडिटर नीलू अरोड़ा, उपाध्यक्ष अपर्णा भारती, सचिव नीलांजना, कोषाध्यक्ष रुचिका, आईएसओ सुधा बिदेसरिया, एडिटर रेखा सिंह, कंचन रॉय, नीतू बिरला, सुनीता अग्रवाल, मुदित अग्रवाल, रितु जैन, अनीता, शिल्पी चाचन, रीता सहित अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। सौहार्द, मनोरंजन और संगठनात्मक एकता से परिपूर्ण यह आयोजन इनरह्वील की भावना को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करता रहा।

# बिहार में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा और एकता के साथ संपन्न

## सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत के स्वाभिमान, शौर्य का प्रतीक : रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत की सनातन चेतना, सांस्कृतिक स्वाभिमान और ऐतिहासिक संघर्ष की स्मृति से जुड़ा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आज बिहार में व्यापक आध्यात्मिक सहभागिता के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर राज्य के अनेक प्रमुख शिवालयों, देवी मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर भगवान शिव का विशेष अभिषेक, पूजा-अर्चना और सामूहिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन के आह्वान पर यह पर्व केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन न रहकर जन-जन की आस्था से जुड़ा सामूहिक उत्सव बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमनाथ में पूजन एवं दर्शन के साथ ही बिहार के मंदिरों में भी एक साथ पूजा-अर्चना कर सनातन परंपरा और राष्ट्रीय चेतना के प्रति एकजुटता प्रकट की गई। राज्य के जिन प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए उनमें शामिल हैं- पटना के गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, सोमनाथ मंदिर सौराठ, उग्रनाथ महादेव मंदिर पंडौल, लदनिया मठ, बहुरिया मठ मधुबनी, कपिलेश्वर स्थान, अजगैबीनाथ सुल्तानपुर, कोकिल स्थान सुल्तानगंज, बुढ़ानाथ भागलपुर, गोनूबाबा धाम भागलपुर, अशोक धाम लखीसराय, महादेव मंदिर बड़हिया, रिंगिरिषी धाम लखीसराय, महादेव मंदिर अभयपुर, रामजानकी लखीसराय, महेंद्रनाथ मेंहदार, महादेव मंदिर सिवान, रामजानकी आंदर, धनकुंड नाथ महादेव, ज्येष्ठ गौरनाथ महादेव, लक्ष्मीनाथ मंदिर बौसी, बिहेश्वर नाथ मंदिर, गया का अवस्थी मंदिर (डेल्हा), सोनपुर का हरिहरनाथ मंदिर, सारण जिले का आमी स्थित भगवती मंदिर, पूर्वी चंपारण के सुगौली स्थित नरसिंह भगवान मंदिर और अरेराज स्थित बाबा सोमेश्वरनाथ मंदिर, सीतामढ़ी जिले का दामामी मंदिर, डुमरी कला (पश्चिमी सीतामढ़ी), मुजफ्फरपुर का प्रसिद्ध गरीब स्थान, सीतामढ़ी के सुरसंड प्रखंड स्थित सिमियाही में बाबा मानेश्वरनाथ मंदिर (न्यास समिति), महादेव बड़ा मंदिर मुंगेर, महादेव मंदिर कष्टहरणी घाट, चंडी स्थान मुंगेर सहित कई अन्य शिवालय और देवी मंदिर शामिल रहे। इन सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और विशेष पूजा-अनुष्ठान संपन्न हुए। प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत के स्वाभिमान, शौर्य और अखंड आस्था का प्रतीक है। वर्ष 1026 में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पर हुए आक्रमण की सहस्राब्दी और पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्घाटन के 75 वर्ष पूरे होने की पृष्ठभूमि में यह आयोजन और भी ऐतिहासिक हो जाता है। उन्होंने बिहार और सोमनाथ के ऐतिहासिक-आध्यात्मिक संबंधों का उल्लेख करते हुए मधुबनी जिले के सौराठ स्थित सोमनाथ महादेव मंदिर की परंपरा को भी रेखांकित किया। गौरतलब है कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुजरात दौरे और सोमनाथ आगमन के साथ जुड़े इस पर्व ने बिहार में भी आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकता को नई ऊर्जा दी।

# मकर संक्रांति पर ब्रह्मर्षि समाज एकजुट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राजधानी के यूथ हॉस्टल परिसर में आपन माटी बिहार के तत्वावधान में आयोजित ब्रह्मर्षि मकर संक्रांति मिलन समारोह में ब्रह्मर्षि समाज के हजारों की संख्या में भूमिहार समाज के लोगों ने शिरकत किया। समाज से आए हुए लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए मकर संक्रांति मनाया तथा एक दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं भी दी। मालूम हो कि आपन माटी बिहार द्वारा समय-समय पर कई सामाजिक कार्य किए जाते हैं। जैसे कड़ाके की ठंड के दौरान गरीबों के बीच मुफ्त कंबल वितरण तथा इस ब्रह्मर्षि समाज के प्रतिभावान लोगों को सम्मानित करने का काम भी प्रत्येक वर्ष आपन माटी बिहार द्वारा किया जाता रहा है। इस मौके पर आपन माटी बिहार के सक्रिय सदस्य अविनाश कुमार ने कहा कि आपन माटी बिहार के तमाम सदस्यों ने इस समारोह के सफल संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके सहयोग तथा समर्पण के कारण समय-समय पर कई सामाजिक कार्य किए जाते हैं। इस अवसर पर स्वामी सहजानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि भी अर्पित किया गया। इस आयोजन में डॉ. सी.पी. ठाकुर (पूर्व केंद्रीय मंत्री), विवेक ठाकुर (सांसद, नवादा), देवेश कांत (विधायक, गोरेयाकोठी), दीपक ठाकुर, अनु शुक्ला (पूर्व विधायक), बिना देवी (पूर्व सांसद), दिलमणि देवी (पूर्व विधायक), डॉ. अभिषेक सिंह (डायरेक्टर, ज्योतिपुंज), सायन कुणाल (सदस्य, धार्मिक न्यास बोर्ड), डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह, डॉ. ऋषभ, डॉ. राजेश रंजन, डॉ. रणधीर, पंकज कुमार, प्रभाकर जी (एसडीएम), डॉ. रत्नेश चौधरी, डॉ. शरद एवं बिगुल बाबू सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# राज्यों की हकमारी कर रही केंद्र की मोदी सरकार : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना महानगर कांग्रेस कमिटी के द्वारा नेशनल हाल कदमकुंआ में आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत उपवास सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत एकदिवसीय उपवास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम और अध्यक्षता पटना महानगर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शशि रंजन ने किया। उपवास सत्याग्रह के समापन के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि मनरेगा देश के गरीब और श्रमिक वर्ग का कानूनी अधिकार है। इसके नाम या स्वरूप के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ कांग्रेस किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने इस योजना को लागू कर ग्रामीण गरीबों को रोजगार की गारंटी दी जिससे बेरोजगारी, भुखमरी और मजबूरी में होने वाले पलायन पर प्रभावी रोक लगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण यह ऐतिहासिक योजना कमजोर होती जा रही है और नाम बदलने के साथ इसके मूल आत्मा को बदलने का प्रयास संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना के खिलाफ है। उन्होंने मजदूरों के सवाल उठाते हुए कहा कि मजदूरी समय पर क्यों नहीं मिल रही, काम के अवसर क्यों घटाए जा रहे हैं और बजट में लगातार कटौती क्यों की जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पटना महानगर अध्यक्ष शशि रंजन ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम के साथ राजनीतिक प्रयोग लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है और केंद्र सरकार गरीबों के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है।

# अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, तीन गिरफ्तार

## भारी मात्रा में निर्मित, अर्द्धनिर्मित हथियार बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के काराकाट थाना के देव महादेव (पडसर) गांव में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने रविवार उद्भेदन कर तीन को गिरफ्तार किया। भारी मात्रा में निर्मित अर्द्धनिर्मित हथियार बरामद किया गया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार शनिवार देर शाम गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि काराकाट थाने के देव मार्कण्डेय (पडसर) गांव में अवैध हथियार का निर्माण गेट ग्रिल की दुकान की आड़ में किया जा रहा है। सूचना के आधार पर सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज संकेत कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई जिसमें काराकट व कच्छवां थाना तथा जिला आसूचना इकाई को शामिल किया गया। एसपी ने बताया कि टीम ने देव मार्कण्डेय गांव स्थित रामाशंकर शर्मा की दुकान पर



छापेमारी की जहां से दो देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, कई अर्द्ध-निर्मित एवं क्षतिग्रस्त हथियार, मैगजीन, खोखा तथा हथियार बनाने में प्रयुक्त औजार और लोहे की रॉड बरामद की गई। मौके से रामाशंकर शर्मा और सोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान रामाशंकर शर्मा ने खुलासा किया कि इस अवैध कारोबार में कच्छवां थाना क्षेत्र के दनवार गांव निवासी शशि सिंह भी शामिल है। इसके बाद पुलिस टीम ने दनवार गांव में छापेमारी कर शशि सिंह को हिरासत में लिया। उसकी निशानदेही पर उसके बगीचे से पुआल के नीचे छिपाकर रखे गए हथियार के बैरल बनाने में उपयोग होने वाले छह लोहे के रॉड, स्ट्रिंग और एक फायर किया हुआ खोखा बरामद किया गया। इसके बाद शशि सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इस गिरोह के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक की जांच की जा रही है जिससे और भी लोगों की गिरफ्तारी की संभावना है। तीनों अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

उन्होंने बताया कि शशि सिंह पर पहले भी गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें हत्या और मद्य निषेध कानून से जुड़े केस शामिल हैं। उन्होंने बताया कि छापामारी के दौरान दो देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, आठ-नाइन एमएम की मैगजीन, छह राउंड देसी कट्टा, एक अदद अवैध पुराना देसी कट्टा, एक मैगजीन, एक अदद लोहे का बट, एक अदद लोहे का बैरल, हथियार बनाने में उपयोग किए जाने वाले उपकरण, एक नोजल कवर, एक बोरिंग मशीन, एक लोहे का काटने का सीरिस, हथियार बनाने में उपयोग किए जाने वाले दो लोहे के रॉड बरामद किये गए। उन्होंने बताया कि रामाशंकर शर्मा के विरुद्ध हत्या व शस्त्र अधिनियम काराकाट थाना में दो प्राथमिकी दर्ज है। एसपी ने बताया कि इस कार्रवाई में एएसपी विक्रमगंज संकेत कुमार, जिला आसूचना इकाई प्रभारी राहुल, थानाध्यक्ष काराकट विवेक कुमार, थानाध्यक्ष कच्छवां मनीष कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

प्रमंडलीय आयुक्त सह प्रबंध निदेशक बुडको ने किया आई.एण्ड.डी. एवं एस.टी.पी. का निरीक्षण

# समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करें : अनिमेष पराशर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रमंडलीय आयुक्त सह प्रबंध निदेशक, बुडको अनिमेष पराशर ने शनिवार देर शाम सिंचाई निरीक्षण भवन में रोहतास जिले में चल रही बुडको की विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। डिहरी-डालमियानगर क्षेत्र में निर्माणाधीन आई.एण्ड.डी. एवं एस.टी.पी. योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता एवं समय-सीमा पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों के साथ निर्माणाधीन योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की तकनीकी गुणवत्ता, प्रयुक्त सामग्री, कार्य की गति तथा सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए। ताकि आम जनता को इन योजनाओं का शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि आई.एण्ड.डी. एवं एस.टी.पी. योजनाएं शहरी स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन योजनाओं के पूर्ण होने से डिहरी-डालमियानगर एवं आसपास के क्षेत्रों में जल निकासी, स्वच्छता व्यवस्था एवं पर्यावरणीय संतुलन में उल्लेखनीय सुधार होगा। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित कार्य एजेंसियों को निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। श्री पराशर ने अधिकारियों को जनहित से जुड़ी इन योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों का प्रत्यक्ष लाभ आम नागरिकों तक पहुंचना चाहिए, यही इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य है। बैठक व निरीक्षण के समय डीएम उदिता सिंह, एसपी रौशन कुमार समेत जिले के विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। बुडको की ओर से मुख्य महाप्रबंधक, परियोजना निदेशक तथा उप-परियोजना निदेशक भी कार्यक्रम में शामिल थे।

# मोबाइल चोर चढ़ा आरपीएफ के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरपीएफ डिहरी ऑन सोन ने यात्री के मोबाइल को बरामद करते हुए एक और शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक रे.सु.ब. पोस्ट डिहरी ऑन-सोन राम विलास राम के कुशल नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी साथ सहायक उप निरीक्षक उपेन्द्र कुमार, प्रधान आरक्षी सर्वजीत राय, आरक्षी अमित कुमार, आरक्षी सुनील कुमार, आरक्षी राजू कुमार सभी आपराधिक गतिविधि निगरानी व रोकथाम हेतु रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन प्लेटफार्म संख्या 02/03 के पूर्वी छोर पर जा रहे थे। गश्त के दौरान एक व्यक्ति को संदेहावस्था में देखा जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम अमन कुमार, उम्र करीब 18 वर्ष, पिता अनिल प्रसाद, ग्राम रत्तू बिगहा, थाना-डालमियानगर, जिला-रोहतास (बिहार) बताया जिसकी तलाशी लेने पर दो अदद एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद हुआ जिसके बारे में पूछने पर उसने बताया कि मोबाइल को डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर यात्रियों का चुराया हूं।

# बेलवाई जलाशय परियोजना का होगा निर्माण : स्नेहलता कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल क्षेत्र के तिलौथू प्रखंड में स्थित बेलवाई जलाशय परियोजना के निर्माण की मांग मुख्यमंत्री से किया गया है। सासाराम की विधायक स्नेहलता कुशवाहा के अनुसार इस परियोजना का निर्माण की स्वीकृति 1996 में किया गया था। लघु सिंचाई विभाग ने इसका टेंडर किया था। निर्माण कार्य 1997 में प्रारम्भ हो गया। स्पिलवे का निर्माण कार्य होने के बाद वन विभाग की आपत्ति के कारण इसके निर्माण पर रोक लग गई। उन्होंने बताया कि इस सिंचाई परियोजना के पूरा होने से सासाराम विधानसभा के तिलौथू प्रखंड के दर्जनों गांव के खेतों में सिंचाई कार्य करने में किसानों को सहूलियत होगी। लाभान्वित गांव में मिर्जापुर, भदोखरा, सेवही, कैथी, चंदनपुरा, महाराजगंज, हरनाचीति, मरगोही, माला बिगहा आदि गांव की लगभग 2500 एकड़ भूमि सिंचित होंगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को लेकर 2020 में पटना उच्च न्यायालय ने सरकार को इस परियोजना के निर्माण पर अंतिम निर्णय लेने के लिए चार माह का समय दिया था। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के किसान इस परियोजना के निर्माण की मांग वर्षों से कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही मुख्यमंत्री इस चिरलंबित योजना पर सकारात्मक निर्णय लेंगे।

# आरपीएफ ने शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** निरीक्षक प्रभारी/ रेसुब डिहरी ऑन-सोन रामविलास राम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक जय प्रकाश चतुर्वेदी साथ आरक्षी उमेश कुमार सिंह, आरक्षी अखिलेश कुमार सिंह सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन गश्त व अपराधी गतिविधि निगरानी के क्रम में हुए न्यू पार्किंग एरिया के पास एक व्यक्ति विपिन कुमार, उम्र करीब-56 वर्ष, पिता-स्व. तोता सिंह, निवासी-हुसैनाबाद, राजपुर, थाना-राजपुर, जिला-रोहतास बिहार को 12 अदद रायल स्टैग सुपिरियर व्हिस्की,12 अदद ओल्ड मोंक रम,12 अदद एम.सी.डोवेल्स व्हिस्की एवं 03 अदद ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया जिसे मौके की सभी आवश्यक कागजी कार्यवाही कर सभी अवैध शराब को विधिवत जब्त किया गया जिसे अग्रिम कानूनी कार्यवाही वास्ते राजकीय रेल थाना डिहरी ऑन सोन को उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त, जब्त शराब मय कागजात के साथ सुपुर्द किया गया।

# लोजपा 'रा' की समीक्षा बैठक सह अभिनंदन समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** लोजपा 'रा' जिलाध्यक्ष प्रेमतोष उर्फ बंटी सिंह के द्वारा प्रखंड का समीक्षा किया गया। अध्यक्ष को अंग वस्त्र एवं फूल के मालाओं से प्रखंड अध्यक्ष ने सम्मानित किया। कोचस प्रखंड में लोक जनशक्ति पार्टी 'रा' का समीक्षा बैठक एवं अभिनंदन समारोह बालथरी कुटिया पर किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड चंदेश्वर पासवान उर्फ गुड्डू ने किया जिसका संचालन करगहर विधानसभा प्रभारी राकेश राय ने किया जिसमें बिहार महिला सेल उपाध्यक्ष सह बिक्रमगंज दक्षिणी जिला परिषद विद्यावती देवी प्रदेश पदाधिकारी कचहरी पासवान, चुनचुन पासवान,



जिला प्रवक्ता उमेश प्रसाद श्रीवास्तव, छोटेलाल पासवान, धर्मेंद्र पासवान को फूलमाला एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। उसके बाद वक्तताओं ने अपनी-अपनी बातें रखी। बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट बनाने के मुहिम में हर बूथ कमेटी को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रत्येक पंचायत से पंचायत अध्यक्ष शामिल हुए जिसमें जितेंद्र पासवान, बंश नारायण पासवान, नथुनी चंद्रवंशी, चंदन पासवान, प्रमोद पासवान, धर्मेंद्र पासवान, रविशंकर पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# शाहाबाद महोत्सव संयोजक ने किया वनभोज का आयोजन

## पर्यटन विकास को धरातल पर उतारने का लिया गया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिले के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल ताराचण्डी धाम स्थित बुढ़वा महादेव परिसर में शनिवार को शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में वन भोज का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में भूमिका निभा रहे बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की और शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति द्वारा अपने गौरवशाली ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को सहेजते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास की सराहना करते हुए उसे मुकाम तक पहुंचने में हर संभव सहयोग करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि राजा हरिश्चंद्र काल से लेकर त्रेता, मध्यकालीन तथा वर्तमान काल तक का गौरवशाली इतिहास शाहाबाद प्रक्षेत्र का रहा है तथा यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं है, लेकिन दुर्भाग्य है कि अभी तक इस क्षेत्र को पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित नहीं किया गया। इसके लिए अपने-अपने स्तर से सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। ताकि सरकार प्राथमिकता के आधार पर यह विकास किया जाए। वक्ताओं ने भोजपुरी भाषा को संविधान के आठवें अनुसूचि में शामिल करने की मांग पूरजोर तरीके से उठाई। इस दौरान सांस्कृतिक संचेतना के प्रतीक डिहरी शहर की प्रमुख संस्थान अभिनव कला संगम द्वारा शाहाबाद महोत्सव के संयोजक अखिलेश सिंह को अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर 'सोन गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया।

# पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन के गंभीर संकट से गुजर रही : अजय झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पर्यावरण में हमारी भूमिका, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य विषयक कार्यक्रम में बोलते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर के विख्यात पर्यावरणविद् अजय झा ने कहा कि आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के गंभीर संकट से गुजर रही है। मौसम में हो रहे अचानक और असामान्य बदलावों ने खेती, जल, स्वास्थ्य और जैव विविधता सभी को गहरे रूप में प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि जलवायु संकट के समाधान को लेकर दुनिया में कई तरह के सैद्धांतिक मॉडल सामने आ रहे हैं कोई इसे पैसे और बाजार आधारित हल से ठीक करना चाहता है तो कोई तकनीक के भरोसे। लेकिन इस पूरी समस्या के केंद्र में मानव की भूमिका है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। श्री झा ने स्पष्ट किया कि आज भी गरीब और विकासशील देशों में बड़ी मात्रा में जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल, डीजल, गैस) जलाकर ऊर्जा पैदा की जा रही है जिसका वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में लगभग 73 प्रतिशत योगदान है।

उन्होंने इस असमानता को उजागर करते हुए कहा कि दुनिया में ऊर्जा से होने वाले कुल उत्सर्जन का लगभग 25 प्रतिशत केवल 1 प्रतिशत सबसे अमीर लोग करते हैं जबकि शीर्ष 10 प्रतिशत आबादी लगभग 50 प्रतिशत ऊर्जा का उपभोग करती है। इसके विपरीत, दुनिया की बहुसंख्यक आबादी कम संसाधनों में जीवन जीते हुए भी प्रकृति पर न्यूनतम दबाव डालती है। उन्होंने कहा कि भविष्य की राह सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और नवीकरणीय स्रोतों में ही है। यही वे रास्ते हैं जिनसे हम विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बना सकते हैं। जलवायु न्याय की अवधारणा को केंद्र में रखते हुए उन्होंने जोर दिया कि संकट का बोझ उन लोगों पर नहीं डाला जा सकता जिन्होंने इसे पैदा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अगर हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती को बचाना है तो हमें उपभोग की संस्कृति, ऊर्जा नीति और विकास के मॉडल पर गंभीर पुनर्विचार करना होगा। यही हमारी राष्ट्रीय और वैश्विक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने किया तथा संचालन संतोष उपाध्याय ने की। इस मौके पर समाजसेवी जितेंद्र गुप्ता, अधिवक्ता चंद्रिका राम, दीनबंधु वत्स, पंकज सिंह एडवोकेट, अरुण कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, चन्द्रिका राम, अरुण उपाध्याय, विवेक राज, प्रदीप दास, अभिषेक बोस, मनीष पाण्डेय, तरुण कुमार, अनूप कुमार राय, विजय कुमार सिंह, मुन मुन पाण्डेय, सुशांतो दास, सुब्रतो चक्रवर्ती सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मोहन बिगहा की तिलकुट फैक्ट्री में उमड़ी ग्राहकों की भीड़, शुद्धता और स्वाद बनी पहचान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मोहन बिगहा डॉ. निर्मल कुशवाहा वाली गली में स्थित तिलकुट फैक्ट्री इन दिनों लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। उच्च गुणवत्ता और शुद्धता के कारण यहां तिलकुट खरीदने के लिए लगातार लोगों की भीड़ लगी रहती है। फैक्ट्री के प्रोपराइटर नंदू गुप्ता एवं रवि गुप्ता ने बताया कि उनके यहां पारंपरिक विधि से शुद्ध और स्वादिष्ट तिलकुट का निर्माण किया जाता है। तिलकुट बनाने में तील, गुड़ और चीनी का शुद्ध रूप से प्रयोग किया जाता है जिससे उत्पाद की गुणवत्ता बनी रहती है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में लगभग 25 मजदूर कार्यरत हैं जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। यहां प्रतिदिन लगभग 3 क्विंटल तिलकुट का उत्पादन किया जाता है जिसकी आपूर्ति डिहरी ऑन-सोन सहित आसपास के कई क्षेत्रों में की जाती है।

# सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू में पूर्व छात्र-छात्राओं की गोष्ठी का आयोजन

## छात्र-छात्राओं के निरंतर जुड़ाव हेतु पूर्व छात्र परिषद का किया गया गठन : प्रधानाचार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर युवा दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर तिलौथू में पूर्व छात्र-छात्राओं की एक गरिमामयी गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के 1998 से 2025 तक उत्तीर्ण सैकड़ों पूर्व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधकारिणी समिति के सचिव लाल बिहारी जी, अध्यक्ष सुमेर कुमार सिंह, सदस्य शशि भूषण प्रसाद तथा प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही।



गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया जिसमें प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारियों के साथ उपस्थित सभी पूर्व छात्र-छात्राओं ने सहभाग किया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी पूर्व छात्र-छात्राओं को अंगवस्त्र, अर्चना पत्रिका, नोटपैड एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। गोष्ठी के दौरान विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक अग्रणी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने, साथ ही भारतीय संस्कृति एवं संस्कारयुक्त शिक्षा के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित करने को लेकर सार्थक विचार पर मंथन हुआ। पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। इसी उद्देश्य से विद्यालय में पूर्व छात्र परिषद का गठन किया गया है जिसमें तारा कांत दुबे को संयोजक, कृतिका कुमारी एवं भैया ऋषिराज को सहसंयोजक के रूप में नियोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र भैया सचिन कुमार ने अपने पिता की स्मृति में एक पुरस्कार की घोषणा की जो प्रतिवर्ष विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को प्रदान किया जाएगा। यह घोषणा उपस्थितजनों के लिए विशेष प्रेरणास्रोत बनी। कार्यक्रम का संचालन उपप्रधानाचार्य सर्वेश चंद्र मिश्र एवं पूर्व छात्र प्रमुख प्रेमचंद सिंह द्वारा किया गया।

# नगर चैंपियनशिप ट्रॉफी में वार्ड 38 उद्घाटन मैच में विजयी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर खेल मैदान पर 14 वीं नगर चैंपियनशिप ट्रॉफी रविवार से प्रारंभ हो गया। एसडीएम निलेश कुमार व मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने मैच का उद्घाटन किया। उद्घाटन मैच का पहला मुकाबला वार्ड नंबर 21 बनाम वार्ड नंबर 38 के बीच हुआ। अंपायर ने दोनों टीमों के बीच टॉस कराया जिसमें वार्ड 38 ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया तथा 236 रन बनाया। वार्ड नंबर 21 के खिलाड़ियों ने 122 रन बनाकर ऑल आउट हो गए। खेल खत्म होने के बाद मैन ऑफ द मैच रूपम कुमार बने। कमेटी के उपाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि सोमवार को अगला मैच वार्ड नंबर 18 बनाम 31 के बीच होगा। मौके पर मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी, डॉ वीरेंद्र, डॉ लक्ष्मण सिंह, जिला पार्षद अकोढ़ी गोला सीमा सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी, रामनाथ सिंह, बृजमोहन सिंह, बैरिस्टर सिंह, राजेश सिंहा, रितेश कुमार, कलावती देवी, आनंद चौधरी, डॉ ओ पी आनंद इत्यादि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# पी.एम. श्री +2 उच्च विद्यालय में गणित शिक्षक अशोक कुमार सिंह को दी गयी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** शहर के पी.एम. श्री +2 उच्च विद्यालय, चौरखण्डी पथ (रौजा रोड) में वरिष्ठ सहायक शिक्षक (गणित) अशोक कुमार सिंह के सम्मान में एक ऐतिहासिक 'विदाई-सह-सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार सिंह ने की। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य सह




सचिव, बुद्धिजीवी चेतना मंच (डिहरी डालमियानगर) केदार नाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा एक शिक्षक समाज का शिल्पकार होता है। अशोक बाबू ने गणित की जटिलताओं को सुलझाने के साथ-साथ विद्यार्थियों के जीवन को भी सही दिशा दी है। उनकी सेवानिवृत्ति केवल सरकारी सेवा का अंत है, लेकिन समाज को उनकी विद्वत्ता की आवश्यकता हमेशा रहेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल कुमार शर्मा, विनोद कुमार सिंह उर्फ बंबइया बाबू, विंदेश दुबे, नरेश कुमार, के.एन. पांडेय, रंग नाथ पांडेय एवं गोरख नाथ सिंह उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने श्री सिंह के 12 वर्षों (01.07.2013 से 31.12.2025) के बेमिसाल सेवाकाल की सराहना की। विदाई की इस बेला को यादगार बनाने के लिए विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने विदाई गीत, नृत्य और प्रेरणादायक नाटकों के माध्यम से अपने प्रिय शिक्षक के प्रति सम्मान प्रकट किया। गीतों की मधुर प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक और कर्मचारी एकजुट दिखे।

# भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** 'जय जवान-जय किसान' के उद्घोषक, देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके तैल चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चरणों में शत-शत नमन किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण यादव ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा के प्रतीक थे। उनका जीवन आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने किसानों और जवानों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक योगदान दिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रवि राय (महामंत्री), कुंवर सिंह (नगर उपाध्यक्ष), अमित कुमार, धनंजय शर्मा, नंद गोपाल यादव, रामावतार, राजन कुमार गुप्ता, सोनू तथा डिहरी भाजपा नगर उपाध्यक्ष अमित कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मध्य प्रदेश के मजदूर की गुमशुदगी का डीएसपी ने किया सफल उद्भेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा में मध्यप्रदेश के मजदूर की गुमशुदगी मामले का उद्भेदन रविवार को रजौली डीएसपी गुलशन कुमार ने किया है। उन्होंने प्रेसवार्ता कर बताया कि 31 दिसंबर 2025 की रात्रि में नवादा जिले के थाली थानान्तर्गत ग्राम जयपुर स्थित विष्णुदेव वर्मा के हेचरी फार्म में काम करने वाले मध्य प्रदेश के मजदूर सत्यराज साकेत के गायब हो जाने की सूचना पंकज कुमार वर्मा पिता विष्णुदेव कुमार वर्मा, ग्राम पतांगी, थाना अकबरपुर, जिला नवादा के लिखित आवेदन के आलोक में अज्ञात के विरुद्ध थाली थाना में कांड संख्या 01/25 दिनांक 01 जनवरी 2026 को दर्ज हुआ था, जिनमें धारा-137(2)/140(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता 2023 दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामला काफी संगीन प्रकृति पाते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रजौली द्वारा अंचल पुलिस निरीक्षक, रजौली के नेतृत्त्व में विशेष अनुसंधान दल एसआईटी का गठन करते हुए कांड का शीघ्र उद्भेदन हेतु निर्देश दिया गया था। तत्पश्चात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देशन में विशेष अनुसंधान दल द्वारा मानवीय एवं तकनिकी आसूचना के आधार पर कांड का सफल उद्भेदन करते हुए घटना के आरोपी विक्रम कुमार को पुलिस हिरासत में लिया गया। पुछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह तथा उसके अन्य साथियों द्वारा जंगल में जानवर को फंसाने के लिए प्रतिदिन 11000 वोल्ट मेन लाईन से अवैध टोका लगाकर नंगा तार लगाया गया था। उसी तार में घटना रात्रि में उक्त मजदूर के फंसकर मृत्यु हो जाने जिसके बाद उनके द्वारा शव को चोरी-छिपे पन्नी में बांधकर कड़री डोम क्षेत्र के जंगल में पहाड़ के पास पानी निकलने वाला ट्रैंच में रखकर पत्थर से ढक देने की बात स्वीकार की गई है। तत्पश्चात विक्रम कुमार के निशानदेही पर उक्त गुमशुदा मजदूर के शव को राजपुर जंगल के कड़ी डोम के ट्रेंच में पत्थर के नीचे से बरामद किया गया तथा विक्रम कुमार को गिरफ्तार किया गया है। अन्य बिन्दुओं पर कांड का अनुसंधान जारी है। विक्रम कुमार के अन्य साथियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।




# विकसित भारत जी राम जी योजना पर कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। भाजपा जिला कार्यालय में विकसित भारत जी राम जी योजना पर एक कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला प्रभारी नवीन केसरी उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप के द्वारा किया गया। "जी राम जी" के जिला संयोजक अरविंद पटेल मौके पर मौजूद रहे। कार्यशाला में जी राम जी कानून को जन जन तक पहुंचाने, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम "मन की बात" को बूथ स्तर पर सुनने की योजना, आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। जी राम जी कानून पर चौपाल लगाकर करेंगे प्रत्येक जनता को जागरूक। जिला अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी विकसित भारत बनाने में निश्चित रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मंडल स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक घरों तक जाकर जनता को जी राम जी कानून की विशेषताओं को बताया जाएगा। मनरेगा की जगह जी राम जी में प्रभु श्री राम का नाम आने से परेशान है विपक्ष क्योंकि उसे राम के नाम से चिढ़ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायक मासिक कार्यक्रम मन की बात की प्रसारण को प्रत्येक बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय लोगों के साथ बैठकर सुनने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्य अतिथि नवीन केसरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन "जी राम जी" मनरेगा का नया नाम है जिसमें श्रमिक भाईयों को अब 100 दिन से बढ़कर 125 दिनों का रोजगार की गारंटी है जिसका भुगतान हर सप्ताह कर दिया जाएगा। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए और अब यह काम दिखेगा पहले से बहुत ही अधिक प्रभावी है यह जी राम जी योजना। इस योजना को हम सभी भाजपा कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस अवसर पर कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जून विश्वकर्मा, चंद्रकांता सिन्हा,सतीश प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष साबो देवी, अरविंद पटेल, डा अशुतोष कुमार, तेजस्विता राधा, नीरज कुमार डब्ल्यू, जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप, जिला मंत्री अमरेश कुमार, प्रवीण सिंह, रंजू कुमारी, योगेन्द्र मंडल, अमरकांत भारती, अमित गौरव, सोनू कुमार हिंदू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार, अनूसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष मणिकांत पासवान, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार चंद्रवंशी, आईटी सेल संयोजक अमित शान सहित बड़ी संख्या कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिन्द थाना क्षेत्र के एसएच-78 बिहटा–सरमेरा मार्ग पर फोरलेन चौक के समीप तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिला अंतर्गत सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के इमलिया बिगहा गांव निवासी नाजिम के रूप में की गई है। मृतक के साथियों के अनुसार नाजिम पिछले एक महीने से नूरसराय में रहकर फेरी पर कपड़ा बेचने का काम कर रहा था। रविवार की शाम वह पटना जिले के भदौर गांव से कपड़ा बेचकर बाइक से नूरसराय लौट रहा था। इसी दौरान रहुई की ओर से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। हादसे में नाजिम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही बिन्द थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई सरोज कुमार ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर जहाना गांव के पास पिकअप वाहन को पकड़ लिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को मोबाइल फोन के माध्यम से घटना की सूचना दी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के आत्मा मठ गांव में अवैध हथियार निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एसटीएफ की गुप्त सूचना के आधार पर अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से भारी मात्रा में अर्धनिर्मित व निर्मित हथियार, हथियार बनाने के उपकरण और मशीनें बरामद की हैं। तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है, जबकि छापेमारी की भनक लगते ही मुख्य तस्कर मौके से फरार हो गया। हिलसा डीएसपी 2 कुमार ऋषिराज ने बताया कि इस्लामपुर थाना के आत्मा मठ में विमल राम के घर के पीछे झोपड़ी में अवैध रूप से हथियार बनाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस और एसटीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में अवैध आग्नेयास्त्र, अर्धनिर्मित हथियार और हथियार निर्माण में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए। छापेमारी के दौरान मौके से संतोष विश्वकर्मा, जय वर्मा और महेंद्र प्रसाद को गिरफ्तार किया है। वहीं, अवैध फैक्ट्री का संचालक विमल राम फरार हो गया। सभी गिरफ्तार अभियुक्त चिकसौरा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों का रहने वाला है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने देशी कट्टा, अर्धनिर्मित पिस्टल बैरल, लोहे की चादरें, हथियारों के पुर्जे, ड्रिल मशीन, ग्राइंडर मशीन, बेस मशीन, हैंड ब्लोअर, रेती, छैनी, हथौड़ी, ट्रिगर गार्ड सहित हथियार बनाने में प्रयुक्त कई अत्याधुनिक उपकरण बरामद किए हैं। इसके अलावा आरोपियों के पास से मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं, जिनकी तकनीकी जांच की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त संतोष विश्वकर्मा का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ चिकसौरा थाना समेत अन्य थानों में आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। वहीं महेंद्र प्रसाद के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। छापेमारी में इस्लामपुर थाना के अपर थानाध्यक्ष राम कुमार पाल , दारोगा मनोज कुमार सिंह, काजल कुमारी, अरुण कुमार यादव, पूजा कुमारी व पुलिस बल के जवान शामिल थे।



# मोदी सरकार ने किया गरीबों के हितों पर हमला : प्रभाकर झा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्वाचित समन्वयक सह प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि प्रभाकर झा ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत - जी राम जी विधेयक 2025 कानून लाकर गरीबों के हितों पर हमला किया है। श्री झा ने कहा कि मोदी सरकार ने यह कानून लाकर गांधी जी के विचारों की हत्या तो की ही है साथ ही साथ गरीबों के रोजगार छीनने का भी काम किया है। श्री झा ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गई रोजगार गारंटी योजना के तहत हर परिवार को 100 दिनों के काम की कानूनी गारंटी थी साथ ही साथ हर गांव में काम की कानूनी गारंटी, न्यूनतम मजदूरी की गारंटी थी जिससे गरीबों को विकाश के लिए काम मिलता था और मजदूरी का 100 प्रतिशत भुगतान केंद्र सरकार करती थी जिससे राज्य सरकार बिना किसी चिंता या कठिनाई के काम उपलब्ध कराती थी लेकिन मोदी जी सरकार द्वारा रोजगार गारंटी योजना ढांचे में परिवर्तित कर जो कानून लाई है उसमें गरीबों के लिए काम की कोई कानूनी गारंटी नहीं रहेगी, काम केवल केंद्र सरकार द्वारा चुने गांव में ही मिलेगा, मजदूरी भी मनमाने ढंग तय होगी तथा राज्य सरकार को मजदूरी का 40 प्रतिशत हिस्सा देना होगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर सिविल सर्जन ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सदर अस्पताल में मरीजों को बेहतर, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को सिविल सर्जन डॉ. जय प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल की मौजूदा व्यवस्थाओं, संसाधनों की स्थिति और मरीजों को हो रही व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों के चिकित्सकों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र से जुड़ी कठिनाइयों को सामने रखा। इमरजेंसी वार्ड को लेकर डॉक्टरों ने कहा कि यहां हर समय अनुभवी नर्सिंग स्टाफ की तैनाती आवश्यक है, ताकि गंभीर मरीजों के इलाज में किसी तरह की चूक न हो। इसके अलावा, आपात स्थितियों में कुछ आवश्यक दवाओं की तत्काल उपलब्धता न होने का मुद्दा भी उठाया गया, जिससे मरीजों के परिजनों को बाहर से दवा लाने में परेशानी होती है। इस पर सिविल सर्जन डॉ. जय प्रकाश सिंह ने स्पष्ट किया कि सदर अस्पताल में दवाओं की कोई कमी नहीं है। यदि किसी विशेष दवा की तत्काल आवश्यकता होती है, तो अस्पताल स्तर पर खरीद की व्यवस्था कर उसे उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने दवा आपूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए। बैठक में वार्डों में मरीजों की पहचान को लेकर आ रही दिक्कतों पर भी चर्चा हुई। चिकित्सकों ने बताया कि पहचान चिह्न या ड्रेस कोड के अभाव में इलाज के दौरान परेशानी होती है, वहीं मरीजों के साथ बड़ी संख्या में परिजनों की मौजूदगी से व्यवस्था प्रभावित होती है। बाल रोग विभाग के चिकित्सकों ने भी अपने विभाग से जुड़ी समस्याओं को बैठक में रखा।



**नई सेवाओं की शुरुआत और संसाधनों की बहाली**

सभी सुझावों और समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद सिविल सर्जन ने सदर अस्पताल में शीघ्र ऑर्थो (हड्डी) सर्जरी सेवा शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य यह होना चाहिए कि हर माह कोई न कोई नई सुविधा शुरू की जाए, ताकि मरीजों को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। साथ ही, लंबे समय से खराब पड़े वेंटिलेटरों को जल्द चालू कराने और आवश्यक मशीनों व उपकरणों की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में डीपीएम श्याम कुमार निर्मल के अलावा डॉ. राजीव रंजन, डॉ. राजशेखर, डॉ. विश्वजीत, डॉ. रोहित अमर, डॉ. संत कुमार, डॉ. सत्येंद्र कुमार सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा जिला अंतर्गत तिलैया-राजगीर रेलखंड पर एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई, जिसे हिसुआ पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा है। यह घटना हिसुआ थानाक्षेत्र अंतर्गत भेलु बिगहा गोमती के पास हुआ, जिसकी सूचना हिसुआ थाना को मिली। एसआई परदेशी कुमार ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया, जिसके बाद शव का शिनाख्त हुआ। मृतक नारदीगंज थानाक्षेत्र के कहुआरा ग्राम निवासी 45 वर्षीय अर्जुन दास पिता सुबोध दास हैं। घटना के कारणों का पता नहीं चला है, पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेजकर अग्रेतर

# सरकारी व गैर-सरकारी कर्मियों के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मुकाबला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। खेल के मैदान पर रविवार को सौहार्द, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा का सुंदर संगम देखने को मिला, जब हिलसा प्रखंड क्षेत्र के दाहा बिगहा मैदान में सरकारी एवं गैर-सरकारी कर्मियों के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में सरकारी कर्मियों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 रनों से जीत हासिल की।

टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए गैर-सरकारी कर्मियों की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 156 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरकारी कर्मियों की टीम ने आत्मविश्वास और संतुलन के साथ बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 178 रन बनाए और मैच अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन नगरनौसा प्रखंड प्रमुख रंजू कुमारी ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को मजबूत करता है, बल्कि आपसी भाईचारे, सहयोग और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देता है। सरकारी कर्मियों की टीम का नेतृत्व कप्तान जयप्रकाश कुमार सिंह ने किया। टीम में पप्पू कुमार, रमेश कुमार, राकेश कुमार भारती, मुकेश कुमार भारती, चंदन कुमार भारती, हरि पंडित, श्रवण कुमार, रवि कुमार रंजन एवं वरुण कुमार शामिल थे। वहीं गैर-सरकारी कर्मियों की टीम की कमान अनुज कुमार के हाथों में थी, जिनके साथ सुमन कुमार सिंह, ललित कुमार, मनीष कुमार, उपेंद्र कुमार, नीरज कुमार, टुल्लू कुमार, जीतू कुमार, राहुल कुमार, अजय कुमार, संतोष कुमार, संजय कुमार एवं अमरेंद्र कुमार ने मैदान में दमखम दिखाया।

पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।



# सरकारी कर्मियों की टीम ने जीता फ्रेंडली क्रिकेट मैच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)**। दाहा बिगहा मैदान रविवार को खेल और सौहार्द का साक्षी बना, जब सरकारी एवं गैर-सरकारी कर्मियों के बीच एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। प्रतिस्पर्धा भले ही मैत्रीपूर्ण थी, लेकिन मैदान पर जुनून, अनुशासन और खेलभावना पूरी शिद्दत से नजर आई। मुकाबले में सरकारी कर्मियों की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 रनों से जीत दर्ज की। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए गैर-सरकारी कर्मियों की टीम ने 20 ओवर में 156 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरकारी कर्मियों की टीम ने सधे हुए खेल और आक्रामक स्ट्रोक्स के साथ 20 ओवर में 178 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन नगरनौसा प्रखंड प्रमुख रंजू कुमारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया और खेल को आपसी समन्वय व सकारात्मक ऊर्जा का माध्यम बताया। सरकारी कर्मियों की टीम में कप्तान जयप्रकाश कुमार सिंह के साथ पप्पू कुमार, रमेश कुमार, राकेश कुमार भारती, मुकेश कुमार भारती, चंदन कुमार भारती, हरि पंडित, श्रवण कुमार, रवि कुमार रंजन और वरुण कुमार शामिल रहे। वहीं, गैर-सरकारी कर्मियों की टीम का नेतृत्व अनुज कुमार ने किया, जिनके साथ सुमन कुमार सिंह, ललित कुमार, मनीष कुमार, उपेंद्र कुमार, नीरज कुमार, टुल्लू कुमार, जीतू कुमार, राहुल कुमार, अजय कुमार, संतोष कुमार, संजय कुमार और अमरेंद्र कुमार ने मैदान संभाला। मैच के अंत में खिलाड़ियों और दर्शकों ने खेलभावना की सराहना की और ऐसे आयोजनों को आपसी भाईचारे को मजबूत करने वाला बताया।



# अनुकूल ठाकुर जी के सत्संग में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। शहर के खाकी बाबा चौक स्थित डाक बंगला परिसर में प्रसिद्ध आध्यात्मिक संत अनुकूल ठाकुर जी के भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भजन-कीर्तन, प्रवचन और गुरु वचनों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। सत्संग को संबोधित करते हुए ऋतिक दादा जी ने कहा कि मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य सेवा, सत्य और सदाचार के पथ पर चलना है। उन्होंने प्रेम, करुणा और आपसी भाईचारे को समाज की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में आध्यात्मिक चेतना ही समाज को सही दिशा दे सकती है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से नशा, हिंसा और भटकाव से दूर रहकर शिक्षा, संस्कार और नैतिक मूल्यों को अपनाने की अपील की।

प्रवचनों के दौरान सामाजिक कुरीतियों पर भी प्रकाश डाला गया और लोगों से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट रहने का आह्वान किया गया। श्रद्धालुओं ने गुरुजी के संदेशों को गंभीरता से सुना और उन्हें जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर अनंत बाजार में सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन समिति ने सफल आयोजन के लिए नवल प्रसाद, सुरेश प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद सहित सभी सहयोगकर्ताओं और श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। सत्संग के माध्यम से क्षेत्र में सकारात्मक सोच और आध्यात्मिक जागरूकता का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला।





# पीड़ित प्रतिकर स्कीम पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देश के आलोक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन में तथा धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा रविवार को नरहट प्रखंड के शेखपुरा पंचायत भवन परिसर, नवादा में पीड़ित प्रतिकर स्कीम पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमेश्वर प्रसाद सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, नवादा ने बताया कि बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम एक सरकारी योजना है, जिसे दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357-ए के तहत भारत सरकार के निर्देश पर वर्ष 2014 में लागू किया गया था। यह योजना एसिड अटैक, दुष्कर्म एवं अन्य गंभीर अपराधों के पीड़ितों को आर्थिक सहायता एवं पुनर्वास प्रदान करती है। इस सहायता में इलाज, शिक्षा तथा आय सृजन के लिए सहयोग शामिल है। उक्त प्रतिकर का भुगतान जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से किया जाता है। इस अवसर पर प्रखंड के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारीगण, जिले के अन्य गणमान्य व्यक्ति, उमेश्वर प्रसाद सिंह, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, नवादा तथा पारा विधिक स्वयंसेवक निरंजन कुमार उपस्थित थे।

# रफ्तार पकड़ रहा जदयू का सदस्यता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सदर विधायक विभा देवी के नेतृत्व में जनता दल (यूनाइटेड ) का सदस्यता अभियान रफ्तार पकड़ने लगा है। नारदीगंज प्रखंड के बाद रविवार को नवादा प्रखंड जदयू कार्यकर्ताओं की बैठक रफ्तार विधायक के कार्यालय परिसर में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष नवल चौहान ने की जबकि जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का स्वागत किया । विधायक विभा देवी ने स्वयं मेजबानी करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि जिस तरह से चुनाव में आपलोगों ने निष्ठापूर्ण भागीदारी निभाई है उसी तरह सदस्यता अभियान को भी गंभीरता से लेते हुए सफल बनाना है । उन्होंने सदस्यता अभियान के महत्व को निर्देशित करते हुए कहा कि नवादा के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी हम सबों को उठानी है लिहाजा हम सबको मुख्यमंत्री के आदर्शो और सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी है। जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि प्रत्येक सक्रिय कार्यकर्ता ही पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर जनसेवा का वास्तविक भागीदार बन सकते हैं । उन्होंने दोहराया कि जिले में तीन लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसे पूरा करने की जिम्मेदारी हम सबकी है । पार्टी के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी ने कहा कि जिस तरह हम सबने माननीय विधायक को भारी मतों से जिताया है उसी तरह अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए सदस्यता के निर्धारित लक्ष्य को भी पूरा करेंगे। मौके पर अरुण सिन्हा अनिल चंद्रवंशी, शशि कुमार शेष , सुरेश कुशवाहा, जयलाल अदरखी, नारायण यादव, देवनन्दन यादव, सुरेन्द्र यादव, अजय यादव, देवकी मांझी, राजेंद्र यादव, नवल कुमार समेत सभी 15 पंचायत के सैकड़ों सक्रिय नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।



# शौचालय, मूत्रालय व यात्री शेड निर्माण करने के उद्देश्य से हुआ स्थलीय निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज, नवादा**। बीडीओ सोनिया ढनढनिया ने शनिवार को नारदीगंज चौक पर पइन के समीप सार्वजनिक शौचालय, मूत्रालय व यात्रिशेड निर्माण करने के उद्देश्य से स्थलीय निरीक्षण की। निरीक्षण के उपरांत बीडीओ ने कहा उक्त स्थान पर सार्वजनिक शौचालय व यात्रिशेड निर्माण के लिए जिला में प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके लिए सीओ के द्वारा एनओसी मिलने के बाद सार्वजनिक शौचालय, मूत्रालय व यात्रिशेड का निर्माण कार्य शुरु किया जाएगा। उन्होंने कहा यहां पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण के बाद एक कमिटी का गठन किया जाएगा। ताकि शौचालय, मूत्रालय का रख रखाव,साफ सफाई की व्यवस्था सही तरीके से हो सके। लोगों को परेशानी नहीं हो। यहां पर निर्माण होना जनहित के अति आवश्यक है। इस दौरान स्थानीय वुद्धिजीवियों, समाजसेवियों समेत लोगों ने कहा इस स्थान पर सार्वजनिक शौचालय, मूत्रालय के साथ यात्रिशेड होना नितांत आवश्यक है। महिलाओं के साथ अन्य लोगों को शौचालय, मूत्रालय,यात्रिशेड के अभाव में भटकना पड़ता है। उक्त स्थान पर अस्थायी बस स्टैंड भी है। नारदीगंज बाजार के अलावा सुदूर इलाके के लोग गंतव्य स्थान जाने के बस पकड़ने के आते हैं। प्रखंड मुख्यालय होने के कारण कामकाज हेतु, बाजार में समान खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। यह बाजार बुद्ध सर्किट मार्ग पर है। आये दिन पर्यटक वाहन का भी आवागमन होता है। बहुत बड़ी आबादी है। जमाने बीत गए हैं।लेकिन आज तक यहां पर सार्वजनिक शौचालय, मूत्रालय, व यात्रिशेड का निर्माण नहीं हो पाया है। जो चिंता का विषय है। बीडीओ ने मामले को गंभीरता से सुनने के बाद लोगों को आश्वासन दिलाया कि इसके लिए जिला में प्रस्ताव भेजा जाएगा। कहा कि सीओ के द्वारा एनओसी मिलते ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इधर, बीडीओ के द्वारा स्थल निरीक्षण के बाद सार्वजनिक शौचालय, मूत्रालय व यात्रिशेड निर्माण के उम्मीद लोगों में जगी है। वही सीओ के माध्यम से एनओसी के लिए टकटकी लगाए हुए हैं।



# पंचायतों में शिविर लगाकर ई-केवाईसी और किसान पहचान संख्या बनाने का कार्य शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**वजीरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत स्थित किसान भवन में शिविर लगाकर ई-केवाईसी और किसान पहचान संख्या बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। यह अभियान विगत कई दिनों से लगातार चल रहा है। ताकि अधिक से अधिक किसान योजना से जुड़ सकें और किसी प्रकार की तकनीकी या दस्तावेजी बाधा न रहे। प्रभारी कृषि पदाधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है जिससे पात्र किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि निर्बाध रूप से मिल सके। शिविरों में किसानों का ई-केवाईसी कराने के साथ-साथ किसान पहचान संख्या तैयार की जा रही है जो योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह कार्य ऑनलाइन माध्यम से कृषि विभाग और अंचल कर्मियों के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर में उपस्थित किसान सलाहकार किसानों को आवश्यक जानकारी दे रहे हैं और दस्तावेजों की जांच कर प्रक्रिया को सरल बना रहे हैं। वहीं अंचल कर्मी तकनीकी सहायता प्रदान कर रहे हैं। ताकि पंजीकरण में किसी प्रकार की परेशानी न हो। शिविर के दौरान प्रभारी कृषि पदाधिकारी योगेश कुमार के साथ किसान सलाहकार अरुण कुमार, अंचल कर्मी श्याम कुमार वर्मा, आदर्श सिन्हा और वार्ड सदस्य सुबोध पाल सहित कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी किसानों से शिविर में पहुंचकर ई-केवाईसी और किसान पहचान संख्या बनवाने की अपील की। स्थानीय किसानों ने पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जाने से संतोष व्यक्त किया और कहा कि इससे उन्हें प्रखंड या जिला कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। प्रशासन का यह प्रयास किसानों के हित में सराहनीय बताया जा रहा है।

# पीसीएसओ ने गया जंक्शन का सुरक्षात्मक जायजा लिया

## ठंड और कोहरे में सुरक्षित रेल परिचालन पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी दीपक कुमार झा ने गया-पटना सेक्शन का विंडो निरीक्षण किया और गया जंक्शन का विस्तृत सुरक्षात्मक जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेल ट्रैक, सिग्नल प्रणाली, स्टेशन परिसर तथा घने कोहरे के बीच ट्रेनों के परिचालन व्यवस्था की समीक्षा की। विंडो निरीक्षण के बाद गया जंक्शन पहुंचकर उन्होंने स्टेशन पर ट्रेनों के संरक्षित और सुरक्षित संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में दीपक कुमार झा ने संबंधित रेल अधिकारियों और कर्मचारियों को ठंड और घने कोहरे के बीच ट्रेनों का नियमित परिचालन सुचारू बनाए रखने के साथ-साथ संरक्षा और सुरक्षा से जुड़ी विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड द्वारा सुरक्षा के प्रति लगातार विशेष प्रयास किए जा रहे हैं जिससे कठिन परिस्थितियों में भी ट्रेनों का समुचित परिचालन सुनिश्चित हो पा रहा है। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि सतर्कता और निरंतर प्रयासों के कारण रेल दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। यदि सभी कर्मचारी सुरक्षा और संरक्षा के प्रति सक्रिय रहकर कार्य करें तो दुर्घटनाओं को शून्य तक लाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे को और अधिक सशक्त एवं सुरक्षित बनाने के लिए स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली, पूर्ण ट्रैक सर्किटिंग और केंद्रीकृत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग तकनीकी प्रणाली को चरणबद्ध रूप से लगाया जा रहा है। इस अवसर पर वरीय मंडल संरक्षा अधिकारी संतोष कुमार, मंडल परिचालन प्रबंधक पीके सिंह, मंडल इलेक्ट्रॉनिक विद्युत इंजीनियर (परिचालन) अमन कुमार और संरक्षा सलाहकार ओमप्रकाश मानव उपस्थित रहे। गया जंक्शन के निरीक्षण के बाद दीपक कुमार झा ने धनबाद रेल मंडल के टोरी-गढ़वा रोड सेक्शन में तीसरी नवनिर्मित रेल लाइन पर ट्रायल संपन्न कराया। नवनिर्मित रेल ट्रैक पर मालगाड़ी का सफल परिचालन कराकर ट्रैक को दुरुस्त बताया गया।

# मनरेगा के नामकरण के विरोध में कांग्रेस का धरना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मंडप परिसर में रविवार को कांग्रेस कमिटी ने मनरेगा योजना के नामकरण के विरोध में एक दिवसीय धरना दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने योजना का नाम बदले जाने के खिलाफ अनशन करते हुए चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की। प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सतीश सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार देश की ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम बदलकर उनकी मूल भावना को समाप्त करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना का नाम बदलना गरीबों और मजदूरों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ है जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी हालत में स्वीकार नहीं करेगी। धरना-प्रदर्शन में रामाकांत सिंह, तपेश्वर पुरी, मिथलेश शर्मा, शमशेर खां, अनिल पांडेय, दिनेश यादव, मो. फारूख, शिवकुमार यादव सहित कई अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपना निर्णय वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त कार्रवाई में विदेशी शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** आरपीएफ गया और जीआरपी गया द्वारा संयुक्त रूप से गया स्टेशन और स्टेशन परिसर में आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में रात लगभग 23.00 बजे गया स्टेशन के दक्षिण छोर गुमटी संख्या 01, किलोमीटर संख्या 470/14-16 के पास एकांत स्थान पर दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में चहलकदमी करते हुए दिखाई दिए। संदेह होने पर बल सदस्यों की सहायता से दोनों व्यक्तियों को घेरकर पकड़ लिया गया। जांच के दौरान दोनों के पास चार बड़े झोले और पांच पिट्ठू बैग भरे हुए अवस्था में पाए गए। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्तियों ने अपना नाम विकास कुमार उम्र 25 वर्ष, पिता राजू चौधरी, निवासी वार्ड संख्या 02, छोटकी डेल्हा, थाना डेल्हा, जिला-गया तथा अजय कुमार उम्र 24 वर्ष, पिता स्वर्गीय सुरेन्द्र पासवान, निवासी वार्ड संख्या 18, दुल्हीनगंज लेन बाटा मोड़, थाना कोतवाली, जिला-गया बताया जब उनके कब्जे में मिले झोले और बैग के संबंध में पूछताछ की गई तो दोनों ने बताया कि इनमें शराब है जिसे वे उत्तर प्रदेश से लेकर आए हैं। इसके बाद मौके पर विधिवत कार्रवाई करते हुए झोले और बैग की तलाशी ली गई जिसमें विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब कुल 161.670 लीटर बरामद की गई। बरामद शराब को जब्त कर लिया गया और दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों को जीआरपी थाना गया लाया गया। वहां इस घटना के संबंध में सहायक उप निरीक्षक पवन कुमार द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के साथ जब्त शराब और गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया गया। आरपीएफ और जीआरपी की इस संयुक्त कार्रवाई से स्टेशन परिसर में अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

# सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, गया रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज।** गया-राजगीर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 82 पर मंझवे-सीतामढ़ी मोड़ के पास रविवार की संध्या एक सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि एक बाइक वजीरगंज की ओर आ रही थी, इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक हाइवा ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक हाइवा के नीचे फंस गई और लगभग बीस फीट तक घसीटती चली गई। इस हादसे में बाइक सवार लटौर निवासी कारू कुमार और तुंगी बेलदारी निवासी राजू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को वजीरगंज अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एएनएमसीएच गया रेफर कर दिया। घटना के बाद कुछ समय के लिए सड़क पर अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही।

### दो पक्षों में मारपीट, प्राथमिकी

**शेरघाटी (नबिटा सं.)।** शहर के लोहार टोली मुहल्ला में बिजली पोल गाड़ने को लेकर हुए विवाद में मारपीट में तब्दील हो गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने शेरघाटी थाना में एक-दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत दी जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# सिमुआरा पैक्स कार्यालय सह जमा वृद्धि योजना केंद्र में चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** थाना क्षेत्र के सिमुआरा पैक्स कार्यालय सह जमा वृद्धि योजना केंद्र में रात्रि अज्ञात चोरों ने निशाना बना चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने खोजी कुत्ते को भी बुला जांच की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पैक्स अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि रविवार को पैक्स कार्यालय के ताला टूटे होने की जानकारी मिली जिसके बाद जांच पड़ताल की गई तो कई सामान गायब मिले। घटना की सूचना तत्काल टिकारी थाना की पुलिस को दी गई। मौके पर दल-बल के साथ पहुंचे टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने मामले की जांच की। पैक्स अध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि कार्यालय के विभिन्न जगहों पर लगे आठ ताला को चोरों ने तोड़ दिया व घटना को अंजाम दिया। प्रथम दृष्टया कार्यालय से पांच स्प्रे मशीन, पॉस मशीन, डीवीआर, रजिस्टर गायब मिले। पैक्स कार्यालय में संचालित जमा वृद्धि योजना केंद्र के लिए रखा गया तिजोरी बन्द था जिसे पूरे दिन नहीं खोला जा सका। तिजोरी में रखे नगदी के मिलान के बाद ही चोरी की पूरी जानकारी मिल सकेगी। टिकारी एसएचओ चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि घटना में संलिप्त चोरों की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही चोरी की घटना का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# राजस्व मंत्री के आदेश की उड़ रही धज्जियां, आमस अंचलाधिकारी पर उठे सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** राजस्व मंत्री सह उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा जारी निर्देशों की आमस अंचल कार्यालय में खुलेआम अनदेखी किए जाने का मामला सामने आया है। उपमुख्यमंत्री ने बिहार के सभी अंचल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया था कि प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार आयोजित कर आम लोगों की भूमि संबंधी समस्याओं की सुनवाई की जाए, लेकिन आमस अंचल अधिकारी अरसद मदनी पर आरोप है कि वे मंत्री के आदेश को दरकिनार करते हुए लगातार शनिवार को अंचल कार्यालय से अनुपस्थित रहते हैं। इससे प्रखंड क्षेत्र के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और अंचल अधिकारी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने शनिवार को दोपहर 1 बजे कहा कि भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, परिमार्जन समेत कई मामलों के समाधान के लिए वे शनिवार को अंचल कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन अधिकारी के नहीं रहने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। इस संबंध में जब अंचल अधिकारी अरसद मदनी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शनिवार को जिलाधिकारी के साथ बैठक में शामिल होने के कारण जनता दरबार आयोजित नहीं किया जा सका। हालांकि सवाल यह उठ रहा है कि यदि मंत्री स्तर से दिए गए निर्देशों का नियमित रूप से पालन नहीं हो रहा है तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है।

# भाजपा गया विधानसभा की संगठनात्मक बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया।** भारतीय जनता पार्टी, गया विधानसभा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक गया जिला में एनडीए सरकार के गठन के उपरांत उत्साहपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी रणनीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर हर्ष व्यक्त किया गया तथा इसे राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना और गौरव का प्रतीक बताया गया। साथ ही केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'जी राम जी योजना' के सफलतापूर्वक लागू होने पर भी नेताओं द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि इस योजना के लागू होने से देश के एक बड़े वर्ग को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी और समावेशी विकास को गति प्राप्त होगी। बैठक में विभिन्न संगठनात्मक मुद्दों पर गहन चर्चा की गई तथा आगामी समय में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु भविष्य की रणनीतियों पर सर्वसम्मति बनी। सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। बैठक का समापन संगठन को और मजबूत बनाने, जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता देने तथा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने के संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा गया जिलाध्यक्ष विजय मांझी, जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, सुनील कुमार सिन्हा, निकिता रजक, जिला मंत्री नीरज निश्चल उर्फ मुनी लाल, मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, हरि यादव, सूरज राणा, राजेश मस्तान, गुंजन मिश्रा, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ऋषि लोहानी, युवा मोर्चा के महामंत्री सागर सचदेवा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# एएसपी शैलेंद्र सिंह को दी गयी विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना परिसर में रविवार को एएसपी शैलेन्द्र सिंह को सादे एवं भावनात्मक माहौल में विदाई दी गई। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह में शेरघाटी सर्किल इंस्पेक्टर नेयाज अहमद, शेरघाटी थानाध्यक्ष मोहन कुमार, आमस थानाध्यक्ष धनंजय कुमार, बांकेबाजार थानाध्यक्ष मंटू कुमार, रौशनगंज थानाध्यक्ष अनु राजा, गुरुआ थानाध्यक्ष मनेश कुमार सहित विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। विदाई के दौरान एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि शेरघाटी में यह उनकी पहली पोस्टिंग थी जो कई मायनों में चुनौतीपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि बिहार में शराबबंदी को प्रभावी ढंग से लागू करना और आम जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास कायम करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहा। इस दिशा में पुलिस टीम के सहयोग से कई अहम कदम उठाए गए जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। उन्होंने यह भी कहा कि शेरघाटी क्षेत्र की जनता ने हमेशा पुलिस प्रशासन का सहयोग किया जिसके कारण कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आसानी हुई। उन्होंने अपने सहयोगी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टीमवर्क के बिना किसी भी चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करना संभव नहीं है। मौके पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों ने एएसपी शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में अपराध नियंत्रण, शराबबंदी के पालन और पुलिसिंग की छवि सुधारने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुए। अंत में सभी ने उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**खिजरसराय।** कर्म मेरा सेवा सहयोग एकता मंच एवं जय प्रकाश सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रकाश मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, गया जी द्वारा नगर पंचायत खिजरसराय स्थित कार्यालय परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ डॉ जेपी सिंह, जितेन्द्र कुमार पुष्प, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमीर कुमार यादव, संजीत कुमार दिवाकर, संदीप कुमार, गिरीश तिवारी, सत्यजीत चन्द्र सैनिक, जितेन्द्र कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमीर कुमार यादव द्वारा डॉ. जेपी सिंह को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं अन्य सभी चिकित्सकों को भी उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया जिसकी चिकित्सकों एवं उपस्थित लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जे.पी. सिंह एवं अन्य चिकित्सकों ने 'कर्म मेरा सेवा सहयोग एकता मंच' के उद्देश्य एवं सामाजिक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन कर रहे जितेन्द्र कुमार पुष्प ने कहा कि वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सह कर्म मेरा सेवा सहयोग एकता मंच के नीमचक बथानी अनुमण्डल प्रभारी विवेक कुमार के नेतृत्व में लगातार सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विवेक कुमार स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता एवं जरूरतमंदों की सहायता को लेकर निरंतर सक्रिय रहते हैं और आम जनता की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने में सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। जितेन्द्र कुमार पुष्प ने कहा कि विवेक कुमार के प्रयास से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, गरीब एवं असहाय लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना तथा गरीबों को कम्बल वितरण जैसे जनहित से जुड़े कार्यक्रमों का सफल आयोजन संभव हो पा रहा है।

# आरोपित गिरफ्तार, गया जेल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी टुनटुन यादव को गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी बेदौली गांव में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। रविवार को अभियुक्त न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोंच पुलिस को यह सफलता मिली। थाना प्रभारी सुदेह कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बेदौली गांव में दबिश दी। पुलिस को सूचना मिली थी कि टुनटुन यादव अपने घर के आसपास देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और घेराबंदी कर धर दबोचा। गिरफ्तारी के लिए सब-इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार को पुलिस बल के साथ भेजा गया था।

# शौच के दौरान विवाद में मारपीट, सात नामजद पर प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव में मारपीट की घटना को लेकर रविवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित उपेंद्र राम के आवेदन पर कांड संख्या 7/26 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित के अनुसार विगत दिनों शाम करीब 7 बजे वह शौच के लिए हाथ में पानी की बोतल लेकर खेत की ओर जा रहे थे। उसी दौरान गांव के कुछ लोग एक बच्चे को खदेड़कर मारपीट कर रहे थे जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना में घायल उपेंद्र राम को कोंच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां से लौटने के बाद उन्होंने थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। इस मामले में विनय यादव, भीम यादव, हरे राम साव, नरेश साव, चंद्र प्रकाश साव, अभिषेक कुमार एवं अंकज कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# प्रयाग नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** गांधीवादी विचारक, चिंतक, धर्म सुधारक एवं प्रख्यात समाजसेवी स्वर्गीय प्रयाग नारायण सिंह की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 13 जनवरी (मंगलवार) को मां तारा नगरी, केसपा ग्राम स्थित ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्मृति समारोह सह निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्व. प्रयाग नारायण सिंह का जीवन समाजसेवा, नैतिक मूल्यों एवं गांधीवादी विचारधारा को समर्पित रहा। उन्होंने केसपा ग्राम में श्री धरणीधर +2 विद्यालय की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन के उपरांत विद्यालय परिसर में उनकी स्मृति में कॉमन रूम का निर्माण कराया गया जो आज भी विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है। धार्मिक कुरीतियों के विरुद्ध उन्होंने सशक्त पहल करते हुए ग्रामीणों के सहयोग से लोक आस्था के महाकेंद्र मां तारा देवी मंदिर में वर्षों से चली आ रही बलि प्रथा को समाप्त कराने में ऐतिहासिक योगदान दिया। पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में शहर के कई प्रख्यात चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इनमें डॉ. नंद किशोर नवल, डॉ. सरोज सिंह, चिकित्सा प्रभारी डॉ. विश्वमूर्ति मिश्रा, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. अपराजिता, डॉ. कृतिका अग्रवाल, डॉ. अनुराग कुमार, डॉ. बी. डी. शर्मा, डॉ. गोपाल कृष्ण, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. आनंद राज, डॉ. अमित नारायण रघु एवं डॉ. रिचा कुमारी शामिल हैं। आयोजक हिमांशु शेखर ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने एवं समाजसेवी प्रयाग नारायण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

# पुलिस-पब्लिक मैत्री क्रिकेट मैच में पुलिस टीम ने जीती ट्रॉफी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**डोभी/गयाजी।** रविवार को डोभी प्रखंड अंतर्गत बाड़ीकेवाल खेल मैदान में पुलिस और पब्लिक के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में पुलिस की संयुक्त टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पब्लिक की टीम को 35 रनों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इस आयोजन का उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच आपसी सौहार्द, विश्वास और मित्रता को मजबूत करना रहा। मैच का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता संतोष लाला यादव एवं संतोष कुमार के सहयोग से किया गया। पुलिस टीम की ओर से बहेरा थाना, डोभी थाना तथा बीबीपेशरा स्थित एसएसबी कैंप के जवानों ने हिस्सा लिया जबकि पब्लिक टीम में स्थानीय युवकों ने दमखम दिखाया। सुबह से ही इस मुकाबले को देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण मैदान में पहुंच गए जिससे माहौल उत्सव जैसा बन गया। मैच की शुरुआत टॉस से हुई जिसमें पब्लिक टीम के कप्तान महेंद्र कुमार ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पुलिस टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 109 रन बनाए और पूरी टीम ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पब्लिक टीम पुलिस गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 12 ओवर में मात्र 74 रन पर ऑलआउट हो गई। मैच के समापन पर विजेता और उपविजेता टीम को शेरघाटी सर्किल इंस्पेक्टर नेयाज अहमद, डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार एवं बहेरा थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने ट्रॉफी प्रदान की।

संपादकीय

# दुनिया में हिंदी का विस्तृत हो रहा आकाश

ज्ञान और भाषा का बड़ा गहरा रिश्ता है. महान चिंतक भर्तृहरि की मानें तो भाषा के आलोक में ही दुनिया दिखती है : सर्वं शब्देन भासते. भारत भाषाओं की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है जहां एक हजार से अधिक भाषाएं विद्यमान हैं. हिंदी भारत के लोक जीवन में व्याप्त रही और देश के स्वतंत्रता संग्राम में उसकी अखिल भारतीय भागीदारी ने उसे राष्ट्रभाषा बना दिया. जनता से जुड़ने के प्रयास में हिंदी भारत में चतुर्दिक गूंजी.

सहज संपर्क के लिए हिंदी स्वाभाविक माध्यम बनी. महाराष्ट्र हो या बंगाल, कश्मीर हो या गुजरात,पंजाब हो या दक्षिण भारत- हर कहीं हिंदी को अंगीकार किया गया. अंग्रेज सरकार ने सरकारी तंत्र और शिक्षा में अंग्रेजी वर्चस्व स्थापित किया जिसके अवशेष अभी भी विद्यमान हैं.

हिंदी की अंतरराष्ट्रीय छवि को तब विशेष बल मिला जब 10 जनवरी 1975 को नागपुर में विश्व हिंदी सम्मेलन का पहली बार आयोजन हुआ. इस ऐतिहासिक पहल की स्मृति में 2006 से 'विश्व हिंदी दिवस' मनाया जा रहा है. हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में बढ़ावा देने के संकल्प के साथ यह आयोजन शुरू हुआ था और तब से बारह ऐसे सम्मेलन भारत और अन्य देशों में हो चुके हैं.

मॉरिशस में एक विश्व हिंदी सचिवालय तथा वर्धा में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय बना है. अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संबंध परिषद अनेक देशों में हिंदी के अध्ययन-अध्यापन के लिए प्राध्यापकों को उपलब्ध कराती है. हिंदी के वैश्विक प्रचार-प्रसार के अनेक प्रयास हो रहे हैं. 12 वां विश्व हिंदी सम्मेलन फिजी में हुआ था.

ऐसे सम्मेलनों से न केवल हिंदी को वैश्विक मंच मिला है बल्कि विश्व में अन्यत्र रहने वाले हिंदीभाषियों के बीच संबंधों को सुदृढ़ करने में भी मदद मिली है. आज हिंदी भाषा संयुक्त राष्ट्र में गैरआधिकारिक भाषाओं की सूची में सम्मिलित है. विश्व में अंग्रेजी और मंडारिन (चीनी) भाषाओं के बाद इसी का स्थान आता है. प्रवासी समुदाय में हिंदी प्रचलित है, उसका उच्च कोटि का साहित्य है और अनुमानतः 60 करोड़ से अधिक लोग इसे बोलते हैं. हिंदी के प्रति जागरूकता और प्रचार-प्रसार का कार्य प्रगति पर है. इस वर्ष विश्व हिंदी दिवस पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक के विकास पर केंद्रित है. आज इसे कोडिंग से लेकर डिजिटल प्लेटफार्म पर उपयोग के लिए आसान बनने का प्रयास हो रहा है. मशीन अनुवाद में बड़ी सफलता मिल रही है.

कृत्रिम मेधा ( एआई ) के सहयोग से अपार संभावनाएं उभर रही हैं जिससे हिंदी को बड़ा आकाश मिल सकेगा. उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र में अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पेनिश, चीनी, अरबी और रूसी आधिकारिक भाषाएं हैं. स्मरणीय है कि संयुक्त राष्ट्र में हिंदी की गूंज 4 अक्तूबर 1977 को विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के भाषण द्वारा हुई थी परंतु अभी तक वह आधिकारिक भाषा की सूची में नहीं आ सकी है.

स्मृति और भाषा के बीच जैसे बड़ा गहरा रिश्ता है उसी तरह स्मृति हमारी अपनी पहचान से भी जुड़ी हुई है. विश्व के अनेक देशों में फैले भारतीय मूल के लोगों का हिंदी से लगाव और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में रुचि इसकी पुष्टि करती है. विदेशों के कई विश्वविद्यालय हिंदी के अध्यापन और अनुसंधान में लगे हुए हैं. हिंदीभाषी जन-समुदाय के संख्या बल को देखते हुए एक बड़े बाजार का अवसर भी दिखता है और हिंदी के प्रसार को बल मिलता है.

## विश्व हिन्दी दिवस पर विशेष

# संस्कृत नहीं, हिंग्लिश होगी सन् 2047 में विकसित भारत की जनभाषा !



हरेन्द्र प्रताप

आजकल संस्कृत और संस्कृति चर्चा में हैं और देवनागरी लापता हो रही है। विश्व हिन्दी दिवस का आज उत्साह अवश्य है लेकिन देवनागरी लिपि को बचाने और बढ़ाने का प्रयास कहीं नहीं है। विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर भारत में महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक पिछले कई दिनों से कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विदेश में म्यांमार से लेकर मारिशस तक में हिन्दी का गुणगान आज विशेष रूप से किया जा रहा है। आज ही के दिन दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला भी आरंभ हो चुका है। मेला में विदेशी भागीदारी भी हो रही है और इस बार कतर तथा स्पेन आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। इसमें भी हिन्दी दिखाई दे रही है। हां, सब कुछ अधिक औपचारिक और वास्तविक सच्चाई को झूठलाता प्रतीत हो रहा है। मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान भारतीय नेताओं की ख्याति के अनुरूप आज दो घंटे विलम्ब से पहुंचे। जाहिर है कि ठंड, प्रदूषण और सियासी कोहरे का असर इस मौसम में दिल्ली में कुछ ज्यादा ही रहता है। इसलिए माननीय मंत्री जी भी मेले में कुछ परेशान दिखे। उद्घाटन के अवसर पर दिखाई गई राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की लघु सरकारी फिल्म में लेखक शशि थरूर अधिक चमकते दिखाई दिए। धर्मेन्द्र प्रधान जी ने अपना लिखित भाषण एक सांस में पढ़ दिया। स्पेन और कतर के माननीय अतिथियों ने संक्षिप्त भाषण दिया। पुस्तकों के माध्यम से भारतीय सेना के तीनों अंगों की साहसिक प्रस्तुति इस मेले में सबसे आकर्षक नवाचार है।

दिल्ली के प्रगति मैदान में आज का दिन वैसे तो विश्व पुस्तक मेला के नाम था लेकिन आकर्षण का केंद्र बने भारत के सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ! उन्हें सुनने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी और वे हिन्दी में अपेक्षाकृत अधिक सारगर्भित एवं सामयिक भाषण दे रहे थे। वे भारत मंडपम में स्वामी विवेकानंद की स्मृति में आयोजित एक अलग कार्यक्रम को गर्मजोशी से संबोधित कर रहे थे। धर्मेन्द्र प्रधान के विलंब से आने का पूरा लाभ अजीत डोभाल के कार्यक्रम को मिला !

सवाल है कि विश्व हिन्दी दिवस पर संस्कृत और संस्कृति की स्मृति अचानक क्यों हुई ?

दरअसल अभी कुछ दिन पहले कुछेक मुस्लिम भाई यह चिंता प्रकट कर रहे थे कि भारत में संस्कृत को राष्ट्र भाषा या राजभाषा बनाने की अफवाह गर्म है। यह आश्चर्यजनक अफवाह है ! सच तो यह है कि भारत में संपूर्ण देवनागरी लिपि ही खतरे में है। सरकार, नागरिक और सोशल मीडिया तीनों मिलकर हिन्दी और विशेषकर देवनागरी लिपि को लगातार खतरा पहुंचा रहे हैं। गौर से देखने पर विश्व पुस्तक मेला भी इसी सच को उद्घाटित करता प्रतीत हो रहा है। हंस प्रकाशन के स्टॉल पर पहले ही दिन जब ग़ज़लकार मृत्युंजय गोविन्द की नई-नवेली पुस्तक ÷ पत्थरों का शहर ÷ दिखाई पड़ी और उनके कुछेक प्रशंसकों ने व्हाट्सएप पर उन्हें बधाई भेजने का प्रयास किया तो व्हाट्सएप ने अंग्रेजी के कांग्रेचुलेशन की तर्ज़ पर हिन्दी के शब्द बधाई के लिए कोई डिजिटल उपहार या इमोजी स्वतः प्रस्तुत नहीं किया ! विदेशी सोशल मीडिया का यह दोहरा व्यवहार हिन्दी के प्रयोग को हतोत्साहित करता है। व्हाट्सएप ने यह भी ध्यान नहीं रखा कि आज विश्व हिन्दी दिवस है !

विश्व हिन्दी दिवस पर हिन्दी वालों, हिन्दुस्तानियों और विदेश में रह रहे तमाम हिन्दी प्रेमियों को विशेष रूप से सबसे पहले आज यह चिंतन करना चाहिए कि हम हिन्दी को बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं या इसकी लिपि को इसकी विदाई के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं और हिंग्लिश के विकसित होने का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं ! विश्व हिन्दी दिवस और विश्व पुस्तक मेला का आयोजन यदि इसी तरह होता रहा और हम अपने देश में भारतीय भाषाओं की आपसी खींचतान तथा कवि गोष्ठियों में ही उलझे रहे तो सन् 2047 में संस्कृत नहीं, हिंग्लिश भारत की जनभाषा के रूप में राज करती नजर आएगी और आने वाले कल में हिन्दी की स्थिति बीते कल की संस्कृत जैसी हो जाएगी जो सिर्फ पूजा - पाठ और काव्य - कथा की भाषा बनकर यदा - कदा प्रयोग में सुनाई देगी। और, इसका नुकसान सिर्फ अकेले हिन्दी की देवनागरी लिपि को नहीं होगा बल्कि उन सभी भारतीय भाषाओं को होगा जो देवनागरी लिपि में प्रयोग में लाई जाती हैं।

यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि हिन्दी से अधिक खतरा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की एक अन्य प्रमुख भारतीय भाषा उर्दू को है। इसलिए सभी हिन्दुस्तानियों को भारतीय भाषाओं और भारतीय संस्कृति को सहेजने और उसे नया विस्तार देने का प्रयास मिल कर करना चाहिए और अफवाहों से सचेत रहना चाहिए।

संस्कृति भी इन दिनों खतरे में है और सिर्फ नुमाइशी बनती जा रही है। विश्व पुस्तक मेला भी इसकी गवाही दे रहा है। पुस्तक संस्कृति विलुप्त हो रही है और विभिन्न अपसंस्कृतियों के कारनामों के बीच मुफ्तखोरी की संस्कृति बेहिसाब बढ़ती जा रही है। फ्री बस में बैठ कर फ्री टिकट वाले मेले में पहुंच कर भी यदि हम पुस्तक सहित अन्य चीजों को फ्री में लेने के लिए उमड़ पड़ें तो यह देश, संस्कृति और हिन्दी के लिए कहीं से भी लाभकारी नहीं है। मेले में पहले ही दिन फ्री में कई दिलचस्प नजारे देखने को मिले। उद्घाटन मंच से मेहमानों के जाते ही उनके बचे - खुचे मेवों को लेने के लिए अनेक लोग मंच पर चढ़ गये। जब दिल्ली का यह हाल है तो बाकी जगह क्या हो रहा होगा !

संस्कृति के मामले में इसी मेले में हमें मेहमान भागीदार कतर और स्पेन तथा अन्य देशों से सीखना चाहिए। वे अपनी भाषा और संस्कृति के प्रति हमसे अधिक संवेदनशील और सतर्क हैं। क्यों ? इसका उत्तर आप इस मेले में और विश्व हिन्दी दिवस के अब तक के आयोजनों में ढूंढ सकते हैं।

# ईरान सुलग रहा है, सत्ता कांप रही है...

नीरज कुमार दुबे

ईरान इस समय उबाल पर है। जो विरोध महंगाई, बेरोजगारी और बदहाल अर्थव्यवस्था के खिलाफ शुरू हुआ था वह अब सीधे इस्लामी सत्ता व्यवस्था को उखाड़ फेंकने की चुनौती बन चुका है। लगातार बारह दिनों से सड़कों पर उतर रही जनता अब केवल नारे नहीं लगा रही बल्कि सत्ता के प्रतीकों को जलाकर यह साफ संदेश दे रही है कि डर की दीवार टूट चुकी है। सरकारी इमारतें, पुलिस चौकियां और प्रशासनिक वाहन जनता के गुस्से का निशाना बन रहे हैं। यह केवल प्रदर्शन नहीं है, यह व्यवस्था के खिलाफ खुला विद्रोह है।

तेहरान से लेकर मशहद, इस्फहान और दर्जनों छोटे शहरों तक हालात एक जैसे हैं। सड़कों पर युवा हैं, महिलाएं हैं, मजदूर हैं और अब मध्यम वर्ग भी खुलकर सामने आ चुका है। नारे अब रोटी कपड़ा और नौकरी तक सीमित नहीं रहे। सीधे सर्वोच्च नेता और पूरी इस्लामी व्यवस्था को ललकारा जा रहा है। सत्ता के खिलाफ इस तरह की खुली बगावत ईरान के इतिहास में बहुत कम देखी गई है।

हालांकि ईरान सरकार का जवाब भी उतना ही सख्त और बेरहम है। इंटरनेट बंद, मोबाइल सेवाएं ठप, सुरक्षा बलों को खुली छूट और गिरफ्तारियों का अंधाधुंध दौर चल रहा है। दर्जनों मौतें हो चुकी हैं और हजारों लोग जेलों में ठूंस दिए गए हैं। सत्ता यह दिखाना चाहती है कि वह अब भी मजबूत है, लेकिन हकीकत यह है कि डर के बल पर चलने वाली किसी भी व्यवस्था का अंत हमेशा हिंसक होता है।

हम आपको यह भी बता दें कि इन हालात के बीच रेजा पहलवी का नाम फिर से उभर रहा है। वह ईरान के आखिरी शाह के बेटे हैं और खुद को देश का वैध क्राउन प्रिंस मानते हैं। हम आपको याद दिला दें कि 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद उनका परिवार देश छोड़ने पर मजबूर हुआ था। तब से वह निर्वासन में हैं और खुद को लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष ईरान का चेहरा बताने की कोशिश कर रहे हैं। रेजा पहलवी खुले तौर पर मौजूदा सत्ता को अवैध बताते हैं और सेना तथा जनता से अपील कर रहे हैं कि वह इस्लामी नेतृत्व का साथ छोड़ दें। उनके समर्थक उन्हें ईरान के लिए एक वैकल्पिक नेतृत्व के रूप में पेश कर रहे हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह सिर्फ भावनात्मक अपील है या वाकई सत्ता परिवर्तन का कोई ठोस खाका है। सवाल यह भी है कि क्या ईरान में तख्तापलट होने वाला है? देखा जाये तो यह सवाल इस समय हर विश्लेषण का केंद्र बना हुआ है। मगर सच्चाई यह है कि ईरान में हालात गंभीर जरूर हैं लेकिन तख्तापलट के लिए संगठित नेतृत्व, सेना का समर्थन और सत्ता संरचना के भीतर दरार जरूरी होती है। फिलहाल जो दिख रहा है वह जनता का गुस्सा है, लेकिन वह गुस्सा बिखरा हुआ है। कोई एक केंद्रीकृत नेतृत्व नहीं है जो सत्ता संभालने की स्थिति में हो। रेजा पहलवी की लोकप्रियता सोशल मीडिया और प्रवासी ईरानियों में जरूर है, लेकिन देश के भीतर उनके पास न तो संगठन है और न ही जमीन पर नियंत्रण। ईरान की सुरक्षा व्यवस्था बेहद मजबूत और वैचारिक रूप से कट्टर है। रिवोल्यूशनरी गार्ड केवल सेना नहीं बल्कि सत्ता की भी रीढ़ हैं। जब तक इस ढांचे में टूट नहीं होती तब तक तख्तापलट की बात करना जल्दबाजी होगी। जहां तक यह सवाल है कि क्या राजशाही की वापसी संभव है तो आपको बता दें कि राजशाही की वापसी एक और भावनात्मक कल्पना है। आज का ईरान 1979 वाला ईरान नहीं है। चार दशक की इस्लामी सत्ता ने समाज की संरचना बदल दी है। नई पीढ़ी स्वतंत्रता चाहती है लेकिन जरूरी नहीं कि वह किसी शाह को फिर से गद्दी पर बैठाना चाहती हो। रेजा पहलवी खुद भी खुलकर यह नहीं कहते कि वे राजा बनेंगे। वह सत्ता को जनता के हवाले करने और जनमत संग्रह की बात करते हैं। इसका मतलब साफ है कि राजशाही की वापसी फिलहाल एक नारा भर है, हकीकत नहीं। ईरान संकट का सामरिक प्रभाव देखें तो इसमें कोई दो राय नहीं कि ईरान पूरे पश्चिम एशिया की धुरी है। यहां अस्थिरता का मतलब है तेल बाजार में उथल पुथल, खाड़ी क्षेत्र में तनाव और कई देशों में प्रॉक्सी संघर्ष का तेज होना।

अध्यात्म

# किसी इंसान को कपड़ों और धन-संपत्ति के आधार पर न परखें

अहमदी तुर्कीस्तान के एक दार्शनिक थे। उनकी बातें बहुत गहरी हुआ करती थीं। जब भी कोई उनसे सवाल पूछता, वे निर्भिक होकर जवाब देते थे। उस समय तैमूरलंग गुलामों को पकड़कर उनका सौदा करता था, जब गुलामों का सौदा होता तो वह भी उस जगह उपस्थित रहता था।

उसको शौक था एक से एक गुलाम पालने का। ऐसे ही एक बार जब उसने गुलामों की नीलामी लगवाई तो इत्तेफाक से उन गुलामों में अहमदी भी पकड़ में आ गए।

तैमूरलंग अहमदी को पहचानता था। उसने अहमदी से कहा, 'तुम्हारे पास दो गुलाम और खड़े हैं। तुम बड़े बुद्धिमान माने जाते हो। लोगों ने मुझे तुम्हारे बारे में बहुत कुछ बताया है। तुम एक दार्शनिक हो तो जरा ये बताओ कि इन दोनों गुलामों की क्या कीमत तय करनी चाहिए?'

अहमदी बोले, 'इन दोनों को देखकर मुझे लगता है कि ये बहुत ईमानदार, समझदार और खूब मेहनत करने वाले हैं। इन दोनों की कीमत चार-चार हजार अशर्फियां तो मान ही लेनी चाहिए।'

तैमूर को अहमदी की बात ठीक लगी तो वो बोला, 'चलो ठीक है, गुलामों की कीमत तो तुमने बता दी है। अब हमारी कीमत बताओ।'

तैमूर को लग रहा था कि ये मेरी कुछ ऐसी कीमत बताएगा, जो मैं आगे तक बताऊंगा। अहमदी ने कहा, 'आप पूछ रहे हैं तो बता रहा हूं, आपकी कीमत दो अशर्फियां है।'

ये सुनकर तैमूर को गुस्सा आ गया, उसने कहा, 'क्या तुम जानते हो, जो चादर मैंने ओढ़ रखी है, उसकी कीमत दो अशर्फियां हैं।'

अहमदी बोले, 'मैंने आपकी कीमत ये चादर देखकर ही लगाई है। आप जैसा व्यक्ति जो इंसानियत का दुश्मन हो, उसकी और क्या कीमत हो सकती है।'

तैमूर को गुस्सा तो बहुत आया, लेकिन अहमदी की बहादुरी देखकर उन्हें मुक्त कर दिया।

### सीख

किसी व्यक्ति को परखते समय उसके कपड़े और धन-संपत्ति पर ध्यान न दें। किसी को परखने के लिए व्यक्ति के कर्मों पर और स्वभाव पर ध्यान देना चाहिए।

# कुछ बातें भूल जाइए, कुछ लोगों को माफ कर दीजिए

**घृणा होने पर समझाया जाए कि जीवन बहुत छोटा और पानी का बुलबुला मात्र है। मनुष्य इस छोटी-सी बात को नहीं समझ पा रहा कि सहयोग, सत्कार, प्रेम और आपस में समन्वय स्थापित करने में ही जीवन का आनंद छिपा है। छोटे से इस जीवन की अवधि का अधिकांश हिस्सा अगर परस्पर घृणा करने, लड़ाई लड़ने, हानि पहुंचाने, दूसरों को परेशान करके खुद भी परेशान होने में बिता दिया तो फिर जीवन कब जी पाएंगे? समस्या ये है कि व्यक्ति समाज से, प्रकृति से, साहित्य से कट-सा गया है और मोबाइल की आभासी दुनिया में बेवजह व्यस्त है। इस कारण व्यक्ति मानो अंदर से सूख गया है और यही घृणा और द्वेष का कारण है। क्षमादान से, उत्तम स्वाध्याय से तथा छोटी बातों पर अधिक ध्यान न देकर मन के जहर को निकाला जा सकता है। यही जीने का सलीका है।**

डॉ गौरव बिस्सा

कुछ समय पहले सोशल मीडिया वेबसाइट देखते हुए नफरत से भरे संदेशों को देखकर किसी का भी मन परेशान हो सकता है। ऐसे संदेश के भीतर का मनोविज्ञान समझने पर ऐसा लगता है कि आज के दौर में मनुष्य के मन में घृणा और कट्टरता हावी हो चली है। क्या इतनी घृणा या असहिष्णुता चिंता की बात नहीं? किसी व्यक्ति, समाज या समुदाय के प्रति इस स्तर की कट्टरता या द्वेष रखने पर क्या व्यक्ति मनुष्य कहलाने का अधिकारी रह जाता है? सर्वोच्च शिक्षित व्यक्ति के मन में भी अगर इतनी नफरत है, तो समझा जा सकता है कि अल्पशिक्षित व्यक्ति किस स्तर की कट्टरता और घृणा अपने मन में लेकर बैठा हो सकता है? हालांकि कई बार अनपढ़ माने जाने वाले लोग ही मानवता और संवेदना बचाते देखे गए हैं। ऐसा लगता है कि शैक्षणिक स्तर तो बढ़ रहा है, लेकिन मनुष्यता का स्तर गिरता प्रतीत होता है। ये कैसी शिक्षा है जो व्यक्ति को व्यवहारिकता के निम्नतम स्तर की तरफ लेकर जा रही है?

सोशल मीडिया, इंटरनेट, अनेक नेटवर्किंग वेबसाइट का उद्देश्य लोगों को जोड़ना, उनमें स्नेह का भाव बढ़ाना, अप्रत्यक्ष रूप से उनके बीच स्नेहमयी व्यवहार में वृद्धि करना होना चाहिए था, लेकिन आज के दौर में इसके उलट हो रहा है। सोशल मीडिया पर तस्वीरें डालना तो युद्ध जैसा हो गया है। व्यक्ति दूसरे को नीचा दिखाने के उद्देश्य से मानो यह कहने को तत्पर है कि वह दूसरों से श्रेष्ठ, धनवान और कहीं अधिक सामर्थ्यवान है। यह मनोविकृति का द्योतक है, जिसमें व्यक्ति को दूसरों को नीचा या कमतर दिखाकर खुशी मिल रही है। ऐसा लगने लगा है कि मनुष्य शब्दों और चित्रों का उपयोग सिर्फ शाब्दिक या दृश्य हिंसा करने के लिए करने लगा है। यह स्थिति विस्फोटक है।

अगर व्यक्ति अपने अहंकार या सोशल मीडिया पर जहर बुझे शब्दों के चलते सभी से रिश्ते तोड़ता चला जाएगा तो फिर जुड़ा किससे रह सकेगा? कहीं यह आने वाले समय में एकाकी समाज की दस्तक तो नहीं, जिसमें व्यक्ति अपने आप में एकदम तन्हा और अकेला रह जाए?

अगर मन में घृणा या असहिष्णुता आ भी जाए, तो व्यक्ति को क्षमा करने का भाव विकसित करना चाहिए। उसे असहिष्णु नहीं बनना चाहिए। असहिष्णु या घृणा भाव से भरा व्यक्ति अक्सर यह मानता है कि अगर वह किसी को माफ नहीं करेगा, तो सामने वाले को कष्ट होगा। सच इसके उलट है। जब व्यक्ति द्वेष और घृणा के कारण किसी को क्षमा नहीं करता और शाब्दिक विष वमन करता रहता है, तो असली कष्ट उसी को होता है। किसी को क्षमा न करके या दुर्वचन से व्यक्ति उस घटना के दुख या नकारात्मकता को अपने अंदर भर लेता है। ऐसा करना व्यक्ति को कमजोर और निराश बनाता है।

इसलिए क्षमा करना और बात को भुलाना सीखना उचित है। किसी को क्षमा करने का यह अर्थ नहीं कि व्यक्ति सामने वाले पर कृपा या दया



कर रहा है। वास्तविक बात यह है कि किसी को क्षमा करके व्यक्ति खुद नकारात्मकता और पीड़ा के भार से मुक्त होता है। क्षमा खुद के भले के लिए की जाती है, न कि सामने वाले के भले के लिए। इसलिए भूलना सीखना चाहिए।

अगर घृणा मिट नहीं रही हो, तो पत्र लेखन करना चाहिए। पत्र में बताना चाहिए कि मूल कष्ट क्या है। वह कष्ट क्यों हुआ और सोशल मीडिया पर शाब्दिक हिंसा का क्या कारण था। यह लिखकर सामने वाले को क्षमा कर देना उचित है। पत्र सामने वाले पक्ष को दिया जाना या नष्ट करना व्यक्ति के अधिकार क्षेत्र में है, लेकिन इसका लेखन मन के गुबार और द्वेष को निकाल देता है। मन का गुबार निकलने पर क्षमा करना आसान हो जाता है।

क्षमा करने का भाव विकसित करने के लिए व्यक्ति को उन लोगों की सूची बनानी चाहिए, जिनसे शिकायत है। यह लिखना चाहिए कि किस आदत के चलते क्षमा करना मुश्किल हो रहा है। अधिकांश मामलों में शिकायत से बड़ा होता है व्यक्ति का अहंकार और सूची देखते ही व्यक्ति समझ जाता है कि उसने अपने अहं के चलते अधिकतर बंधुओं से संबंध बिगाड़ लिए हैं। इसके बाद रिश्तों के निर्माण के लिए व्यक्ति फिर विचार करने लगता है।

ईर्ष्यालु व्यक्ति को दूसरों की खुशी, श्राप या खुले घाव की तरह पीड़ादायक लगती है। उसे सहन ही नहीं होता कि कोई उससे आगे बढ़े। जब कोई आगे बढ़ता है तो ईर्ष्यालु व्यक्ति के मस्तिष्क का जहर गर्म हो जाता है और उसे षड्यंत्र सूझने लगते हैं। ऐसे में इनसे बचाव का एक ही तरीका है कि ईर्ष्या पैदा ही न होने दी जाए।

घृणा होने पर समझाया जाए कि जीवन बहुत छोटा और पानी का बुलबुला मात्र है। मनुष्य इस छोटी-सी बात को नहीं समझ पा रहा कि सहयोग, सत्कार, प्रेम और आपस में समन्वय स्थापित करने में ही जीवन का आनंद छिपा है। छोटे से इस जीवन की अवधि का अधिकांश हिस्सा अगर परस्पर घृणा करने, लड़ाई लड़ने, हानि पहुंचाने, दूसरों को परेशान करके खुद भी परेशान होने में बिता दिया तो फिर जीवन कब जी पाएंगे?

समस्या ये है कि व्यक्ति समाज से, प्रकृति से, साहित्य से कट-सा गया है और मोबाइल की आभासी दुनिया में बेवजह व्यस्त है। इस कारण व्यक्ति मानो अंदर से सूख गया है और यही घृणा और द्वेष का कारण है। क्षमादान से, उत्तम स्वाध्याय से तथा छोटी बातों पर अधिक ध्यान न देकर मन के जहर को निकाला जा सकता है। यही जीने का सलीका है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा।

**वृषभ**
व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। धन के लेन-देन से आपको लाभ मिलेगा। आप लोगों की अपेक्षाओं को पूरा भी करेंगे।

**मिथुन**
नया काम शुरू करने के लिये दिन शुभ नहीं है। कार्यक्षेत्र में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपका रुझान कम हो सकता है।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिजनों के साथ घूमने जा सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा।

**सिंह**
नया व्यवसाय शुरू करने के लिये दिन शुभ है। मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच परोपकारी के रूप में निर्मित हो रही है।

**कन्या**
लापरवाही के कारण काम की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना माँगे किसी को सलाह देने से अपमान हो सकता है।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आपको नयी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेमी जन के साथ सम्वादहीनता के कारण बात बिगड़ सकती है। बच्चों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**वृश्चिक**
पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ने की सम्भावना बन रही है। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी।

**धनु**
कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशंसा करेंगे। आप किसी पुरानी समस्या का हल खोज पायेंगे। आज आप अत्यन्त ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**मकर**
किसी बड़े कार्य को लेकर फाइनेन्स की समस्या हल होगी। धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकते हैं। उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन अत्यन्त शुभ है।

**कुंभ**
विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें।

**मीन**
काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आयेंगी। अनुसन्धान सम्बन्धी प्रकल्पों में सफलता मिल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### फसलों की गुणवत्ता और संरक्षण हेतु कार्यशाला

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जैव प्रोद्यौगिकी विभाग, भारत सरकार और स्थानीय स्वयंसेवी संस्थान तरूसखा के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डा. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, समस्तीपुर, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, क्षेत्रिय कृषि अनुसंधान केन्द, पटना से आए कृषि वैज्ञानिकों ने कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे नवीनतम अनुसंधानों, फसलों कि गुणवत्ता और संरक्षण हेतु अपनायी जानेवाली नवीनतम कार्यविधियों तथा आर्थिक रूप से लाभप्रद गैरपरम्परागत कृषि प्रणाली के महत्व एवं मौजुदा संदर्भ में इसके उपयोगिता पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में डा. विनीता, डा. रमन, डा. मनोज गुप्ता, डा. सुश्री मनीषा सहित स्थानीय छात्र, शिक्षकगण सहित अन्य लोग मौजुद थे।

### 35 हजार की अवैध निकासी, शिकायत दर्ज

**मनेर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को मनेर गांधी मैदान के समीप एसबीआई एटीम से पैसा निकासी करने पहुंचे पूर्व सैनिक का एटीएम बदलकर साइबर अपराधी ने कई बार में 35000 रुपए की निकासी कर ली। इस मामले में पूर्व सैनिक में मनेर थाना में पहुंचकर लिखित शिकायत करते हुए पुलिस से गुहार लगाया है। इस मामले में पुलिस जांच कर आगे कार्रवाई में जुटी हुई है। बताया जाता है कि बिहटा थाना क्षेत्र के कटेसर गांव के रहने वाले पूर्व सैनिक के दशरथ प्रसाद सिंह रविवार की दोपहर को मनेर स्थित गांधी मैदान के पास स्टेट बैंक के एटीएम में पैसा निकासी करने के लिए आए हुए थे। इस बीच उन्होंने एटीएम से ₹5000 की निकासी कर एटीएम को निकलना भूल गए। एटीएम के अंदर मौजूद एक शख्स ने उन्हें कहा कि अपने एटीएम कैंसिल नहीं किया है। इस बीच उक्त ठग ने मेरा एटीएम बदल दिया। अपना एटीएम कार्ड लेकर वापस घर आ गए। कुछ देर के बाद पता लगा कि उनके खाते से साइबर ठग व्यक्ति ने ₹35000 की अवैध निकासी कर ली गई। इसके बाद पीड़ित पूर्व सैनिक ने थाने में पहुंचकर लिखित शिकायत करते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### भदौर थाना परिसर में चौकीदार परेड का आयोजन

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत भदौर थाना परिसर में चौकीदार परेड का आयोजन किया गया। परेड के दौरान थाना प्रभारी द्वारा सभी चौकीदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आगामी पर्व-त्योहारों को ध्यान में रखते हुए चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने, सतत सूचना संकलन करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत थाना को देने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी पर पूर्ण रूप से रोक लगाने को लेकर सख्त हिदायत दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने में चौकीदारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सक्रिय एवं सतर्क रहने की अपील की।

### भीषण सड़क हादसा के पीछे शराब बन सकती है वजह

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के अथमल गोला थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव के पास शनिवार की रात्रि एक कंटेनर जो बेगूसराय से पटना जा रही थी। उसका अचानक पिछला चक्का ब्लास्ट कर जाता है। इसके बाद कंटेनर सड़क किनारे अचानक खड़ी हो जाती है तभी एक स्कॉर्पियो और एक क्रेटा गाड़ी अचानक कंटेनर से टकरा जाती है। घटना के कुछ देर बाद पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर गैस कटर से मृतक और घायल को बाहर निकलता है और पुलिस सड़क से हटकर गाड़ी को साइड कर देता है। सुबह जब घटना का जायजा लिया गया तो गाड़ी के अंदर महंगे शराब बोतल का डब्बा देखने को मिला सवाल उठता है कि शराबबंदी के दौरान भी लोग शराब का सेवन किए होंगे और बेलगाम गति से गाड़ी चलाने के चलते इस तरह की घटना घटित हुई होगी पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ श्रीकृष्ण सिंह फाउंडेशन द्वारा विशवेशवारैया नगर में मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमे कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, सदस्य विहार विधानपरिषद सह जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार, पूर्व विधायक अजय कुमार सिंह, चेयरमैन बिहार बार कौंसिल रमाकांत शर्मा, हम महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ स्मिता शर्मा, डॉ हरिहर दीक्षित, डॉ रीदू कुमार शर्मा, डॉ मृत्युंजय, डॉ सुनील, डॉ शिवेन्द्र,एवं सैकड़ो शहर के सम्मानित लोग बिहार के



प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्रीकृष्णा सिंह जी चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, विधान परिषद सह जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार, पूर्व विधायक अजय कुमार सिंह, बिहार बार कौंसिल के चैयरमैन रमाकांत शर्मा, हम महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ स्मिता शर्मा, डॉ हरिहर दीक्षित, डॉ रीदू कुमार शर्मा, डॉ मृत्युंजय, डॉ सुनील, डॉ शिवेन्द्र समेत शहर के सम्मानित लोग बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्रीकृष्णा सिंह जी चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया. मौके पर शिवाजी चौधरी समेत गणमान्य लोग मौजूद थे.

### भाकपा माले ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए किया प्रदर्शन

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सर्राफा व्यवसाई के साथ लूट के दौरान गोली मारने के मामले के अभियुक्तों की गिरफ्तारी 72 घंटे के बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर भाकपा माले जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी मनेर बाजार पर से प्रदर्शन करते हुए काजी तालाब,अस्पताल,चौराहा,काजी मुहल्ला,सराय मुहल्ला होते पूरे नगर का भ्रमण करते हुए डाकघर के पास नुक्कड़ सभा के रूप में समाप्त हुआ। माले के प्रदर्शकारी में संजय सोनी के साथ लूट व गोली मारने की घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की



मांग के साथ ही सरार्फा व्यवसाइयों की सुरक्षा की गारंटी की आवाज बुलंद की। माले वक्ताओं ने कहा कि सूबे में अपराध चरम पर है सरकार सिर्फ गरीब मजबूरों को बुलडोजर चलाकर उनके घर उजाड़ रही है। आज सूखा नशा के कारण अपराधियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। मौके पर कामरेड सुधीर कुमार, बिनोद यादव,रामकुमार राय,बसन्ती गुप्ता,उमेश सिंह, धर्मवीर, सन्नी कुमार,रामजतन पंडित,मुकेश कुमार गौतम,प्रमोद कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

### 7वां सद्भावना कप संपन्न

**क्रिकेट में जेन जी11 विजेता, खो-खो में खिलखिलाहट रेनबो होम चैंपियन**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित 7वां सद्भावना कप 11 जनवरी 2026 को पटना के सदीसोपुर प्राथमिक विद्यालय के पास सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. टूर्नामेंट में क्रिकेट और खो-खो की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. क्रिकेट का फाइनल मुकाबला जेन जी 11 और मिल्कीपुर लाइब्रेरी के बीच खेला गया, जिसमें जेन` कने मिल्कीपुर लाइब्रेरी को 8 विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम किया. खो-खो का फाइनल मुकाबला खिलखिलाहट रेनबो होम और घरौंदा रेनबो होम के बीच हुआ, जिसमें खिलखिलाहट रेनबो होम ने 10 अंकों से जीत दर्ज की. क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने भाग लिया. खो-खो प्रतियोगिता में 4 टीमों ने हिस्सा लिया. खो-खो टूर्नामेंट महिला खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया था. पैनाठी, मिल्कीपुर, बेला और नदवां गांवों की टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया. NYEF और रेनबो होम की ओर से टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए टीमें भेजी गई. समापन समारोह में करीब 200 लोग मौजूद रहे. पुरस्कार वितरण वर्ल्ड बीइंग इंडिया से बिनोद कुमार और रेनबो होम से अनवर द्वारा किया गया. आयोजन को सफल बनाने में जहीब अजमल, अभिजीत कुमार, मोहम्मद अनस, उदय प्रताप सिंह और आमिर अब्बास की भूमिका रही. सहयोगी संगठनों डेमोक्रेटिक चरखा और बेस सोसाइटी ने भी सहयोग किया.







# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में कैट शो का आयोजन, 48 बिल्लियों ने लिया भाग









**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में निदेशालय प्रसार शिक्षा द्वारा शनिवार को कैट शो का सफल आयोजन किया गया, जिसमें कुल 48 बिल्लियों ने अपने पेरेंट्स के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न नस्लों की बिल्लियों को प्रदर्शित किया गया तथा उनके स्वास्थ्य, व्यवहार एवं वैज्ञानिक प्रबंधन से संबंधित जानकारियां साझा की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैद्यनाथ यादव, परामर्शी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार ने कहा कि पशुओं के प्रति लोगों का प्रेम लगातार बढ़ रहा है और अब लोग स्ट्रे एनिमल्स को अपनाने के प्रति भी जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्लपशु पालने से मानव शरीर पर सकारात्मक फिजियोलॉजिकल प्रभाव पड़ता है, जिससे व्यक्ति और उनका परिवार अधिक खुश रहता है। यदि आप पशु पाल रहे हैं, तो आप एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।ह्व बिल्लियों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत में बिल्लियों के प्रति लोगों का लगाव आदि काल से चला आ रहा है और लोगों को लोकल ब्रीड्स अपनाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सह निदेशक, प्रसार शिक्षा डॉ. निर्मल सिंह दहिया ने कहा कि यदि आप बिल्ली या अन्य पालतू पशु पालते हैं तो आपका हैप्पीनेस इंडेक्स बढ़ता है और ये पशु लोगों को फील गुड फैक्टर प्रदान करते हैं। आयोजन सचिव डॉ. मो. मोईन अंसारी ने कहा कि बिल्ली मनुष्य को संवेदनशीलता के साथ रहना सिखाती है और जिस घर में पालतू पशु होते हैं, वहां खुशियां अधिक होती हैं। सह-आयोजन सचिव डॉ. रविकांत निराला ने बताया कि बिल्लियों के शरीर में विशेष ग्रंथियां (ग्लैंड्स) होती हैं, जिनसे ऐसे हार्मोन निकलते हैं जो उन्हें चमकदार और स्वच्छ रखते हैं, इसलिए उनसे घृणा करने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बिल्लियों के सेंस ऑर्गन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भविष्य की घटनाओं को भांपने की उनकी क्षमता काफी अधिक होती है। कार्यक्रम के दौरान 'द कैटः हेल्थकेयर एंड साइंटिफिक मैनेजमेंट' विषय पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया गया, जो बिल्लियों पर आधारित अपने प्रकार की पहली वैज्ञानिक पुस्तक है। यह पुस्तक कुलपति द्वारा फॉरवर्ड की गई है तथा इसका संपादन डॉ. निर्मल सिंह दहिया, डॉ. मो. मोईन अंसारी, डॉ. रियाज सिद्दीकी, डॉ. रविकांत निराला, डॉ. अनिल और डॉ. श्रेया तिवारी द्वारा किया गया है। कैट शो में पर्शियन, इटालियन, जर्मन, पंचमुखी, हिमालयन, बॉम्बे, फेरेट तथा इंडियन कंट्री ब्रीड श्रेणियों की बिल्लियों ने भाग लिया।

**विजेताओं की सूचीः**

पर्शियन बिल्ली (मेल) प्रथम पुरस्कारः डॉ. सिराज अहमद (ऑस्कर)

पर्शियन बिल्ली (फीमेल) प्रथम पुरस्कारः सुश्री इरम फातिमा (जारा)

नॉन-डिस्क्रिप्ट बिल्ली (मेल) प्रथम पुरस्कारः सुश्री अर्चना (किट्टी)

इंडियन हिमालयन बिल्ली : प्रथम पुरस्कारः सुश्री आलिया (परी)

बॉम्बे बिल्लीः प्रथम पुरस्कारः सुश्री आलिया (जोया)

ओवरऑल चैंपियन- पर्शियन (फीमेल) वर्ग

कार्यक्रम में डॉ. एस.पी. शर्मा, सेवानिवृत, प्रोफेसर और हेड, वेटरनरी सर्जरी, बिहार वेटरनरी कॉलेज और डॉ. संजीव कुमार, सेकंड-इन-कमांड, 9 एन.डी.आर.एफ, बिहटा, पटना ने निर्णायक की भूमिका निभाई. इस अवसर पर डॉ. उमेश सिंह, डॉ. राजेश, डॉ.शाहदेव डे, डॉ. रेयाज, डॉ. सुधा, डॉ. सविता, डॉ. आनंदिता श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में पशुप्रेमी, छात्र एवं आम नागरिक उपस्थित रहे और आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया।

## बाढ़ पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में अपराधी से मुठभेड़

# धर्मवीर हत्याकांड के आरोपित को पुलिस ने मारी गोली, पटना रेफर





**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बाढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरा गांव से हरौली गांव जाने रास्ते के पास बाढ़ पुलिस की संयुक्त टीम और अपराधियों के बीच रविवार की अहले सुबह मुठभेड़ हो गई, जिसमें धर्मवीर पासवान हत्याकांड में संलिप्त एक अपराधी घायल पुलिस को आता देख ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में आत्मरक्षा के लिए पुलिस को भी गोली चलानी पड़ी। पुलिस ने धर्मवीर के पांव में गोली मार कर उसे अपने कब्जे में लेते हुए गिरफ्तार कर लिया और जल्दबाजी में उसे बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाढ़-1 आनंद कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और घटनास्थल से एक देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस एवं दो मिस फायर कारतूस बरामद किया बरामद किया । शाम को ऋछ की टीम को पटना से बुलाकर घटनास्थल का जांच करवाया और बरामद हथियार अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण एसपी भी मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वांछित अपराधी प्रहलाद कुमार धर्मपुर गांव के पास देखा गया है। सूचना के आधार पर अथमलगोला थाना, बाढ़ थाना पुलिस एवं एसटीएफ की संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही अपराधी ने पुलिस टीम पर दो राउंड फायरिंग की। इसके बाद पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में अपराधी के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि प्रहलाद कुमार पर पहले से ही आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

# धूप से मिली थोड़ी राहत, लेकिन कड़ाके की ठंड बरकरार

**पटना में कक्षा 5 तक की पढ़ाई 13 जनवरी तक बंद**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना में रविवार को लगातार दूसरे दिन कई घंटों तक तेज धूप निकली, जिससे लोगों को ठंड से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन सुबह, शाम और रात के समय कड़ाके की ठंड का असर पूरी तरह बरकरार रहा. दिन में धूप निकलने के बाद लोगों ने जरूरी काम निपटाए और धूप का आनंद लिया, हालांकि दोपहर बाद ठंडी हवाओं ने फिर से पूरे वातावरण को ठंडा कर दिया. मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले कई दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा. धूप निकलने के बावजूद सुबह और रात के समय भीषण ठंड और कोहरे की स्थिति जारी रहेगी. पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क रहा. दरभंगा और वाल्मीकिनगर में भीषण शीत दिवस दर्ज किया गया, जबकि अररिया, मोतिहारी, नालंदा, वैशाली और मुंगेर में शीत दिवस की स्थिति रही. राज्य में अधिकतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस से 23.3 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया. सबसे अधिक तापमान औरंगाबाद में 23.3 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम वाल्मीकिनगर में 14.2 डिग्री सेल्सियस रहा. न्यूनतम तापमान सबौर (भागलपुर) में 4.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. भागलपुर में न्यूनतम दृश्यता 30 मीटर तक रही. भीषण ठंड और घने कोहरे को देखते हुए पटना जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाया है. जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम के आदेश पर पटना जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और प्री-स्कूलों में नर्सरी से कक्षा 5 तक की पढ़ाई 13 जनवरी 2026 तक पूरी तरह बंद रहेगी. यह आदेश सोमवार से प्रभावी होगा. आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कक्षा 6 और उससे ऊपर की पढ़ाई सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित की जा सकेगी.

## 6 महीने से लापता मां-बेटा, अजमेर पहुंचे या नहीं बना रहस्य

**फुलवारी शरीफ में मजदूर पति दर-दर भटक कर कर रहा तलाश.**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत ईसापुर रिहान नगर फेडरल कॉलोनी से छह महीने पहले अजमेर शरीफ के लिए निकली महिला और उसका नाबालिग बेटा आज तक वापस नहीं लौटे हैं. महिला के पति कमाल अंसारी पत्नी और बेटे की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं और लोगों को उनका फोटो दिखाकर जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं. पीड़ित पति कमाल अंसारी ने फुलवारी शरीफ थाना में आवेदन देकर बताया है कि उसकी पत्नी बानो खातून अपने 11 वर्षीय बेटे के साथ करीब छह महीने पहले फुलवारी शरीफ से अजमेर शरीफ के लिए निकली थी, लेकिन इसके बाद उनका कोई पता नहीं चल सका. न तो वह अजमेर पहुंचने की पुष्टि हो पाई और न ही किसी अन्य स्थान पर होने की कोई ठोस जानकारी मिली. कमाल अंसारी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है. उसने पुलिस को दिए आवेदन में स्वीकार किया है कि वह नशे का आदी था और पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था.

# जन वितरण दुकानदारों को मजबूरी में ग्राहकों को कम अनाज देने की मजबूरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के जन वितरण व्यवस्था में व्याप्त अराजकता और गड़बड़ी का मुख्य कारण सरकारी व्यवस्था है नाम नहीं छापने के नाम पर एक जन वितरण दुकानदार ने बताया कि सरकार ने जन वितरण संवेदक को दुकान तक अनाज पहुंचने की जिम्मेदारी सौंप है लेकिन ऐसा नहीं होता है। हालत यह है की बाढ़ के बाजार समिति स्थित जन वितरण गोदाम को एचएफसी से अनाज आता है और बिना माप तौल के ट्रक से ट्रैक्टर पर लाद दिया जाता है। /42 से 45 किलो वाली अनाज के पैकेट को 50 के एवरेज पर भेज दिया जाता है। यदि कोई दुकानदार अनाज कम होने को लेकर वजन करवाता है तो उसे धर्म कांटा पर ₹80 खुद के पॉकेट से देना पड़ता है। साथ ही दुकान के पास अनाज को उतार दिया जाता है और ट्रैक्टर से दुकान तक अनाज पहुंचने के लिए प्रति पैकेट का भाड़ा दुकानदार को ही देना पड़ता है। जबकि संवेदक को देना है जिसके चलते मजबूरी में दुकानदार प्रति 5 किलो यूनिट पर आधा किलो अनाज की चोरी करना उसकी मजबूरी है। यह सभी बातों की जानकारी मार्केटिंग ऑफिसर को है लेकिन गोदाम मैनेजर संवेदक और मार्केटिंग ऑफिसर सभी इस गोरख धंधा में मिले हुए हैं। आवाज उठाने पर दुकानदारों के साथ भेदभाव किया जाता है। इतना ही नहीं उसे खराब अनाज देकर परेशान किया जाता है। कुछ दिन पूर्व एक कड़क अनुमंडल पदाधिकारी जब तक बाढ़ में पदस्थापित रहे तब तक यह गोरख धंधा बंद था लेकिन उनके जाने के साथ ही फिर से वही खेल शुरू हो गया जिसके चलते जन वितरण दुकानदारों को काफी परेशानी होने लगी है। वहीं ग्राहक इस प्रति यूनिट आधा किलो अनाज कम पर इसकी शिकायत मार्केटिंग ऑफिसर से करते हैं। जिस दुकानदार का शिकायत मार्केटिंग ऑफिसर से होता है तो समझ लीजिए उसके कमाई का एक हिस्सा स्पष्टीकरण के जवाब को निरस्त करने में लग जाता है। जिसको लेकर दुकानदार काफी तनाव में रहते हैं। मामले पर जब गोदाम मैनेजर से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने खुद को नया-नया प्रभार लेने की बात कही है और मामले पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया।

# नुक्कड़ नाटक 'सफल ज़िंदगी' से सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच ने दिया संघर्ष और आत्मबल का संदेश

फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच की साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक श्रृंखला के तहत महेश चौधरी द्वारा लिखित और मिथिलेश कुमार पांडे के निर्देशन में नाटक 'सफल ज़िंदगी' का प्रभावशाली मंचन वाल्मी, फुलवारी शरीफ में किया गया. नाटक की शुरूआत करण कुमार द्वारा स्वरबद्ध प्रेरणादायक गीत'कड़ी मेहनत से बहुतों की तकदीर बदली है, मेहनत करके तो देखो यारो, तुम्हारी भी तस्वीर बदल जाएगी. से हुई, जिसने दर्शकों में उत्साह और ऊर्जा भर दी. नाटक की कथा एक ऐसे युवक के जीवन पर आधारित रही, जो लगातार असफलताओं और कठिन परिस्थितियों से निराश होकर जीवन से हार मानने लगता है. हर कदम पर आने वाली बाधाएं उसे तोड़ देती हैं. इसी दौरान उसका एक मित्र महात्मा गांधी के विचारों का हवाला देते हुए उसे समझाता है कि कष्ट और संघर्ष ही जीवन के सबसे बड़े शिक्षक होते हैं और बिना परिश्रम के सफलता संभव नहीं है. मित्र की प्रेरणादायक बातों से युवक को नया संबल मिलता है और वह आत्मविश्वास तथा दृढ़ संकल्प के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ता है. निरंतर मेहनत के बल पर वह अंततः सफल व्यक्ति बनता है और अपने मित्र को धन्यवाद देते हुए स्वीकार करता है कि उसी की सीख ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया. नाटक में महेश चौधरी, मिथिलेश कुमार पांडे, सौरभ राज, प्रतीक कुमार, प्रमोद कुमार, करण कुमार, देव दर्शन, अंजनी कुमार वर्मा और मो. शोएब कुरैशी ने अभिनय किया. सभी कलाकारों ने सशक्त अभिनय से प्रस्तुति को प्रभावी बनाया. कार्यक्रम के माध्यम से सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच ने समाज को यह संदेश दिया कि संघर्ष, धैर्य और निरंतर मेहनत से ही जीवन में सफलता हासिल की जा सकती है. दर्शकों ने नाटक की सराहना करते हुए कलाकारों के अभिनय की प्रशंसा की.



### दानापुर को जिला व मनेर को अनुमंडल बनाने की मांग को लेकर बैठक

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर को जिला और मनेर को अनुमंडल बनाने की मांग को लेकर रविवार को गोला रोड न्यू गोसाई टोला में गैर राजनीतिक संगठन सेवा बिहार ईकाई के बैनर बैठक किया गया है. बैठक की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता पीटी गजेंद्र ने की.श्री गजेंद्र ने कहा कि विभिन्न स्कूलों व कॉलेज में दानापुर के जिला व मनेर को अनुमंडल बनाने के समर्थन में नीतिगत दस्तावेंजों से शिक्षकों व छात्रों को अवगत कराया जाएगा. जिससे दानापुर जिला बनाने का आंदोलन तेज किया जा सकेंगा.श्री गजेंद्र ने कहा कि कि बिहार का सबसे छोटा जिला शेखपुरा है. जिसकी आबादी लगभग 6 लाख है तथा लखीसराय जिला की आबादी 10 लाख ही है, परंतु राज्य सरकार ने शेखपुरा व लखीसराय को जिला बनाया गया है, तो पटना को विभाजित करते हुए दानापुर को जिला तथा मनेर को नया अनुमंडल बनाया की मांग किया है.

# मकर संक्रांति पर सुधा डेयरी का महाप्लान

**36 लाख लीटर दूध, 11 लाख किलो दही, 20 टन तिलकुट और 35 टन पनीर का पुख्ता इंतजाम**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मकर संक्रांति पर्व को लेकर पटना डेयरी प्रोजेक्ट (सुधा) ने इस बार रिकॉर्ड स्तर की तैयारी की है. पर्व के दौरान दूध, दही, पनीर और तिलकुट की संभावित भारी मांग को देखते हुए पूरे बिहार में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं. पटना डेयरी प्रोजेक्ट की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर 36 लाख लीटर दूध और 11 लाख किलोग्राम दही की बिक्री का लक्ष्य तय किया गया है. इसके साथ ही 20,000 किलोग्राम तिलकुट और 35,000 किलोग्राम पनीर की भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है. डेयरी प्रबंधन का दावा है कि इस बार आपूर्ति में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी. पटना डेयरी प्रोजेक्ट के प्रबंध निदेशक रूपेश राज ने बताया कि पर्व के दौरान दूध-दही की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 8 उड़नदस्ता टीमों का गठन किया गया है. ये टीमें पटना शहर के अलावा वैशाली, सारण और नालंदा जिलों में लगातार भ्रमण कर आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करेंगी. पटना शहर में विशेष रूप से मिल्क टैंकरों के माध्यम से भी दूध की बिक्री की जाएगी. टैंकर नंबर 01 से 12 एवं 13 जनवरी 2026 को बोरिंग रोड में सुबह 7 से 10 बजे तक, राजवंशीनगर हनुमान मंदिर के पास सुबह 10:30 से 1:30 बजे तक और जगदेव पथ में दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक टोन्ड मिल्क उपलब्ध रहेगा. वहीं टैंकर नंबर 02 से पीरबहोर थाना क्षेत्र में सुबह 7 से 10 बजे तक, दिनकर गोलंबर में 10:30 से 1:30 बजे तक तथा गायघाट पुल के नीचे दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक दूध की आपूर्ति की जाएगी.

# बीआइटी पटना में मशीन शिक्षण और साइबर-भौतिक प्रणाली पर सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित






**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान पटना परिसर में 5 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक 'सतत उद्यमिता हेतु मशीन शिक्षण और साइबर-भौतिक प्रणाली में नवाचार' विषय पर सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ. यह कार्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी अकादमी के प्रायोजन तथा भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों की तकनीकी और शोध क्षमताओं को मशीन शिक्षण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर-भौतिक प्रणाली, वस्तुओं के अंतरजाल, स्मार्ट स्वचालन और सतत प्रौद्योगिकी आधारित उद्यमिता जैसे उभरते क्षेत्रों में सुदृढ़ करना था. कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ व्याख्यान, तकनीकी सत्र, प्रकरण अध्ययन, संवादात्मक चर्चाएँ और व्यावहारिक विचार-विमर्श आयोजित किए गए, जिनमें नवीन तकनीकी प्रगति और उनके व्यावसायिक एवं सामाजिक उपयोग पर विशेष जोर दिया गया. इस कार्यक्रम में डॉ. राजीव मिश्रा (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना), डॉ. आर. एस. पांडे (बी आई टी, पटना), डॉ. सामंत सौरव (भारतीय प्रबंधन संस्थान, गया) और डॉ. अयान मंडल (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर) ने संसाधन व्यक्तियों के रूप में अपने बहुमूल्य विचार साझा किए. देशभर के विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को संवादात्मक और ज्ञानवर्धक बनाया. उद्घाटन सत्र में डॉ. एम. पी. सिंह (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना) और डॉ. डी. के. मलिक (बी आई टी, पटना) ने अंतर-विषयक शिक्षा, नवाचार और तकनीकी उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डाला. समापन सत्र में प्रो. (डॉ.) नितिन कुमार पुरी (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) ने कार्यक्रम की समीक्षा की और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया.

## संक्षिप्त समाचार

### मार्शल आर्ट में स्वर्ण पदक जीतने वाली सुनीता को विधायक ने किया सम्मानित



**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के बरवा-परसौनी गांव की प्रतिभाशाली खिलाड़ी सुनीता कुमारी ने मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन कि है। उनकी इस उपलब्धि पर रविवार को स्थानीय विधायक समृद्ध वर्मा ने उन्हें सम्मानित व मेडल देकर उत्साहवर्धन किया। सम्मान समारोह के दौरान विधायक समृद्ध वर्मा ने सुनीता को मेडल एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि सुनीता जैसी बेटियां समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत और अनुशासन से उन्होंने यह सफलता हासिल की है। इधर जेडीयू के युवा प्रदेश सचिव खुशबू कानू ने भरोसा दिलाया कि खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

### सीमा क्षेत्र से पांच शराब पियक्कड़ गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमा क्षेत्रों में लगातार शराब पियक्कड़ों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्थानीय थाना प्रभारी ने अपने जवानों के साथ पियक्कड़ों पर कंट्रोल करने के लिए चौक चौराहों पर सघन जांच अभियान चलाकर करीब 5 लोगों को गिरफ्तार किया,5 लोगों के मेडिकल जांच के बाद थाना प्रभारी पप्पु पासवान ने बताया कि बेलदरवा गांव निवासी मोहन प्रसाद के पुत्र नितेश कुमार, इनरवा गांव निवासी लक्ष्मण ठाकुर के पुत्र रामानन्द ठाकुर,रोज महमद राय के पुत्र वसीर मिया,यादव लाल साह के पुत्र रमेश साह,खुशी वंशी नगर ढाका निवासी आलम दीन के पुत्र लाल मोहम्मद मियां को शराब सेवन के आरोप में गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



### मोबाइल स्टोर में चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत स्थित मां सिद्धिदात्री मंदिर चौक के ठीक सामने रौशन मोबाइल रिपेयरिंग दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। रौशन मोबाइल रिपेयरिंग स्टोर के प्रोपराइटर राम जी प्रसाद सोनी ने बताया कि पुलिस के द्वारा सूचना मिली कि दुकान में चोरी की घटना हुई है। जब सभी मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान का करकट उखाड़ चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि दुकान से लगभग 80 हजार रुपए की मोबाइल समेत अन्य सामान चोरी कर ली गई। मौके पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी दुकान में और बगल के दुकान में बीते महीने पहले भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।

### मिठाई दुकान से नगदी समेत अन्य सामानों की चोरी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नरकटियागंज लौरिया मुख्य मार्ग में मठिया चौक स्थित एक मिठाई दुकान में चोरी की घटना घटित हुई है। चोर मिठाई दुकान से नकदी, खाने-पीने का सामान और रसोई गैस आदि चुरा ले गए। मामले में दुकान के संचालक गरीब साह ने शिकारपूर थाने में आवेदन सौपा है। पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि वह शनिवार की रात दुकान बंद कर घर चला गया। रविवार की सुबह में दुकान खोलने आया तो देखा कि दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा है। आलमारी भी टूटा पाया। चोरों ने दुकान से करीब 3300 रुपए नकद, मिठाई और रसोई गैस समेत अन्य आवश्यक सामान चुरा लिए। वही शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है। मामले में अग्रेत्तर करवाई की जा रही है।

### ट्रक से कुचलकर मिलकर्मी की मौत

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के बेलागोला हरिनगर सुगर मिल के मुख्य द्वार के समीप मस्जिद के सड़क पर ट्रक से दबकर एक स्कूटी सवार चीनी मिल के कर्मी की मौत घटनास्थल पर हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से पीएचसी में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सक एम काजीम ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के सिकटा बेलवा गांव निवासी 60 वर्षीय बृजेश यादव के रूप में हुई है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए ट्रक के शीशा को तोड दिए। ट्रक नंबर बीआर 22 जी 7806 है। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। ट्रक हरिनगर सुगर मिल में गन्ना गिराकर चीनी मिल से बाहर निकल रहा था। उसी दौरान ट्रक के चपेट में आने से मृत्यु हो गई है। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष दीपक कुमार, एसआई संजय गोंड, राजकुमार राय समेत अन्य पुलिस जवान व अधिकारी पहुंचकर ट्रक को जब्त कर ली है।

### पीसीसी रोड निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत सबेया से भंगहा-परसौनी तक करीब एक करोड़ दस लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही 1.9 किलोमीटर पीसीसी सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर ग्रामीणो ने सवाल उठाया है।ग्रामीणों का आरोप है की जेई की अनुपस्थिति में संवेदक द्वारा प्राक्कलन को ताक पर रख ढलाई कार्य करवाया जा रहा है। ढलाई में काला पत्थर के बदले उजला पत्थर का इस्तेमाल के साथ लोकल बालू व घटिया सीमेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है।साथ ही ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की मोटाई जितनी होनी चाहिए उतना नहीं है जिसके कारण यह सड़क टिकाऊ नहीं होगा।हद तो यह है ढलाई के दौरान कोई भी विभागीय अधिकारी नहीं दिख रहा है जो पीसीसी सड़क निर्माण में घर अनियमित की तरफ इंगित करता है। जेई अजीत कुमार ओझा ने बताया कि घटिया निर्माण की सूचना मुझे मिली है। निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। शिकायत की जांच की जाएगी।



### युवती के साथ मारपीट,केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरूषोतमपुर थाना के मरजदवा रेलवे ढाला के समिप शनिवार की देर रात युवती के साथ मारपीट कर घायल कर देने का मामला सामने आया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घायल युवती को मैनाटांड अस्पताल लाया। जहां घायल का इलाज किया गया। घायल युवती साफीया खातून बंगाल की रहने वाली बतायी जाती है। जानकारी के मुताबिक साफीया खातून मरजदवा में आर्केस्ट्रा में नर्तकी की काम करती है। घायल युवती ने पुलिस को दिए आवेदन ने बताया कि गोखूला खजूरीया का फीरोज आलम के आर्केस्ट्रा में काम करती थी। बर्षो से काम करा कर मेरा मजदूरी नहीं दिया है।

# मोतिहारी कांग्रेस ने की मनरेगा बचाव कार्यक्रम अभियान की शुरूआत



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के निर्देश पर रविवार को पूर्वी चंपारण जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मनरेगा बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत समाहरणालय परिसर में कचहरी चौक पर अम्बेडकर जी के प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय उपवास एवं प्रतिकर्मक विरोध कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष ई. शशि भूषण राय उर्फ का गप्पू राय ने किया। बतादे कि मनरेगा योजना तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी और सोनिया गाँधी जी के नेतृत्व में मनरेगा योजना का सृजन किया गया था जिसमें बहुत सारे गरीब और पिछले परिवारों को साल में 100 दिन के रोजगार की गारंटी थी । वर्तमान केंद्र सरकार इस योजना को समाप्त करना चाहती है। पहले इस योजना में केंद्र सरकार राज्य सरकारों को मनरेगा योजना के अंतर्गत 90% पैसा भेजी थी और राज्य सरकार को 10% राज्य सरकार को अपना पैसा लगाना पड़ता था। राज सरकार को बोझ बहुत काम रहता था यह नरेंद्र मोदी की तानाशाही सरकार मनरेगा योजना को बंद करके जी राम जी योजना नाम रखी है और इस योजना में केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर ही राज्य सरकार कोई काम कर सकती है अन्यथा राज सरकार की अपनी कोई योजना नहीं होगी। जो योजना केंद्र सरकार बनाएगी उसमें राज सरकार को 10% के जगह पर 40% रुपया लगाना होगा और केंद्र सरकार की 60% राशि ही खर्च होगी कांग्रेस पार्टी ना ही इस योजना का विरोध करती है । बल पिछले 10 जनवरी से 29 जनवरी तक चरणबद्ध तरीके से कार्यक्रम कर विरोध करती रहेगी । उन्होंने बातें प्रेस को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम मे शैलेंद्र सिंह, विजय शंकर पांडे, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू यादव, महानगर अध्यक्ष औशदूर रहमान उर्फ रोमा खान, जयचंद प्रसाद यादव,अनवर आलम अंसारी, राहुल शर्मा, विनय कुमार सिंह, प्रोफेसर अखिलेश दयाल, रमेश श्रीवास्तव, अजय झा, मोहम्मद नसीम अख्तर, मुख्तार आलम, नंद कुमार चौबे, यादव लाल पासवान, विश्वनाथ चौरसिया, मदन प्रसाद, पप्पू रंजन मिश्रा, रामप्रवेश तिवारी, अहमद अली, नेयाज अहमद खान, चंदेश्वर सिंह, रविंद्र तिवारी, कमरुद्दीन अंसारी, परशुराम पांडे, रंजीत पांडे, दीपक भारती, नूर मोहम्मद, संजय पांडे, अरुण प्रकाश पांडे, ने महेंद्र पाठक, राजकुमार सिंह, राजकुमार अंजुमन, सत्येंद्र नाथ तिवारी, फैयाज अंसारी, रंजन शाह सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## आरएसएस ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर दलित बस्ती में लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वामी विवेकानंद जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मोतिहारी के सेवा विभाग एवं एनएमओ के संयुक्त तत्वावधान में मोतिहारी नगर के बरियारपुर सहित पांच दलित बस्तियों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बरियारपुर वार्ड 45 सेवा बस्ती स्थित विनय कुमार सिंह के आवास परिसर में आयोजित चिकित्सा शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक सुशील कुमार पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। वही स्वामी विवेकानंद स्वास्थ्य सेवा यात्रा के बैनर तले डा. वेद प्रकाश, डा. अमित कुमार द्विवेदी,डा. साक्षी केशरी, डा. राकेश कुमार, डा. गरिमा कुशवाहा, डा. मुकेश कुमार, डा. नैनसी गुप्ता, डा. कुशल ज्ञानी, डा. आर्यन राज, डा. हेमन्त कुमार, डा. चन्द्र सुभाष सहित अन्य चिकित्सकों द्वारा एक हजार से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवायें उपलब्ध करायी गयी। मौके पर प्रांत सामाजिक सद्भाव संयोजक कृष्ण कुमार, नगर संघचालक उदय नारायण सिंह, नगर कार्यवाह संजीव कुमार सिंह, जिला सेवा प्रमुख हृदयानन्द पाण्डेय, नगर सेवा प्रमुख सहदेव कुमार, बस्ती प्रमुख सीताराम साह,अबोध कुमार, विजय कुमार, सतीश टंडन, मिथिलेश पाण्डेय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अवैध घुसपैठ करते श्रीलंकाई नागरिक को उसके सहयोगी भारतीय नागरिक के साथ किया गया गिरफ्तार



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बलों ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे एक श्रीलंकाई नागरिक और उसके एक भारतीय सहयोगी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई रक्सौल बॉर्डर स्थित मैत्री पुल पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसएसबी की 47वीं बटालियन और इमिग्रेशन विभाग की संयुक्त टीम ने संदिग्ध अवस्था में नेपाल की ओर से पैदल भारत में प्रवेश कर रहे दोनों व्यक्तियों को रोका। पूछताछ के दौरान उनके दस्तावेजों में अनियमितता पाए जाने पर दोनों को हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार विदेशी नागरिक की पहचान कच्ची मोहम्मद हनीफ के रूप में हुई है, जो श्रीलंका का निवासी बताया जा रहा है। वहीं उसके साथ पकड़े गए भारतीय सहयोगी की पहचान कानोथ रसीद, निवासी केरल के रूप में की गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि श्रीलंकाई नागरिक के पास भारत में प्रवेश के लिए वैध वीजा नहीं था, इसके बावजूद वह सीमा पार करने का प्रयास कर रहा था। तलाशी के दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने श्रीलंकाई नागरिक के पास से उसका पासपोर्ट, श्रीलंकाई पहचान पत्र, नेपाली मुद्रा, मोबाइल फोन, कैमरा सहित कई अन्य संदिग्ध सामान बरामद किए हैं।

## जेपी की धरती पर छपरा विधायक छोटी कुमारी का नागरिक अभिनंदन

### पुण्यतिथि पर कंबल वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम



**रिविलगंज (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पावन धरती रिविलगंज में छपरा की नवनिर्वाचित विधायक छोटी कुमारी का नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम समाजसेवी अरबिंद सिंह के नेतृत्व में भाजपा रिविलगंज मंडल द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समाजसेवी अरबिंद सिंह की माता एवं बड़ी भाभी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रख्यात विद्वान ब्राह्मण मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ से हुई। इसके पश्चात उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध निर्गुण लोक गायक गोपाल राय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। इसके बाद भाजपा रिविलगंज मंडल की ओर से नवनिर्वाचित विधायक छोटी कुमारी के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि ई. सतेंद्र सिंह, शेखर सिंह, जिला महामंत्री विवेक सिंह, धर्मेंद्र साह, निरंजन शर्मा, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, जिला प्रवक्ता मदन सिंह, शत्रुघ्न भगत सहित प्रखंड व जिला स्तर के पदाधिकारियों को शॉल, माला एवं श्रीमद्भगवद्गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक छोटी कुमारी ने कहा कि उनकी जीत छपरा की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होंने कहा कि वे जनता और कार्यकर्ताओं की इस जीत के लिए सदैव आभारी रहेंगी। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि यह सम्मान किसी जनप्रतिनिधि का नहीं, बल्कि उन कार्यकर्ताओं का है, जिन्होंने चुनाव में पूरी ताकत झोंककर विधायक को विजयी बनाया। सांसद प्रतिनिधि ई. सतेंद्र सिंह ने कहा कि यह सम्मान वास्तव में छपरा की जनता को समर्पित है। प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी की छपरा विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने अपने चुनाव से अधिक समय विधानसभा चुनाव में लगाकर परिणाम को जीत में बदला। पुण्यतिथि के अवसर पर समाजसेवी अरबिंद सिंह द्वारा लगभग दो हजार जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण के उपरांत महाभोज का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया, जबकि भोला सिंह, अजीत सिंह, करण सिंह सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर सांसद ने की पूजा



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 2026 के अवसर पर सांसद राधा मोहन सिंह ने रविवार को नरसिंह बाबा मंदिर प्रांगण स्थित शिवालय में ॐकार मंत्र का जाप सहित पूजा पाठ किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण कर मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। वर्ष 2026 में इस आस्था और सभ्यता के महान प्रतीक पर किए गए बर्बर आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। सोमनाथ की इसी एक हजार वर्षों की सहनशीलता, पुनरुत्थान और निरंतरता को रेखांकित करने के लिए इस वर्ष को हम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाएंगे। उन्होंने कहा कि 1000 वर्षों के उतार-चढ़ाव के बावजूद यह मंदिर आज भी अपनी भव्यता और गौरव के साथ खड़ा है। यह सोमनाथ को उसके वैभव में पुनः स्थापित करने के निरंतर एवं सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है। मंदिर पुनर्निर्माण के 75 वर्ष भी 2026 में पूरे हो रहे हैं। 11 मई 1951 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की उपस्थिति में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोला गया था। श्री सिंह ने कहा कि 1026 का आक्रमण तीन दिन 8, 9 और 10 जनवरी तक चलता रहा। इस हृदयविदारक आघात को याद करते हुए और सोमनाथ की अखंडता को नमन किया ।साथ ही,सोमनाथ मंदिर की अखंडता को अडिग रखने के लिए प्रार्थना और संकल्प भी किया। उन्होंने कहा कि इसके पश्चात 11 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर में सहस्त्र संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ और वर्ष भर मनाए जाने वाले सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की घोषणा की गई।

## मुख्यमंत्री की 16 जनवरी को कुमारबाग में संभावित यात्रा की तैयारियां जोरों पर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आगामी 16 जनवरी को स्पेशल इकोनॉमिक जोन, कुमारबाग में संभावित यात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को बेतिया के जिलाधिकारी तरणजोत सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कुमारबाग स्थित स्पेशल इकोनॉमिक जोन का दौरा किया और वहां की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने हेलीपैड, साफ-सफाई, पहुंच मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी मानकों की बारीकी से जांच की। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को हेलीपैड से संबंधित सभी आवश्यक कार्य समय से पूरा करने का निर्देश दिया और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने पर विशेष बल दिया।निरीक्षण के दौरान विधि-व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बहुआयामी और व्यस्त रहेगा। मुख्यमंत्री कुमारबाग के स्पेशल इकोनॉमिक जोन में उद्यमियों के विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण करेंगे और उनसे बातचीत करेंगे। इसके लिए तीन दर्जन से अधिक स्टॉल लगाए जा रहे हैं, जहां विभिन्न उत्पादों और सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।इसके अलावा, मुख्यमंत्री कई महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी कर सकते हैं। प्रशासनिक अमला इन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है ताकि कार्यक्रम सफलतापूर्वक और सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित किया जा सके।इस निरीक्षण में उद्योग विभाग के कार्यकारी निदेशक चंद्रशेखर सिंह, एडीएम राजीव कुमार सिन्हा, एसडीएम विकास कुमार समेत कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



### जरुतरमंदों के बीच कंबल वितरित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विगत कुछ दिनों से क्षेत्र में बढ़ते ठंड को देखते हुए नर्सिंग सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने मानवता का परिचय देते हुए जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया है। शहर के कई चौक चौराहों समेत रेलवे स्टेशन पर शनिवार को संस्था के संस्थापक संजीव कुमार गुप्ता अपनी टीम के साथ पहुचे और जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया।संस्थापक श्री गुप्ता ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से ठंड काफी बढ़ गया है। ऐसे में शहर के चौक चौराहों व रेलवे श्टेशन पर गरीब असहाय लोगों में कंबल का वितरण किया गया। ताकि उन्हें ठंड से राहत मिल सके। इस दौरान संथापक ने करीब 80 कंबल वितरित किये। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्ग के लोगों इसमें आगे आना चाहिए। ताकि जरूरतमंदों की मदद किया जा सके।



## सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक की मौत, चार गंभीर

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के योगापट्टी थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बेतिया नवलपुर पथ में नवगावां स्थित पेट्रोल पंप के सामने दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में योगापट्टी थाना क्षेत्र के प्रयगवा निवासी नमी प्रसाद कुशवाहा के पुत्र विनय कुमार (22) की हालत गंभीर हो गई, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना में कौलापुर गांव निवासी प्रिंस कुमार व नागमणि कुमार, पटखौली गांव निवासी दिल मोहम्मद तथा गोलाघाट गांव निवासी रामु कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक बुलेट मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार थे, जबकि दूसरी बाइक पर दो लोग सवार थे। तेज रफ्तार में आ रही बुलेट बाइक ने ओवरटेक करने के दौरान पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रही मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर योगापट्टी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को योगापट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इधर पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है तथा दोनों क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कड़ाके की ठंड में भी दूसरे दिन जारी रहा अनिश्चितकालीन धरना

### मूर्तियां बरामद होने तक आंदोलन जारी रखने का एलान




**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक थाना परिसर से सटे राम-जानकी शिव मंदिर से भगवान श्रीराम, माता जानकी व लक्ष्मण की अष्टधातु मूर्तियों की चोरी ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। इस घटना के बाद मशरक में पुलिस व्यवस्था, रात्रि गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस मंदिर में चोरी हुई, उसके सचिव स्वयं मशरक थानाध्यक्ष बताए जाते हैं, इसके बावजूद अज्ञात चोर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। मूर्ति चोरी की घटना के विरोध में ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी पूरे उग्र तेवर के साथ जारी रहा। कड़ाके की ठंड, शीतलहर और घने कुहासे के बावजूद महिलाएं, बुजुर्ग और युवा पूरी रात धरना स्थल पर डटे रहे। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट शब्दों में एलान किया कि जब तक चोरी गई मूर्तियों की बरामदगी नहीं होती, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब थाना परिसर से सटे मंदिर की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, तो आम नागरिकों और दूरदराज के गांवों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। ग्रामीणों ने इसे पुलिस व्यवस्था की घोर लापरवाही बताया है। धरना स्थल पर आंदोलन को सामाजिक स्वरूप देते हुए रात में लिट्टीझचोखा भोज का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदर्शनकारियों के साथ स्थानीय लोग और राहगीर भी शामिल हुए। ग्रामीणों का कहना था कि यह भोज केवल भोजन नहीं, बल्कि प्रशासन के प्रति सामूहिक आक्रोश और एकजुटता का प्रतीक है। धरना का नेतृत्व कर रहे उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि थाना के ठीक बगल में मंदिर से मूर्तियों की चोरी होना पुलिस की बड़ी विफलता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस परिणाम चाहिए। दोपहर लगभग एक बजे मशरक डीएसपी संजय कुमार सुधांशु और थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान धरना स्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को बताया कि मामले के उद्भेदन के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित कर दी गई है और लगातार छापेमारी की जा रही है। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि मूर्तियों की बरामदगी तक धरना जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मूर्तियां बरामद नहीं हुईं, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। फिलहाल, मशरक में स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बताई जा रही है। अब यह मामला प्रशासन और पुलिस के लिए आस्था, सुरक्षा व विश्वसनीयता की अग्निपरीक्षा बन चुका है।

## 15 जनवरी से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का होगा शुभारम्भ



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुगौली प्रखण्ड के पँजिअरवा पंचायत में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं व्रज उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।सुगौली प्रखण्ड क्षेत्र के पंजीरवा पंचायत में श्रीमद्भावत कथा का ज्ञान यज्ञ होने जा रहा है जिसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है।आगामी 15 जनवरी से 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा।स्थानीय श्रद्धालु एवं आयोजक मंडली इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर तैयारी में जुट गए हैं। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ गुरुवार को आयोजित होने वाली भव्य कलश शोभा यात्रा से किया जाएगा।जिसमें बड़े संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। शोभा यात्रा पंचायत के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी,जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापना की जाएगी।आयोजन समिति ने बताया कि अयोध्या धाम के प्रसिद्ध कथावाचक संत लाडले हर्षवर्धन महाराज कथा वाचन करेंगे। वे प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्री 10 बजे तक श्रीमद्भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का विस्तृत वर्णन करेंगे।आयोजन स्थल पर आकर्षक पंडाल, मंच सज्जा,विद्युत व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी चल रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पीने के पानी,पार्किंग और बैठने की समुचित व्यवस्था की जा रही है।कथा के दौरान भक्तजन भगवान श्रीकृष्ण के बाल-लीला,भक्त प्रह्लाद,ध्रुव चरित्र,गोवर्धन लीला तथा रास पंचाध्यायी सहित कई अध्यात्म मय प्रसंगों का आनंद ले सकेंगे।आयोजन समिति के व्यवस्थापक शुभम जी महराज ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक सौहार्द,आध्यात्मिक चेतना और धार्मिक संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु आयोजित किया जा रहा है।इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों एवं नगरवासियों में उत्साह देखा जा रहा है।वही स्थानीय मुखिया अशोक पासवान ने बताया कि 7 दिनों तक चलने वाला यह ज्ञान यज्ञ पँजिअरवा क्षेत्र में धार्मिक वातावरण का संचार करेगा और बड़ी संख्या मेंश्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

# चोरी का ट्रैक्टर झारखंड से बरामद, चार गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के जाखीम गांव से किसान के घर के दरवाजे पर खड़े ट्रैक्टर और रोटावेटर की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने चोरी गए ट्रैक्टर को झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज से बरामद करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में जाखीम गांव निवासी बासुदेव मिस्त्री की पत्नी तपेश्वरी देवी ने रफीगंज थाने में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर 2025 की शाम करीब छह बजे खेत की जुताई के बाद ट्रैक्टर और रोटावेटर घर के दरवाजे पर खड़ा किया गया था। अगले दिन 25 नवंबर की सुबह जब परिजन उठे, तो ट्रैक्टर और रोटावेटर गायब थे। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तब पुलिस से शिकायत की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए रफीगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस टीम ने झारखंड के हंटरगंज में छापेमारी कर चोरी किया गया ट्रैक्टर और रोटावेटर बरामद किया। पुलिस ने इस मामले में चोरी और खरीद-बिक्री में संलिप्त चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें औरंगाबाद जिले के बारुण थाना क्षेत्र के बगाही निवासी मिथलेश यादव के पुत्र पंकज कुमार उर्फ जिम्मेदार, राम केवल यादव के पुत्र मृत्युंजय कुमार, झारखंड के चतरा जिला अंतर्गत सिंदरी कुंदा निवासी नरेश यादव के पुत्र अजय कुमार तथा हंटरगंज देवरिया निवासी देवनंदन साव के पुत्र राहुल कुमार साव शामिल हैं।

पुलिस गिरोह के अन्य संभावित सदस्यों और संपर्कों की तलाश में जुटी है, ताकि क्षेत्र में बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष शंभू कुमार, मिथिलेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# कई महीने से वेतन नहीं मिलने पर स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल पर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत गार्ड कर्मि की कई महीनो से वेतन न मिलने पर अपना काम बंद कर हड़ताल पर चले गए। जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों और आम लोगों की परेशानियों की सामना करना पड़ रहा है। रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कसमा उप स्वास्थ्य केंद्र में मिलकर दर्जनों गार्डन गर्मी है, इन लोगों को कई महीनो से वेतन न मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में अपना काम बंद कर दिए हैं। गार्ड को न होने से मरीज को एवं ओपीडी चालू होने से डॉक्टर के पास अनियंत्रित भीड़ हो जाती है, जिस डॉक्टर को दिक्कत पड़ रहा है।

# सांसद निधि से निर्मित चबूतरा में दो महीने में ही आईं दरारें



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार का ताजा मिसाल है हुलासगंज स्थित कन्या उच्च विद्यालय के परिसर में सांसद मद से तीन लाख रुपए की लागत से बना चबूतरा। चबूतरे पर इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन की हसरत प्रधानाध्यापिका की अधूरी रह गई। दरअसल पूर्व सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी के अनुशंसा पर तीन लाख रुपए की लागत से स्थानीय क्षेत्र संगठन जहानाबाद के कार्यपालक अभियंता के निर्देशन में महज दो माह पूर्व चबूतरे का निर्माण कार्य पूरा किया गया लेकिन गुणवत्ता के मानकों पर खरा नहीं उतरा। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्राक्कलन के अनुसार निर्माण भी नहीं कराया गया। लोगों ने निर्माण एजेंसी से ज्यादा दोषी विभागीय अभियंताओं की बताई है, जो इस तरह के घटिया निर्माण को भी सही बता कर राशि निकाल कर बंदरबांट करने में सहयोग करते हैं। स्थानीय लोगों ने अविलंब इस मामले में जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग की है।

# जरूरतमंदों के बीच बांटे गये कंबल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** ठंड को लेकर पहाड़ताली इलाकों में गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम प्रखंड क्षेत्र के दक्षिणी उमगा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विजय कुमार उर्फ़ गोलू यादव की अगुवाई में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम पंचायत के बादम, पिछुलिया, शांतिनगर, मुंशी बिगहा में किया गया। कंबल पाकर गरीब परिवारों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ दिखाई दी। विजय कुमार उर्फ़ गोलू यादव ने कहा कि पहाड़ताली और दूरदराज के इलाकों में ठंड का असर अधिक होता है। ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों के पास ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन नहीं होते। इसी को ध्यान में रखते हुए पंचायत स्तर पर कंबल वितरण का निर्णय लिया गया, ताकि ठंड के मौसम में कोई भी जरूरतमंद ठिठुरने को मजबूर न हो। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों और जनप्रतिनिधियों की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं। सरकार की योजनाओं के साथ-साथ सामाजिक सहयोग से ही गरीबों को वास्तविक राहत मिल सकती है। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान पंचायत के कई ग्रामीण प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कंबल पाने वाले गरीबों ने आभार जताते हुए कहा कि इस मदद से उन्हें कड़ाके की ठंड में बड़ी राहत मिलेगी।

# राष्ट्रीय ब्रह्मर्षि सामाजिक फाउंडेशन ने की श्रद्धांजलि सभा सह मकर संक्रांति मिलन समारोह आयोजित





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय ब्रह्मर्षि सामाजिक फाउंडेशन की ओर से रविवार, 11 जनवरी को घोसी विधायक के दादा स्वर्गीय ब्रजनंदन शर्मा की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर शुभ मकर संक्रांति सह मिलन समारोह भी आयोजित हुआ, जिसमें समाज के सैकड़ों लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम का माहौल श्रद्धा, सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द से परिपूर्ण रहा। श्रद्धांजलि सभा के दौरान स्वर्गीय ब्रजनंदन शर्मा के सामाजिक योगदान और उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने उन्हें समाजसेवा और सादगी का प्रतीक बताया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके पश्चात मकर संक्रांति के अवसर पर पारंपरिक दही-चूड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने सहभागिता कर पर्व की खुशियां साझा की। कार्यक्रम के संयोजक अनूप कुमार ने समारोह में पहुंचे अतिथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समाज के गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि समाज संगठित होकर आगे बढ़ना चाहता है। उन्होंने भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को और बड़े स्तर पर आयोजित कर समाज को जोड़ने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर पूर्व सांसद जगदीश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ब्रह्मर्षि सामाजिक फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव शर्मा एवं नवीन शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. हरे राम राय, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा क्रांतिकारी, जिलाध्यक्ष सुधीर शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष मुन्ना सिंह, राष्ट्रीय महासचिव अभिनव कुमार सुमन, प्रदेश महासचिव जयशंकर जी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही धीरज शर्मा, नीरज शर्मा, राकेश शर्मा एवं रंजीत शर्मा (मीडिया प्रभारी) की सक्रिय भूमिका रही।

# स्वास्थ्य मंत्री ने डा. कुमार जय को दिया प्रशस्ति पत्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित डॉ. कुमार जय को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने ओपीडी में सर्वाधिक व उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान करने को लेकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है जिससे लोगो में हर्ष है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि डॉ. कुमार जय ने दिसंबर 2025 माह में अथक परिश्रम, अनुशासन एवं उत्कृष्ट चिकित्सकीय सेवा भाव के माध्यम से सर्वाधिक ओपीडी परामर्श किया है। रोगियों की बढ़ती संख्या के बीच जिस संवेदनशीलता, समर्पण और दक्षता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई है वह प्रशंसनीय है। दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उल्लेखनीय कार्य न केवल आपके व्यक्तिगत दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वास्थ्य विभाग उज्जवल भविष्य की कामना करती है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि विभागीय मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा दिए गए प्रशस्ति पत्र डाक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बढ़ता है।

# हुलासगंज संस्कृत महाविद्यालय में 16-17 जनवरी को सेमिनार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** हुलासगंज स्थित श्री स्वामी परांकुशाचार्य आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन 16 एवं 17 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य विषयः श्री विष्णु क्षेत्र गयाजी की पावन धरा पर स्वामी परांकुशाचार्य का योगदान रखा गया है। इस संबंध में बताया गया कि इस विषय पर संगोष्ठी के आयोजन का उद्देश्य परम पूज्य स्वामी परांकुशाचार्य के द्वारा विष्णु क्षेत्र गयाजी के पावन धरा पर संस्कृत भाषा और संस्कृति के संवर्धन में किए गए योगदान पर प्रकाश डालना है। संगोष्ठी के कार्यक्रमों का विवरण साझा करते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्रचार ने बताया कि 16 जनवरी दिन शुक्रवार को प्रातः 10:30 से 4:00 बजे तक प्रथम दिवस में कार्यक्रम का उद्घाटन एवं मुख्य वक्ताओं द्वारा स्वामी जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला जाएगा वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन 17 जनवरी शनिवार को इस विषय पर शोध पत्र वाचन विद्युत विमर्श एवं समापन समारोह का आयोजन किया जाना है। श्री स्वामी परांकुशाचार्य जी के जीवन दर्शन पर यह पहला संगोष्ठी आयोजित किया जा रहा है इससे आने वाले दिनों में संस्कृत एवं संस्कृति के संरक्षण में महती भूमिका निभाने वाले अन्य संतों के जीवन दर्शन और उनके आध्यात्मिक, सांस्कृतिक चेतना विषय के अध्ययन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। जैसा कि ज्ञात हो हुलासगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री स्वामी परांकुशाचार्य आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली से संबद्ध है। मगध प्रमंडल सहित बिहार राज्य में संस्कृत विषय में शोध, नवाचार, कर्मकांड, ज्योतिष आदि के लिए उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में यह संस्था शुमार है। बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे संगोष्ठी के आयोजन के लिए महाविद्यालय की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। आगत अतिथियों एवं संगोष्ठी में हिस्सा लेने वाले लोगों के स्वागत और जलपान सहित दूसरे जरूरी व्यवस्था महाविद्यालय परिवार की ओर से की जा रही है।

# स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती पर 'समर्थ भारत पर्व' का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती सह 'समर्थ भारत पर्व' के अवसर पर विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, शाखा–जहानाबाद एवं ए.एन.एस. कॉलेज, जहानाबाद के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय सभागार में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश सिंह ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ शांति मंत्र के साथ हुआ। इसके पश्चात विवेकानंद केंद्र के सक्रिय कार्यकर्ता डॉ. अनिल कुमार ने स्वरचित 'विवेकानंद वंदना' प्रस्तुत की। उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह में विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, शाखा–जहानाबाद के संयोजक डॉ. रविशंकर शर्मा, प्रख्यात समाजसेवी एवं शिक्षाविद् राजकिशोर शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, शाखा–जहानाबाद के बौद्धिक प्रमुख गोपाल शर्मा, केंद्र के सदस्य डॉ. शंभु कुमार, राकेश कुमार, अरुण कुमार, चितरंजन चैनपुरा, डॉ. अनिल कुमार सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, महाविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर रेड क्रॉस के सचिव सह समाजसेवी राजकिशोर शर्मा ने विषय प्रवेश करते हुए स्वामी विवेकानंद के वैश्विक योगदान पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वामीजी के व्यावहारिक वेदांत की आज के समय में प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए उसे जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। मंचासीन वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए भारत के उत्थान में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश सिंह ने स्वामी विवेकानंद के संदेशों को युवाओं तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि राष्ट्र का समग्र विकास ही स्वामी विवेकानंद की मूल चिंता थी, जिसे वे धर्म और संप्रदाय की सीमाओं से ऊपर उठकर सामाजिक सामंजस्य के माध्यम से साकार करना चाहते थे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। मंच संचालन विवेकानंद केंद्र शाखा के सदस्य एवं शिक्षक अरुण कुमार ने किया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अरुणनगर ने संघ शताब्दी वर्ष पर चलाया व्यापक गृह संपर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अरुणनगर के द्वारा संघ शताब्दी वर्ष पर व्यापक गृह संपर्क अभियान का शुरुआत किया गया। पूरे दक्षिण बिहार प्रांत में 11 जनवरी से 31 जनवरी तक व्यापक गृह संपर्क अभियान का शुरूआत हुआ है जिसमें कोई भी घर संपर्क से छुटे नहीं ऐसे संकल्प उद्देश्य लेकर स्वयंसेवकों की टोली अपने अपने बस्तियों में मोहल्लों में संपर्क के लिए निकली है। गृह संपर्क के दौरान भारत माता का चित्र, पत्रक, स्टीकर घर पर लगाने के लिए स्वयंसेवक घर तक पहुंच रहे है। संघ शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन का संकल्प लिए संघ आपके द्वार पंच परिवर्तन में स्व का बोध, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण जैसे पांच विषयों को लेकर समाज में व्यापक बदलाव संघ का उद्देश्य है। आज व्यापक गृह संपर्क में पूरे शहर के 33 वार्ड 35 बस्ती में 51 टोली आज गृह सम्पर्क अभियान की शुरुआत के लिए निकली। इसी प्रकार आज पूरे जिले के सभी खंडों के सभी पंचायत में एक साथ सम्पर्क अभियान की शुरुआत सेकड़ो टोलियों के माध्यम से की गई। शहर के स्थानीय शिव मंदिर परिसर में नगर के सभी टोली प्रमुखों का एकत्रीकरण करके अपने रोहतास विभाग के कार्यवाह धर्मराज के उध्बोधन के बाद सभी टोलिया संपर्क हेतु निकली।

# छात्रों से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के घोसी प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय के परिसर में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा पौधरोपण किया गया। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्त्वावधान में आयोजित 241वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम गायत्री मंत्र एवं महा मृत्युंजय मंत्र के मंत्रोच्चार के साथ प्रारंभ हुआ। जैसा कि ज्ञात हो जिले में पिछले चार वर्षों से गायत्री परिवार के प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के युवाओं द्वारा जिले को प्रदूषण मुक्त और वन आच्छादित करने के लिए प्रत्येक रविवार को निरंतर पौधरोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस सप्ताह के पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान मौके पर उपस्थित विद्यालय के वरीय शिक्षक कृष्णा कुमार ने कहा कि "पौधरोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि पेड़ - पौधे प्रकृति के अस्तित्व के साथ- साथ पृथ्वी पर जीवन के आधार हैं और इसके बिना मनुष्य तो क्या पूरे पारिस्थितिकी तंत्र की कल्पना ही नहीं की जा सकती। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पौधा लगाना हम अपने दिनचर्या, शुभकार्यों के प्रतिस्थापन से जोड़ें। उन्होंने बताया कि हमारे प्राचीन संस्कृतियों में भी वृक्षों में ईश्वर का वास माना जाता है। इस अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित गायत्री परिवार के जिला मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि "हर छात्र कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी नियमित देखभाल करे, तभी यह अभियान सफल होगा। इस अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम के व्यवस्थापक कौशल कुमार, शिशुपाल सिंह, संतोष शर्मा, शंकर कुमार सहित विद्यालय के छात्र अंगद कुमार, अभिमन्यु कुमार, प्रिंस कुमार, लक्की कुमार, ऋषि कुमार, पुलकित यामिनी उपस्थित थे।

## हसपुरा में 'मिलेनियम कप' का लोकार्पण, 14 जनवरी से बिहार–यूपी महिला टीमों की टक्कर

**हसपुरा (औरंगाबाद)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय बाजार के दक्षिण मुहल्ला स्थित ड्रीम पैलेस में आगामी 'मिलेनियम कप' महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, खेल प्रेमियों और युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। समारोह की अध्यक्षता दीपक कुमार ने की, जबकि मंच संचालन शाहबाज मिनहाज ने सधे और प्रभावी अंदाज़ में किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे खेल आयोजन न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्रीय खेल संस्कृति के लिए प्रेरक कदम बताया। आयोजन समिति ने जानकारी दी कि टूर्नामेंट का शुभारंभ 14 जनवरी को होगा। उद्घाटन मुकाबला बेहद रोमांचक रहने की उम्मीद है, जिसमें बिहार महिला क्रिकेट टीम और उत्तर प्रदेश महिला क्रिकेट टीम आमने-सामने होंगी। इस हाई-वोल्टेज मैच को लेकर इलाके में खासा उत्साह है। लोकार्पण समारोह में प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह, सुनील कुमार, राकेश कुमार, संजीत शर्मा, कौशल शर्मा, चंद्रकांत कुमार मुन्ना, अनिल आर्य, अरविंद कुमार वर्मा, संतोष तिवारी, विजय अकेला, अश्विनी कुमार उर्फ निपु, मुखिया गोपाल सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहें।

# नबीनगर में विश्व हिंदी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नबीनगर।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, नबीनगर में हिंदी भाषा के महत्व पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. सत्येन्द्रदेव प्रजापति के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। संगोष्ठी के संयोजक एवं हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। संगोष्ठी का शुभारंभ महाकवि निराला द्वारा रचित सरस्वती वंदना के सामूहिक पाठ से किया गया। संगोष्ठी में विद्यार्थी जीवन में हिंदी और अंग्रेजी के द्वंद्व विषय पर चर्चा हुई। इस क्रम में छात्रा जूही और रिया ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि शिक्षा और अभिव्यक्ति के स्तर पर हिंदी किस प्रकार आत्मविश्वास को मजबूत करती है। जयप्रकाश ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हिंदी को दिए जा रहे महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं हैदर इमाम ने सांस्कृतिक माध्यमों के जरिए हिंदी के वैश्विक प्रचार पर जोर दिया। डॉ. नंदकिशोर चौधरी ने हिंदी के विस्तार से जुड़े आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि देश और विदेश में हिंदी भाषियों की संख्या लगातार बढ़ रही है और एक व्यापक हिंदी समाज का निर्माण हो रहा है। औरंगाबाद एनसीसी से बीएचएम अजित कुमार ने कहा कि हिंदी ने देश भर के सैनिकों को जोड़ने में सेतु का कार्य किया है और आपसी संवाद को सहज बनाया है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ. आफताब अहमद फरीदी ने हिंदी और उर्दू की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए शोध और अनुसंधान की आवश्यकता बताई। डॉ. आसिफ रजा, अक्षय जैन और विजय कुमार सिंह ने भी वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी की बढ़ती स्वीकार्यता पर अपने विचार रखे। संगोष्ठी में शिक्षकेत्तर कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वर्षों से कांवरियों की सेवा कर रही नीलकंठ महादेव सेवा समिति



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नीलकंठ महादेव सेवा समिति, औरंगाबाद की ओर से रविवार को शहर के शाहपुर सूर्य मंदिर रोड स्थित एक निजी होटल में भव्य समापन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए सैकड़ों शिव भक्तों ने भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव की आरती एवं विधिवत पूजन से की गई, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात समिति के संस्थापक नीरज कुमार उर्फ लप्पू गुप्ता ने मंच से समिति की वार्षिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि समिति विगत कई वर्षों से सावन माह के दौरान सुल्तानगंज से देवघर तक पैदल यात्रा करने वाले लाखों कांवरियों की निःशुल्क सेवा कर रही है। समिति द्वारा लगाए गए शिविरों में कांवरियों के लिए आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाती है। संस्थापक लखन प्रसाद ने बताया कि समिति का एकमात्र उद्देश्य सेवा भाव के साथ शिव भक्तों की सहायता करना है ताकि कांवर यात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। समिति के सभी सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से सेवा कार्य में लगे रहते हैं। इसी उद्देश्य से समिति जल्द ही कांवरियां मार्ग में भव्य धर्मशाला का निर्माण करा रही है। कार्यक्रम के दौरान समिति के सेवा कार्यों में सहयोग करने वाले सभी शिव भक्तों एवं समाजसेवियों को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर सभी सहयोगकर्ताओं ने स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया और भविष्य में भी समिति के साथ जुड़कर सेवा कार्य को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मौके पर समिति के डॉ प्रदीप, जयराम केशरी, मधुप गुप्ता, जितेंद्र कुमार उर्फ बाबू भाई, अनुज कुमार, पवन कुमार, जितेंद्र गुप्ता, अवधेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# केंद्र और बिहार सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : गिरिराज सिंह

## प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के आगमन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के आगमन पर जिले भर के कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा सिमरिया, बीहट, जीरोमाइल, हरहरमहादेव चौक, सुभाष चौक तथा जिला भाजपा कार्यालय सहित विभिन्न प्रमुख स्थलों पर पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों, नारों और फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत जिला मुख्यालय स्थित प्रेक्षागृह में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, बिहार सरकार के मंत्री सुरेंद्र मेहता, तेघड़ा विधायक रजनीश कुमार, बेगूसराय विधायक कुन्दन कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि संजय सरावगी के नेतृत्व में भाजपा बिहार में संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम छू रहा है और बिहार में भाजपा का संगठन जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें। बिहार सरकार के मंत्री सुरेंद्र मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि संजय सरावगी जी एक अनुभवी, कर्मठ और जमीनी नेता हैं। जिनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसका कार्यकर्ता है। और यही शक्ति आने वाले समय में पार्टी को और मजबूत बनाएगी।

तेघड़ा विधायक रजनीश कुमार एवं बेगूसराय विधायक कुन्दन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का यह प्रथम दौरा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि बेगूसराय की धरती सदैव संगठन को मजबूती देने में अग्रणी रही है और आगे भी पार्टी के हर अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि संजय सरावगी का आगमन जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन में जिले का संगठन और अधिक सुदृढ़ होगा। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बेगूसराय के कार्यकर्ताओं के उत्साहपूर्ण स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता-आधारित पार्टी है और प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संगठनात्मक अनुशासन, बूथ स्तर की मजबूती और जनता से निरंतर संवाद पर विशेष बल दिया तथा आने वाले समय में भाजपा को बिहार की सबसे मजबूत राजनीतिक शक्ति बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूरे आयोजन में उत्साह, अनुशासन और संगठनात्मक एकता की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा, क्षेत्रिय सह प्रभारी रविंद्र रंजन, जिला प्रभारी शशि भूषण कुमार बबलू, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नीरज कुमार जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार,मिरतुंजय वीरेश, जिला उपाध्यक्ष सुमित सन्नी, सुनील मुन्ना, पुष्पा राम, लोकसभा पालक कृष्ण मोहन पप्पु, विकास कुमार, रामप्रवेश सहनी, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, ललन कुँवर, शुभम कुमार, शशांक शेखर, रेखा राम, उमेश उप-महापौर अनिता राय, पल्लवी कुशवाहा, संजन जैसवाल, बेबी रज्जक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राकेश पांडेय ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन कुंदन भारती ने किया।

# कमरे में लकड़ी जलाकर सोना हुआ जानलेवा, एक की मौत तीन की हालत बिगड़ी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** नगर थाना क्षेत्र के छोटकी सिंगही में एक दर्दनाक हृदय विदारक घटना घटित हुआ। जहां ठंड से बचने के लिए कमरे में लकड़ी जलाना एक परिवार का जानलेवा साबित हो गया। कमरे के भीतर लकड़ी जलाकर सोना एक 12 वर्षीय मासूम की मौत और पूरे परिवार की तबाही का सबब बन गया। धुएं के चलते दम घुटने से 12 वर्षीय बजरंगी सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि माता पूजा सिंह, पिता चंद्रभूषण सिंह और छोटी बहन 9 वर्षीय परिधि सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। यह परिवार कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के घांघर गांव का निवासी है। किराये के मकान में रहते थे। शनिवार को ही सभी बागेश्वर धाम से लौटे थे। ठंड ज्यादा होने के चलते सभी अंगीठी जलाकर सोए थे। धुआं भरने से सभी बेहोश पड़े थे। सभी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। मां पूजा सिंह की हालत काफी नाजुक है। उसे दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया है। बंटी सिंह ने बताया कि पूरे परिवार के साथ 27 दिसंबर को बागेश्वर धाम गए थे। बेटा बजरंगी धाम पर प्रतिदिन परिक्रमा करता था। पूजा खत्म होने के बाद शनिवार की दोपहर सभी लोग अपने घर आ गए थे। ज्यादा ठंड होने के कारण बाजार से 7 किलो इमली की लकड़ी लेकर आए थे। खाना खाने के बाद लकड़ी जलाकर सो गए। रात एक बजे के करीब मेरी बेटी परिधि को उल्टी हुई। वहीं बेटा बजरंगी ने कहा कि छाती में दर्द है। दवा देने के बाद उसे सुला दिया। फिर पत्नी कहने लगी कि मेरे दोनों हाथों में काफी दर्द है। मैने उसके हाथों को दबाया भी था, उसे बेचैनी की दवा दी थी। फिर रात में ही अपने एक दोस्त को फोन कर गाड़ी मंगवाने की बात भी कही थी। इसके बाद मुझे पता नहीं क्या हुआ। वहीं, अस्पताल में मौजूद परिजनों ने बताया काफी देरी से हमलोग दरवाजा खटखटा रहे थे। अंदर से किसी की आवाज नहीं आने पर घबरा गए। उसके बाद नगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने भी काफी देर तक दरवाजा खुलवाने की कोशिश की। इसके बाद लोहे के रॉड से दरवाजे को तोड़ा गया। कमरे में धुआं भरा था। घुसते ही लोगों ने देखा कि सभी लोग बेहोश हैं। काफी मशक्कत के बाद बंटी और उसकी बेटी परिधि की आंख खुली। इसके बाद बेटा बजरंगी और पत्नी पूजा समेत सभी लोगों को पुलिस की मदद से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने बजरंगी को मृत घोषित कर दिया। एक छोटी सी लापरवाही ने एक परिवार की सारी खुशियां छीन मातम में बदल दिया।

## 35 असहायों को दिए गए कंबल

**नावकोठी (नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड परिसर में निसहायों के बीच कंबल वितरण समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। बीडीओ राहुल रंजन ने विभिन्न पंचायतों से आये 35 निसहायों को कंबल प्रदान किया। उन्होंने कहा कि अनुमंडल कार्यालय बखरी से 100 कंबल प्राप्त हुआ है। इसे प्रखंड के सभी नौ पंचायत के निसहायों के बीच वितरण किया जाना है। जिसका विधिवत शुरुआत शनिवार से कर दिया गया है। यह कंबल निसहायों को भयंकर ठंड से त्राण दिलाने में सहायक सिद्ध होगा। कंबल प्राप्त करने वाले में पहसारा पश्चिमी पंचायत के संगीता देवी, राजकुमारी देवी, अमरजीत पासवान, जयप्रकाश चौधरी, मुसहरू पासवान, डफरपुर पंचायत के अब्बूपुर के सोनी देवी, इनैया के मंजू देवी, सुशीला देवी, छतौना के राम नंदन महतो आदि उपस्थित थे।

# दिसंबर माह में 2225 मरीजों का हुआ इलाज

## पीएचसी नावकोठी का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** पीएचसी नावकोठी का शनिवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डंडारी डॉ मनमोहन प्रसाद ने निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्ट्रेशन, मरीज प्रतीक्षालय, भव्या पोर्टल, नर्सिंग डेस्क की क्रिया शीलता, दवा वितरण काउंटर, स्टॉक पंजी, बीपी मशीन, वजन मशीन, लंबाई मापने की मशीन, स्वास्थ्य कर्मियों के यूनिफॉर्म, एनसीडी की क्रिया शीलता आदि की जांच की। इस अवसर पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनमोहन प्रसाद सिंह ने बताया के पीएचसी में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा देय सभी सुविधाओं एवं आंतरिक एवं बाह्य व्यवस्थाओं की गहन जांच की गई है। पैथोलॉजिकल जांच, एक्स-रे सेवा उपलब्ध है। अल्ट्रासाउंड की उपलब्धता नहीं है। मुफ्त औषधि वाहन का परिचालन नियमित है। सुलभ शौचालय एंबुलेंस की उपलब्धता है। बिजली आपूर्ति अग्निशमन आदि की जांच की गई। इसके अलावा 43 इंच की टीवी के अधिष्ठापन, परिसर के सौंदर्यीकरण आदि पर उन्होंने आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने बताया दिसंबर माह में 2225 ओपीडी मरीज का इलाज किया गया। 95.14 प्रतिशत आभा कार्ड से अच्छादित किया गया। 29 मरीज का आयुष्मान कार्ड निर्गत किए गये। शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, महिला पुरुष शौचालय, पंखा कुर्सी व्हील चेयर,स्ट्रेचर की उपलब्धता को देखा, रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन चौधरी, स्वास्थ्य प्रबंधक आनंद ईश्वर, डॉ भारती भूषण, बीसीएम उषा कुमारी, लेखापाल राजीव कुमार, बीएमईए संदीप चंद्रा, एएनएम मिंटु कुमारी, प्रियंका कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रवादियों की एकजुटता से वामपंथियों का हुआ सफाया : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अभाविप के पुरातन कार्यकर्ता समागम आयोजन समिति के द्वारा पुरातन कार्यकर्ता समागम सह अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सड़क पर संघर्ष करने हुए सदन पहुंचने वाले अभाविप के पुरातन कार्यकर्ता दरभंगा के 6 बार के विधायक सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, केंद्रीय मंत्री सह बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह, मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी, दीघा विधायक संजीव चौरसिया, जाले विधायक जीवेश मिश्रा, बेगूसराय विधायक कुंदन कुमार, तेघड़ा विधायक रजनीश कुमार, राजनगर विधायक सुजीत पासवान, परवत्ता विधायक बाबू



लाल शौर्य, भागलपुर विधायक रोहित पांडेय, बछवाड़ा विधायक सह मंत्री सुरेन्द्र मेहता सहित विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री सुजीत, अभिनंदन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कठिन समय में संघर्ष कर न सिर्फ संगठन स्थापित किया है अपितु लालू के जंगलराज और लाल झंडे के आतंक को खत्म करने का भी काम किया है। विद्यार्थी परिषद जो सोचता है करता है देश उसका अनुशरण करने का काम करता है धारा 370 खत्म करने की बात हो या बांग्लादेशी घुसपैठियों को खदेड़ने की बात हो या कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा झड़ा फहराने की बात हो या नई शिक्षा नीति लागू करने की बात हो विद्यार्थी परिषद हर कार्यक्रम का नेतृत्व करने का काम किया गया। बेगूसराय की धरती से कम्युनिस्टो का सफाया हो गया है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक भारत नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत बनेगा। आज भारत सैन्य शक्ति, आर्थिक शक्ति में इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया है और जल्द तीसरी बड़ी शक्ति बनेगी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि एबीवीपी विचारों का संगठन है और इसके विचार में राष्ट्र प्रथम है। आज देश में क्रिशचिनिटी बहुत फल फूल रहा है जल्द से जल्द धर्मांतरण रोकथाम कानून बनाने की जरूरत है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हम भी एक स्वयंसेवक है, हम किसी से कम नहीं है अगर राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने की भी जरूरत होगी तो कभी पीछे नहीं हटेंगे। मौके पर बाल संरक्षण आयोग सदस्य सुग्रीव दास, पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री झारखंड सुजीत कुमार, प्रदेश संगठन मंत्री बिहार ब्रजेश कुमार, कौशल, गंगा समग्र प्रदेश मंत्री रमाशंकर, सासाराम संगठन मंत्री संतोष कुमार, नवादा सुजय कुमार, भरत सिंह जोशी, नीरज, राम कल्याण, अंकज, प्रदेश महामंत्री नीरज नवीन, पिंटू, साकेत सत्यदेव सिंह, रंजन, सोनू सरकार, राम कल्याण, चंदन, कुणाल, विनोद, अजय, अजीत, मुकेश, आलोक, शिवजी छोटू, वशिष्ठ नारायण, मुरारी गौतम आदि उपस्थित थे।

# कच्छ में 1.5 लाख करोड़ का निवेश करेगा अडानी समूह : करण अडानी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजकोट/भागलपुर।** अडाणी समूह ने गुजरात के कच्छ क्षेत्र में अगले पांच वर्षों के दौरान 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। इससे राज्य के प्रति समूह की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता एक बार फिर स्पष्ट होती है। अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अडाणी ने रविवार को राजकोट में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उपस्थित थे, कहा कि यह निवेश भारत की उस वैश्विक सोच को दर्शाता है, जिसमें आर्थिक विकास, जलवायु जिम्मेदारी और ऊर्जा सुरक्षा एक साथ आगे बढ़



सकते हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात अडाणी समूह के लिए केवल निवेश का राज्य नहीं, बल्कि उसकी पूरी यात्रा की नींव है। करण अडाणी ने कहा, हमारे चेयरमैन गौतम अडाणी हमेशा मानते रहे हैं कि समूह की प्रगति देश की प्रगति से अलग नहीं हो सकती। गुजरात से ही हमारी यात्रा शुरू हुई और यहीं हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता भी केंद्रित है। उन्होंने आगे बताया कि इस मजबूत आधार पर आगे बढ़ते हुए अडाणी समूह कच्छ क्षेत्र में अगले पांच वर्षों में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इसके साथ ही अगले 10 वर्षों में मुंद्रा बंदरगाह की क्षमता को दोगुना करने की भी योजना है। गुजरात के प्रशासनिक मॉडल की सराहना करते हुए प्रबंध निदेशक ने कहा कि राज्य ने 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनने से पहले ही व्यवहार में उतार दिया था। तेज निर्णय प्रक्रिया, मजबूत संस्थाएं और उद्यम के प्रति सम्मान ने यहां विकास के अनुकूल वातावरण तैयार किया।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, ल्लप्रधानमंत्री जी, आपके नेतृत्व में भारत ने न केवल पैमाने पर, बल्कि सोच के स्तर पर भी मूलभूत परिवर्तन देखा है। सहकारी और प्रतिस्पर्धी संघवाद के माध्यम से गुजरात का यह मॉडल पूरे देश में विस्तारित हुआ। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन से पहले राजकोट में एक ट्रेड शो का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन का उद्देश्य निवेश के अवसरों को प्रदर्शित करना और भारत की आर्थिक विकास गाथा में गुजरात की भूमिका को और सशक्त करना है।

# प्रखण्ड में एम्बुलेंस सेवा का विधायक ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के बरैपुरा गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सह जिलापरिषद् सदस्या शिल्पी कुमारी प्रतिनिधि रौशन चौरसिया के द्वारा रविवार को वीरपुर प्रखंड क्षेत्र के आम जनमानस के लिए उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए निःशुल्क सेवा के तहत भव्य कार्यक्रम आयोजित कर हजारों लोगों के समक्ष एंबुलेंस का लोकार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुकुमार सहनी ने किया। कार्यक्रम में पधारे हुए मुख्य अतिथि दीघा विधानसभा के विधायक संजीव चौरसिया और चेरिया बरियापुर विधानसभा के विधायक अभिषेक आनंद, जिला परिषद सदस्य के जिला उपाध्यक्ष नंदलाल महतों, मनीष कुमार, किरण कुमारी, बखरी के जिला परिषद सदस्य अमित देव, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक संत कुमार सहनी, रंजन कुमार झा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन करते हुए लोगों को उनके सेवा के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीघा विधानसभा के विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि ये युवा वर्ग ही समाज के साथ साथ देश का कर्णधार हैं। जिसका उदाहरण राष्ट्रीय तैराक सह सामाजिक कार्यकर्ता रौशन चौरसिया बन रहे हैं। ये रौशन चौरसिया युवा वर्ग के लिए प्रेरणा श्रोत भी हैं। वहीं चेरिया बरियारपुर के विधायक अभिषेक आनंद ने कहा कि ये सोच एक मामूली सोच नहीं बल्कि रौशन चौरसिया का गरीब गुरबा लोगों के प्रति दिल से लगाव का प्रमाण है जो इस तरह का सोच और उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया। वहीं इसकी जानकारी साझा करते हुए जिला परिषद सदस्या शिल्पी कुमारी और राष्ट्रीय तैराक सह जिलापरिषद् सदस्या प्रतिनिधि रौशन चौरसिया ने बताया कि ये एम्बुलेंस हम अपनी गरीबी को ध्यान में रखते हुए लोगों की गरीबी को समझते हुए जनसेवा ही सर्वोपरि के तहत ये एम्बुलेंस सड़क दुर्घटना, जलप्लावन, अग्निकांड, तथा अन्य आपातकालीन स्थितियों में जनहित और मानवता की सेवा के लिए निःशुल्क सहायता एवं त्वरित चिकित्सा सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव समर्पित रहेगा साथ ही हम दोनों भी सदैव आम जनमानस के लिए समर्पित रहेंगे। मौके पर मौजूद फिल्म अभिनेता अमीय कश्यप, बीजेपी प्रवक्ता पंकज अग्रवाल, मुखिया राष्ट्रपति कुमार समेत एनडीए के घटक दलों के कई नेताओं ने संबोधित किया। इस कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से कई गणमान्य और सामाजिक कार्यकर्ता शिरकत किए।

# मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** नगर परिषद बीहट की मुख्य पार्षद बबीता देवी के सौजन्य से रविवार को नव वर्ष और मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में एक भव्य 'मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सत्ता पक्ष के नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों का बड़ा जमावड़ा देखने को मिला। समारोह के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री सुरेंद्र मेहता रहे। संबोधन में मंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और प्रेम बढ़ता है। उन्होंने बीहट नगर परिषद के विकास कार्यों की सराहना करते हुए मुख्य पार्षद बबीता देवी को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इस मिलन समारोह की खास बात यह रही कि इसमें केवल स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि जिले भर के कई प्रतिनिधि शामिल हुए। विभिन्न नगर परिषदों के मुख्य पार्षद और प्रतिनिधि, क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। मुख्य पार्षद बबीता देवी ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर किया। समारोह में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए, जिनके लिए मकर संक्रांति के पारंपरिक व्यंजनों (दही-चूड़ा और तिलकुट) का प्रबंध किया गया था। बबीता देवी (मुख्य पार्षद) ने इस अवसर पर कहा, 'यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे नगर के नागरिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने और एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने का एक माध्यम है।

# धूमधाम से मना श्रीरंग गोदाम्बा उत्सव, भक्तों की रही भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के गुण्डी गांव स्थित श्री रंगजी बड़ी मंदिर परिसर में श्रीरंग गोदाम्बा उत्सव रविवार को मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी। गोदाम्बा देवीङ्क व ल्लश्री रंगनाथ स्वामी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी बद्रीनाथ बनवाली जी के सान्निध्य में मुख्य पुजारी अर्पित उपाध्याय, आदित्य उपाध्याय, अनुराग उपाध्याय एवं



सुदामा जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कराई। उत्सव की शुरुआत अहले सुबह मंगल आरती से हुई, जिसके बाद पूजन, अभिषेक और अलंकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंदिर को फूल-माला, रंगीन झालर, दुधिया रोशनी, बल्ब से सजाया गया था। दोपहर में खीर, दधिरोदन, फुलेहरा पंचामृत एवं पारंपरिक व्यंजनों का विशेष भोग अर्पित किया गया। उसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण हुआ। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन गाकर भाव विभोर कर दिया। कलाकारों में गायक पवन पुत्र एवं गायिका आशा अन्या, तबला वादक विजय पाठक सहित अन्य ने भी प्रस्तुति दी। मंदिर का ऐतिहासिक गोपुरम भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। आयोजन समिति द्वारा शांतिपूर्ण व्यवस्था और सामूहिक भोज की व्यवस्था की गई, जिससे श्रद्धालुओं ने उत्सव का भरपूर आनंद उठाया।

# हेमंत मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कम्बल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** तेघड़ा प्रखण्ड के समाजसेवी और राज वाटर पार्क के संस्थापक पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष हेमंत कुमार ने रविवार को कम्बल वितरण किया। रविवार को अपने आवास पर एक भव्य समारोह आयोजित कर एक हज़ार से अधिक जरूरतमंद लोगों के बीच कम्बल वितरण किया। उल्लेखनीय है कि तेघड़ा के पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष हेमंत कुमार पिछले 15 वर्षों से लगातार कड़ाके की ठंड में असहायों की मदद कर रहे हैं। जैसे-जैसे पारा गिर रहा है, गरीब बस्तियों में रातें लंबी और भारी होती जा रही हैं। इसी पीड़ा को समझते हुए मुखिया ने इस वर्ष भी अभियान चलाकर लोगों को राहत पहुँचाई। जब फटे-पुराने कपड़ों में ठिठुर रहे बुजुर्गों और बेसहारा महिलाओं के कंधे पर उन्होंने खुद कम्बल ओढ़ाया, तो कई बुजुर्गों की आँखों में आँसू छलक आए। उन्होंने कहा, ''समाज सेवा कोई पद या जिम्मेदारी नहीं, बल्कि अंतरात्मा की पुकार है।

# बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में संघर्ष का ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन, दरभंगा की जिला कार्यसमिति की बैठक व मकर संक्राति मिलन समारोह सदर ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में रविवार को आयोजित की गई। यूनियन के जिलाध्यक्ष अमरेश्वरी चरण सिन्हा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 'बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन' नियमावली में संशोधन एवं पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा और कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की



गई। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार, पीटीआई के संवाददाता प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि पेशन योजना पत्रकारों के जीवन से जुड़ा मुद्दा है। यूनियन के माध्यम से संघर्ष को तेज करने की जरूरत है। बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना की वर्तमान शर्ते इतनी जटिल है कि अधिकांश पत्रकार इससे वंचित हो रहे है। इसे लेकर जिला और राज्य स्तर पर अभियान चलाया जाना चाहिए। अतिथि, सदर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि संगठन में ही बल है. एकजुट होकर किया गया प्रयास जरूर सफल होता है. इस मौके पर सदर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि पुलिस और पत्रकार का काम लगभग एक समान है. दोनों ही समाज के विभिन्न मुद्दों को उजागर करते है और आम लोगो के हित मे काम करते है ऐसे में अपनी बातों को संवैधानिक ढंग से रखना भी जरूरी है। शशि कुमार 'नीलू' ने चरणबद्ध अभियान पर जोड़ दिया. इस बैठक में उपाध्यक्ष संजीव कुमार, मुकेश कुमार, पुनीत सिन्हा, सुनील कुमार मिश्रा, शशि भूषण चौधरी, ललित नारायण साह, इरफान अहमद पैदल, विशाल भंडारी, राजन कुमार, आशीष कुमार सिंह, प्रकाश झा, डॉ. शिव शंकर सिंह, राज कुमार गणेशन, दीपक कुमार झा, मनोज झा, आर्या शंकर, मनीष कुमार सिंहा, सज्जाद अहमद खां, राकेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, रविन्द्र कुमार, सुनील भारती समेत कई पत्रकारों ने विचार रखे। बैठक में निर्णय लिया गया कि पत्रकारों की मांगों को लेकर 13 जनवरी से ट्यूटर अभियान चलाया जाएगा. जिसकी व्यापक जानकारी रवि प्रकाश ने बैठक में दी। आरम्भ में सभी सदस्यों का स्वागत मनोज कुमार ने किया। विषय प्रवेश सह संचालन महासचिव शशि मोहन भारद्वाज व धयनवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव प्रवीण कुमार चौधरी ने किया।

# किसानों की आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता : रामकृपाल यादव

## बिहार में 44 लाख किसानों की केवाइसी पूरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि केंद्र और राज्य की सभी योजनाएं भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी रूप से लागू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़े, इसके लिए केंद्र सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है। किसानों की हर समस्या का निदान करने के लिए केंद्र एवं प्रदेश की सरकार ततपर है। सरकार के द्वारा किसानों को उचित दाम पर खाद उपलब्ध कराना एवं हर खेत तक पानी पहुंचने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। उक्त बातें बिहार सरकार के कृषि मंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने अनुमंडल मुख्यालय स्थित एक निजी हाल में आयोजित किसान सम्मान सह कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर मसौढी विधायक अरूण मांझी भी शामिल रहे। मंत्री रामकृपाल ने कहा कि लगातार किसानों के द्वारा शिकायत मिल रही है कि मसौढ़ी एवं आसपास के इलाके में ऊंचे दामों पर खाद की बिक्री हो रही है इस पर अधिकारियों को निर्देश दिया कि सही दाम पर किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाए और जो भी दुकानदार किसानों को अधिक दाम पर खाद उपलब्ध करा रहे हैं उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए उन्होंने साफ तौर पर कहा कि किसी प्रकार का गड़बड़ी करने वाले दुकानदार हो या अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। भारतीय किसान मजदूर विकास संगठन के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम के दौरान कई किसानों को सम्मानित किया गया, जबकि असहाय एवं विकलांग लोगों के बीच कंबल का वितरण मंत्री रामकृपाल यादव के द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास की गाड़ी को आगे बढ़ा रहे हैं। हर घर बिजली, हर खेत को पटवन, हर घर में नल का जल एवं हर घर में शौचालय उपलब्ध कराया गया है। जो कुछ थोड़ा बचा है उसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ ले रहे किसानों के लिए किसान कार्ड बनाने का कार्य हो रहा है। उसमें सभी किसान अपना किसान कार्ड बनवा लें। उन्होंने उपस्थित किसानों को कहा कि किसान कार्ड मिल जाने के बाद किसानों के लिए चलाए जा रहे सभी प्रकार के लाभ मिल सकेगा। इस मौके पर स्थानीय विधायक अरुण मांझी ने कहा कि किसान के लिए सरकार योजनाएं चल रही है। उसका आप लोग लाभ लें। अरुण मांझी ने साफ तौर पर कहा कि मैं मसौढी का विधायक नहीं बल्कि भाई एवं बेटा बनाकर कार्य करूंगा जो भी समस्या मेरे संज्ञान में आएगा मैं उसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करूंगा। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख राजकिशोर प्रसाद, भाजपा नेता ओम प्रकाश यादव, राकेश कुमार, विजय यादव, डॉ सुधीर कुमार, डॉ गौतम कुमार, समाजसेवी नवल भारती, लाला प्रसाद, गुड्डू यादव समाजसेवी सूरज कुमार केसरी समेत कई लोग मौजूद रहे।




# हत्या का प्रयास मामले में आरोपित गिरफ्तार

## काफी दिनों से फरार चल रहा था आरोपित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के चक्रजोहर गांव में रास्ता विवाद में गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे तरुण कुमार को चकजोहरा गांव से धनरूआ पुलिस ने बीते शनिवार को गिरफ्तार किया है। दरअसल वादी नीतीश कुमार पिता विजेंद्र प्रसाद के द्वारा धनरूआ थाना में दिए गए लिखित आवेदन के आलोक में लिखा है कि जमीन से संबंधीत विवाद चलते आ रहा है उसी जमीन से संबंधित विवाद को लेकर वर्ष 2008 में तरूण कुमार पिता देवेन्द्र प्रसाद ग्राम चकजोहरा पंचायत सोनमई थाना धनरूआ जिला पटना मेरा बड़ा भाई नवीन कुमार को गोली मारकर हत्या कर दिया था। जिसके बाद पूरा परिवार अपना घर को छोडकर गाँव से भाग गया था और फतुहाँ बाजार पटना में जाकर मकान बनाकर रहने लगा वर्ष 2024 में देवेन्द्र प्रसाद ग्राम चकजोहरा में आकर अपने हिस्से के मिली जमीन में मकान बना लिये अब देवेन्द्र प्रसाद अपने मकान में आने जाने के लिए मेरे निजी जमीन मे से रास्ता के लिए 8 फीट जमीन मांगता है। इसी रास्ते वाली जमीन के विवाद को लेकर 8 दिसंबर को समय करीब 4 बजे शाम में जब मै देवेन्द्र प्रसाद के मकान के पास अपने खलिहान में खड़ा था तो इसी समय खलिहान में आकर 1 तरूण कुमार उम्र 35 वर्ष पिता देवेन्द्र प्रसाद ग्राम चकजोहरा पंचायत सोनमई थाना धनरूआ जिला पटना मेरे साथ गाली गलौज करने लगा जब मैं तरूण कुमार को गाली देने से मना किया तो तरूण कुमार अपने कमर मे से पिस्तौल निकालकर जान मारने की नियत से मेरे उपर फायर कर दिया जो गोली मेरे बगल से निकल गयी और मैं बाल बाल बच्चा मै खलिहान से भागकर किसी तरह अपना जान बचाया तरूण कुमारं अपराधी प्रवृति का व्यक्ति है और असमाजिक तत्वों के लोगो से सांठ गांठ रखता है।

# बिक्रम में गायत्री परिवार मिलन समारोह का आयोजन

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखंड ज्योति एवं माता भगवती देवी के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विक्रम गायत्री परिवार की ओर से बिक्रम सक्षम संस्थान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर अखंड ज्योति युग निर्माण पत्रिका पाठक और नए पुराने गायत्री परिजनों का विचार विमर्श हुआ।वक्ताओं ने पत्रिका विस्तार एवं हर घर गुरु गायत्री सद्विचार पहुंचाने की अपील की। गोष्ठी में उपजोन समन्वयक लाल बाबू शर्मा, जिला समन्वयक नागेंद्र शर्मा, राम श्याम बाबा, प्रांत संयोजक सुधीर शरण शर्मा, महिला जिला संयोजक शिवानी, रमेश विद्यार्थी, अवधेश शर्मा, गोपाल कुमार, अनिल कुमार, पुण्यदेव सिंह, शैलेंद्र कुमार आदि मौजूद थे। इस मौके पर पत्रिका पाठक बुद्धिजीवी शशांक शेखर मिश्र को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।

# सोशल मीडिया पर कट्टा लहराने वाला युवक गिरफ्तार, देसी कट्टा व 7 लीटर शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** सोशल मीडिया पर देसी कट्टा के साथ प्रदर्शन करते एक युवक की फोटो वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। नगर पुलिस अधीक्षक, पटना पश्चिम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। पुलिस जांच में कट्टा लिए युवक की पहचान पालीगंज थाना क्षेत्र के इज्जत्ता गांव निवासी कमरू मांझी के पुत्र श्रवण मांझी के रूप में हुई। जानकारी मिली कि श्रवण मांझी अपने एक सहयोगी के साथ पालीगंज और आसपास के इलाकों में अवैध शराब का कारोबार करता था और इसी दौरान हथियार भी रखता था। नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी पटना के निर्देश पर पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने पहले श्रवण मांझी के घर पर छापेमारी की, जहां पता चला कि वह अपने सहयोगी अर्जुन मांझी के साथ रह रहा है। इसके बाद अर्जुन मांझी के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने श्रवण मांझी और अर्जुन मांझी को एक देसी कट्टा और 7 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पालीगंज थाने में कांड संख्या 16/2026 दर्ज कर आर्म्स एक्ट एवं बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## नूतन वर्षीय सौहार्द मिलन समारोह का आयोजन

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नूतन वर्ष एवं मकर संक्रांति आगमन के अवसर पर जगवंदन संस्थान के संस्थापक साकेत सिंह द्वारा शूटिंग एकेडमी, मंझौली में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सेवा संस्थान द्वारा आम नागरिकों के लिए निशुल्क रूप से दी जाने वाली एम्बुलेंस की सुविधा सहित जरूरतमंदों को संस्थान से हरसंभव दिए जाने वाले सुविधाओं की जानकारी दी गई। मौके पर क्षेत्र के बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद थे। समारोह के बाद दही चूड़ा भोज का आयोजन किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर गांधी मैदान पटना में पुनपुन की बेटियां परिवहन विभाग की झांकी को करेंगी लीड

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** गांधी मैदान में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह में पुनपुन महादलित समुदाय की छह बेटियां हिम्मत और हौसलों से नई इबारत लिखती दिखेंगी। ये पिंक बस चलाती दिखेंगी। दरअसल गांधी मैदान में परिवहन विभाग की झांकी को लीड करेंगी। बताया जाता है की, ट्रेनिंग लेकर बन गईं ड्राइवर पिंक बसों में ड्राइवर, कंडक्टर सभी सभी स्टाफ महिला होंगी। गौरतलब है की पुनपुन की गरीब महादलित परिवारों की छह लड़कियों को औरंगाबाद स्थित ड्राइविंग इंस्टीट्यूट से हैवी मोटर वेहिकल की ट्रेनिंग के साथ लाइसेंस मिला है। कभी बाल विवाह से मना करने वाली ये लड़कियां पिंक बस चलाकर गर्ल ऑन व्हील्स का संदेश देती दिखेंगी। महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से 16 लड़कियों को लाइट मोटर वेहिकल चलाने का प्रशिक्षण दिलाया गया था। इसके बाद महादलित विकास मिशन द्वारा 6 लड़कियों को भारी वाहनों को चलाने का प्रशिक्षण दिलाया गया। बहरहाल आगामी पटना में आयोजित गणतंत्र दिवस के मौके पर एक नई इबारत लिखेगी



# नदवां बाजार में नाली के पानी से सड़क झील में तब्दील, चलना हुआ दुश्वार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र का नदवां बाजार की सड़क इन दिनों नाले के पानी से झील में तब्दील हो गई है, जिससे न केवल राहगीरों को परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है बल्कि पैदल चलने वाले लोगों का भी चलना दुश्वार हो गया है। दरअसल इसके पीछे कारण यह बताया जाता है कि सड़क के किनारे बनी हुई नाली के साफ सफाई नहीं होने से ओवरफ्लो हो गई है और वह पानी सड़कों पर आ गई है, जिससे कई तरह के परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है। नदवां पंचायत के मुखिया शंकर कुमार सिंह ने बताया कि नदवां बाजार में इन दिनों नाले का पानी सड़क पर आ गई है और झील में तब्दील हो चुके हैं। जिसे पैदल चलने वाले लोगों को कई तरह का परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा आगामी 26 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी झंडातोलन का कार्यक्रम का संभावित कार्यक्रम की तैयारी भी चल रही है, इसके पीछे मुख्य कारण अतिक्रमण बताया जा रहा है सड़कों के किनारे बेतरती ढंग से नाली के फुटपाथ पर ही कई दुकानें लगी हुई है जिस जिसके कारण ना तो नाले की सफाई सही ढंग से हो पा रही है।जिसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश भी पनप रहा है। जिसमें कुंदन सिंह, विनोद कुमार, अमित सिंह, मुन्ना कुमार, अनिल कुमार, मदन कुमार आदी लोगों ने नदवां बाजार मे सडक के किनारे नाली पर अतिक्रमण हटाने की मांग की है।



# जदयू नेत्री के पति के सुसाइड मामले में दो पर प्राथमिकी

## एक लाख कर्ज दिलवाने के बने थे गारंटर, सूद का पैसा दिलवाने को लेकर बनाया जा रहा था दबाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नदवां के रहने वाले जदयू नेत्री के पति दयानंद सिंह के सुसाइड मामले में नदवां ओपी में नदवां के रहने वाले दो लोगों पर मृतक की पत्नी सह जदयू नेत्री चंद्रकला सिन्हा के बयान पर आत्महत्या करने पर मजबूर करने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराया है। दरअसल मृतक की पत्नी के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन में लिखा है कि नदवां गांव की रहने वाले रामबालक सिंह और मनोज पांडे को एक लाख सूद पर कर्ज दिया था, जिसका गारंटर हमारे पति दयानंद सिंह को बनाया गया था, लेकिन बाद में वह एक लाख लौटा दिया था लेकिन सूद का पैसा के नाम पर हमारे पति को लगातार दबाव बनाया जा रहा था कि किसी तरह से सूद का पैसा वापस लौटवाये नहीं तो अपना घर और जमीन लिख दो और लगातार घर पर चढ़कर गली गलोज और जान मारने की धमकी दे रहे थे। इसी को लेकर हमारे पति पिछले कई दिनों से तनाव में चल रहे थे और आत्महत्या करने पर विवश हो गए हैं। जो धनरूआ थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में जाकर सुसाइड कर लिए थे लेकिन आत्महत्या करने का कारण रामबालक सिंह और मनोज पांडे है पुलिस पूरे मामले में की छानबीन कर रही है।

### प्रभार नहीं दिए जाने का मामला पहुंचा प्रखंड कार्यालय

**मसौढ़ी।** शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षक का पद सृजित करने के बाद पुनपुन प्रखंड में लगभग कई प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान शिक्षकों ने योगदान दिया लेकिन कुछ जगहों पर मामला अटक गया है। जिसमें प्रभारी प्रधान शिक्षक द्वारा पदस्थापन के बाद भी प्रधान शिक्षक को प्रभार देने से इनकार किया गया। मामला प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय मनोहरपुर और प्राथमिक विद्यालय कन्या पुनपुन से जुड़ा है। जहां के प्रधान शिक्षकों ने इसकी शिकायत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से की है। कन्या विद्यालय में पदस्थापन प्रधान शिक्षक विवेक रंजन ने बताया कि विद्यालय जाने पर प्रभारी प्रधान शिक्षक द्वारा प्रभार से इनकार करते हुए स्वयं प्रधान शिक्षक बने रहने का निर्णय सुनाया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार मंडल ने बताया कि मामले की जानकारी लिखित रूप से वरीय पदाधिकारियों को दी गई है।

# लावारिस हालत मे चोरी की बाइक बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना अंतर्गत पुनपुन हॉस्पिटल के पास से बीते शनिवार को हुई चोरी हुई बाईक को रविवार को पुलिस ने बरामद कर लिया है। दरअसल पिडीत राजकुमार पिता फागू राय साकिन करोड़ीचक थाना फुलवारी का मोटरसाइकिल 10-01-26 को समय करीब 02 बजे दिन में चोरी हो गई थी, जिसे सघन वाहन चेकिंग ओर सीसीटीवी कैमरा आदि का अवलोकन की मदद से रविवार को सुबह 10:00 बजे सड़क के किनारे लावारिस हालत में गाड़ी बरामद कर ली गई है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की बाईक चोरी की घटना के लगातार विभिन्न जगहों पर सघन छापेमारी की जा रही थी, जिसके कारण पुलिसिया दबिश के कारण बाईक चोर लवारिस हालत मे छोड कर भाग गये है और चोरी की घटना के महज 24 घंटे के अंदर बरामद कर ली गई है।



# महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कांग्रेसियों ने किया मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत उपवास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** केंद्र की भाजपा नेतृत्व की सरकार ने मनरेगा जैसी ऐतिहासिक जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने का काम किया है। मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं बल्कि करोड़ों गरीबों, मजदूरों व ग्रामीण परिवारों के लिए रोज़गार व सम्मान की गारंटी है। भाजपा सरकार ने मनरेगा के बजट में कटौती, मजदूरी भुगतान में देरी व इसके मूल स्वरूप से लगातार छेड़छाड़ सीधे तौर पर गरीबों के अधिकारों पर हमला है। उक्त बातें पलामू जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष विमला कुमारी ने कही। वे रविवार को मनरेगा को समाप्त किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी का संचालित मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत स्थानीय गांधी स्मृति टाउन हॉल परिसर में महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष एकदिवसीय उपवास व धरना कार्यक्रम में बोल रही थी। विमला कुमारी ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम व विचारों से जुड़ी इस योजना को कमजोर करना संविधान में निहित सामाजिक न्याय व समावेशी विकास की भावना के विरुद्ध है। कहा कि मनरेगा बचाओ संग्राम कोई एकदिवसीय कार्यक्रम नहीं बल्कि गरीबों के हक़ की रक्षा का निरंतर चलने वाला आंदोलन है। इसे कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक पूरी मजबूती के साथ उठाएगी।

कार्यक्रम में कांग्रेसी नेता सत्यानंद दुबे, चंद्रशेखर शुक्ला, रामाशीष पाण्डेय, विनोद तिवारी, श्याम नारायण सिंह, कामेश्वर तिवारी, ओमप्रकाश अमन, विश्राम दुबे, बिट्टू पाठक, मिथिलेश सिंह, मुकेश सिंह चंदेल, रामानंद पाठक, राजेश चौरसिया, गोपाल त्रिपाठी, गोपाल सिंह, शैलेश चंद्रवंशी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, रंजन दुबे, रामचंद्र दीक्षित, नसीम खान, सुमन तिर्की, हेमंती लकड़ा, रेखा देवी, रेखा सिंह, सुमित्रा देवी, सीता देवी, राजमणि देवी, अनिल सिंह, रविन्द्र कुमार, अशोक सिंह, सितारे खां, रामप्रवेश सिंह, धनंजय पाठक, टिकैत कुमार, गुलाम नबी, अरविंद पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, रिज़वान खान, राजेंद्र ओझा, राजेंद्र ठाकुर सहित कई कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सोरमपुर पंचायत भवन में निःशुल्क मेडिकल कैंप का सैकड़ों ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के सोरमपुर पंचायत भवन में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर लाभ उठाया। यह निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर उलारऽसोरमपुर पैक्स अध्यक्ष के भावी प्रत्याशी एवं समाजसेवी उलार निवासी अरुण कुमार के सौजन्य से आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आंखों की जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी की जांच की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी दी गईं। स्वास्थ्य शिविर की सफलता और व्यवस्था को देखकर ग्रामीणों ने पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी अरुण कुमार की जमकर सराहना की। इस मौके पर अरुण कुमार ने कहा कि अंधेरे को उजाले में बदलना ही मेरा संकल्प है। मैं शुरू से ही ग्रामीणों के हर सुख-दुख में साथ देता आया हूं और आगे भी मेरी सेवा भावना इसी तरह बनी रहेगी। ग्रामीणों ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की है।




# तारेगना के रेल थाना में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पटना गया रेलखंड के तारेगना में रेलवे स्टेशन के तारेगना में रेल थाना प्रांगण में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद रहे राजू कुमार दुबे को लोगों ने भावभीनी विदाई दी वहीं सोनू कुमार को नए थाना अध्यक्ष के रूप में सम्मान किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया लोगों ने कहा कि राजू कुमार दुबे जितने दिन तक तारेगना रेल थाना का अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला वह काफी सराहनीय रहा है वह जहां भी जा रहे हैं दिन दुना रात चौगुना प्रगति करें। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि नए थाना अध्यक्ष के रूप में सोनू कुमार ने योगदान दिया है उन्होंने कहा कि लोगों को आशा है कि यहां के जनता के अनुरूप काम करें इस मौके पर पदभार ग्रहण करने के बाद नये थानाध्यक्ष के रूप में सोनू कुमार ने कहा कि तारेगनी में रेलवे स्टेशन एवं आसपास के इलाके के लोगों के हित में जो भी कार्य होगा उसे हम पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे। मौके पर रेल थाना के पुलिस अधिकारी मनीष कुमार, रणविजय कुमार समेत कई लोग मौजुद रहे।



# सूर्य महोत्सव में प्रतियोगिताओं के लिए प्रभारी मनोनीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सूर्य महोत्सव 2026 के श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम के अंतर्गत 21 जनवरी से विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन शुरू किया जायेगा। यह कार्यक्रम पर्यटन विभाग, बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अमृतेश आर्यन ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेशानुसार इस अवसर पर जिलास्तरीय क्विज, पेंटिंग, मेहंदी, रंगोली, निबंध, स्लो साइकिल रेस, कबड्डी, खो-खो एवं फुटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। श्री आर्यन ने बताया कि स्क्रीनिंग का आयोजन 21 जनवरी को सुबह 11:00 बजे समाहरणालय स्थित योजना भवन में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में किसी भी विद्यालय या महाविद्यालय से एक टीम भाग लेगी और प्रत्येक टीम में अधिकतम दो प्रतिभागी होंगे। इस लिखित परीक्षा के प्रदर्शन के आधार पर फाइनल क्विज के लिए प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। फाइनल क्विज का आयोजन 27 जनवरी को रानी पोखर के निकट देव मुख्य कार्यक्रम स्थल पर किया जाएगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिलास्तरीय पेंटिंग, रंगोली, निबंध एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन 27 जनवरी को किया जाएगा जबकि कबड्डी, खो-खो, स्लो साइकिल रेस और फुटबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन 26 जनवरी को किया जाएगा। पेंटिंग, रंगोली और स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता रानी पोखर के निकट आयोजित की जाएगी जबकि कबड्डी, खो-खो और फुटबॉल प्रतियोगिता राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय में आयोजित होगी। निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय में किया जाएगा। सभी प्रतियोगिताएं दो समूहों में आयोजित की जाएंगी जिनमें जूनियर समूह में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र और सीनियर समूह में स्नातक प्रथम खंड एवं उससे ऊपर के छात्रों को शामिल किया जाएगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि रंगोली और क्विज प्रतियोगिता में प्रत्येक विद्यालय या महाविद्यालय से दो प्रतिभागी भाग लेंगे, जबकि अन्य शैक्षणिक प्रतियोगितियों में प्रत्येक संस्थान से तीन प्रतिभागी भाग लेंगे। खेल गतिविधियों के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय या महाविद्यालय से एक-एक टीम भाग लेगी और इन खेल गतिविधियों के लिए स्क्रीनिंग के आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा क्विज प्रतियोगिता के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद एवं वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार को वरीय प्रभारी, मेहंदी प्रतियोगिता के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस एवं महिला हेल्पलाइन प्रभारी कांति कुमारी को वरीय प्रभारी, पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना शिक्षा विभाग को वरीय प्रभारी, रंगोली प्रतियोगिता के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी को वरीय पदाधिकारी, फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला खेल पदाधिकारी पप्पू राज को वरीय पदाधिकारी, स्लो साइकिल रेस प्रतियोगिता के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी देव को वरीय पदाधिकारी, खो-खो प्रतियोगिता के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना एवं जिला खेल पदाधिकारी को वरीय पदाधिकारी और कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना एवं जिला खेल पदाधिकारी को वरीय पदाधिकारी मनोनीत किया गया है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, अमृतेश आर्यन ने बताया कि जिला पदाधिकारी द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में जिले के सभी महाविद्यालय एवं विद्यालयों को सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों को शामिल करने हेतु सूचित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त सभी प्रतियोगितियों में शत प्रतिशत प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है। सभी प्रतियोगिताओं के सफल संचालन और आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां पहले ही प्रारंभ कर दी गई हैं।

# बदलाव के खिलाफ कांग्रेस नेताओं ने किया उपवास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना में किए गए बदलावों के विरोध में आज समाहरणालय के समक्ष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस सामूहिक उपवास कार्यक्रम में कांग्रेस की एकजुटता साफ दिखाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव ने की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि मोदी सरकार महात्मा गांधी के विचारों और उनके नाम को समाप्त करने की साजिश कर रही है। नई योजना से बिहार सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ेगा और मनरेगा बिहार में समाप्त हो जाएगी तथा पुनः बिहार के युवा पलायन को मजबूर होंगे। अभी जब केंद्र सरकार द्वारा 90 प्रतिशत पैसा दिया जा रहा था तब बिहार सरकार का 20 हज़ार करोड़ बकाया है। मनरेगा को बचाने के लिए कांग्रेस सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगी। नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार सत्ता में आने के बाद से विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने के बजाय इतिहास मिटाने में लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार भगवान राम और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बीच प्रतिस्पर्धा कराकर राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए मनरेगा का स्वरूप बदलने की कोशिश कर रही है, जिसे कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरीय नेता शैलु दुबे, अरविंद शर्मा, शैलेन्द्र मिश्र शैल, अरविंद सिंह, राशिद खान, जिला पार्षद सुरेंद्र यादव, प्रदीप कुमार सिंह, चुलबुल सिंह, जिला पार्षद गायत्री देवी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष जुल्फिकार हैदर, युवा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पासवान, उदय पासवान, सूरज राय, विजय पांडे, सदर बृजकिशोर सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, रत्नाकर सिंह, सोमनाथ ठाकुर, लालदेव यादव, सुजीत सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, नवीन कुमार, नागेन्द्र सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, इरफान अंसारी, अमरेंद्र सिंह, नरेश यादव, मनोज पांडे, मोहम्मद जिन्ना, अजीम खान, वीरेंद्र कुमार सिंह, नीरज सिंह, अशोक, शिल्पी कुमारी, प्रियंका देवी, सरस्वती देवी, बेबी सिन्हा, रिंकू सिंह, सिकन्दर सिंह, रामजन्म यादव, धनंजय यादव, भोला राम, रौशन पांडे, विवेक आदि उपस्थित रहे।

# बाल आश्रय गृह में आवासित किशोर की मौत, गंभीर बीमारी से था पीड़ित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के बभंडीह स्थित वृहत बाल आश्रय गृह में रह रहे 11 वर्षीय एक किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गयी। वह लंबे समय से गंभीर और असाधारण बीमारी सेरेब्रल पाल्सी से ग्रसित था। बीते छह वर्षों से पूरी तरह बेड रिडेन अवस्था में था। जानकारी के अनुसार बीमारी की गंभीरता के कारण वह सामान्य बच्चों की तरह चलने-फिरने या बोलने में सक्षम नहीं था। उसे केवल तरल और मैश किया हुआ भोजन (मेस्ट फूड) ही दिया जाता था। उसकी देखभाल विशेष सतर्कता के साथ की जाती थी और महीने में दो बार उच्च चिकित्सा सुविधा के लिए उसे हायर सेंटर ले जाया जाता था, जहां न्यूरो फिजिशियन द्वारा उसका नियमित इलाज चल रहा था। आश्रय कर्मियों के अनुसार,वह खाना-पीना नहीं ले रहा था। जब उसे लिटाया गया, तब भी वह भोजन ग्रहण नहीं कर पा रहा था, जिससे उसकी हालत को लेकर चिंता बढ़ गयी। इसके बाद तत्काल चिकित्सक सन्नी को फोन कर सूचना दी गयी। चिकित्सक की सलाह पर बच्चे को आनन-फानन में सदर अस्पताल के पेडियाट्रिक वार्ड में ले जाया गया। वहां चिकित्सकों द्वारा जब उसकी जांच की गयी तो उसे मृत घोषित कर दिया गया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही आश्रय गृह के कर्मियों और बाल संरक्षण से जुड़े अधिकारियों में शोक की लहर दौड़ गयी। बाल संरक्षण इकाई के चिकित्सक सन्नी सिंह ने बताया कि करीब छह वर्ष पूर्व यह मासूम गया जिले में फल्गु नदी किनारे अज्ञात अवस्था में पड़ा हुआ मिला था।

# औरंगाबाद गोल्ड कप पर दुर्गापुर टीम का कब्जा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शहर के गेट स्कूल मैदान में रविवार को औरंगाबाद गोल्ड शिल्ड फुटबाल कप टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच दुर्गापुर व छत्तीसगढ़ टीम के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि औरंगाबाद के पूर्व विधायक एवं टूर्नामेंट के अध्यक्ष आनंद शंकर सिंह, श्री सीमेंट के यूनिट हेड अतुल शर्मा आदि रहे। मैच का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ की टीम ने 15वें मिनट में एक गोल दाग दिया। इसके बाद 40 मिनट में छत्तीसगढ़ की टीम ने दूसरा गोल दाग कर 2-0 से बढ़त बना लिया। वहीं मध्याह्न के बाद के दुर्गापुर ने 70वें मिनट में गोल कर 2-1 पर ला दिया। इसके बाद 85 वें मिनट में पुनः दुर्गापुर की टीम ने दूसरा गोल कर 2-2 से मैच को टाई कर दिया। पूरी अवधी में दोनों टीमें दो-दो गोल से बराबरी पर रही। इसके बाद टाइ ब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें दुर्गापुर की टीम ने पांच जबकि छत्तीसगढ़ की टीम ने तीन गोल किया। इस तरह दुर्गापुर की टीम ने 5-3 से मैच को रोमांचक तरीके से जीत लिया। मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता टीम को बड़ा शिल्ड व 25 हजार व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को छोटा शिल्ड व 15 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर टूर्नामेंट के सचिव फकरुद्दीन, विकास यादव, अजहर आलम, आफताब राणा आदि मौजूद रहे। बता दें कि ट्रॉफी मरगुब आलम बैंडमिंटन एसोसिएशन की ओर से दिया गया है। वहीं दुर्गापुर के खिलाड़ी विपल डे को मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरिज के रुप में साइकिल देकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक ने कहा कि खेल में हार जीत लगा रहता है। जो हारता है उसकी एक न एक दिन विजयी जरूर होती है। इसलिए मेहनत जारी रखें।

# संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के करमा रोड में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। मृतका बीते चार वर्षों से अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए औरंगाबाद में रह रही थी। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। मृतका के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार महिला का पति ओबरा थाना क्षेत्र के अरंडा स्थित एक राइस मिल में नौकरी करता है। महिला का मायका रफीगंज प्रखंड क्षेत्र में है। मृतका की मां ने बताया कि बेटी का इलाज दिल्ली के एक अस्पताल में चल रहा था। मां के अनुसार आशंका जताई जा रही है कि अत्यधिक दर्द होने के कारण उसने दवा की अधिक मात्रा ले ली होगी, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गयी। परिजनों ने बताया कि तबीयत बिगड़ने के बाद उसे तत्काल सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# बिहार की ग्राम कचहरियों में चार लाख मामलों का निष्पादन

## न्यायमित्र संघ की वार्षिक बैठक में मांग पत्र पारित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार के ग्राम कचहरियों में अब तक लगभग चार लाख मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। ग्राम कचहरियों के इस योगदान को लेकर जिला विधिज्ञ संघ में जिला न्यायमित्र संघ की वार्षिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा ने जबकि संचालन महासचिव सतीश कुमार सिंह ने किया। बैठक की जानकारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने दी। बैठक में सर्वसम्मति से एक मांग पत्र तैयार किया गया, जिसे बिहार सरकार के मुख्य सचिव, पटना को भेजा गया। मांग पत्र में कहा गया कि ग्राम कचहरी में वैध संविदा पर नियोजित विधि स्नातक न्यायमित्रों को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी संकल्प संख्या 12534 दिनांक 17 सितंबर 2018 तथा संकल्प संख्या 1003 दिनांक 22 जनवरी 2021 के आलोक में अनुमन्य सुविधाएं एवं सम्मानजनक परिश्रमिक फीस लागू की जाए। बैठक में बताया गया कि बिहार में न्यायमित्र विगत 18 वर्षों से वैध संविदा पर कार्यरत हैं और ग्राम कचहरियों में चार लाख मामलों का निष्पादन कर चुके हैं। इस कार्य की सराहना सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय द्वारा भी की गई है। ग्राम कचहरियों ने न्यायालयों पर बढ़ते न्यायिक कार्यभार को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मांग पत्र में यह भी कहा गया कि न्यायमित्रों के परिश्रमिक का प्रतिवर्ष पुनरीक्षण हो, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 और कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 का लाभ दिया जाए। सेवा समाप्ति की स्थिति में अपील का आधार और प्राधिकार क्षेत्र स्पष्ट किया जाए। वर्तमान में सात हजार रुपये वेतन बाजार दर, न्यूनतम मजदूरी और सरकारी प्रारंभिक वेतन से काफी कम है, इसलिए नियमानुसार परिश्रमिक में वृद्धि की जाए। सभी प्रकार के एरियर का शीघ्र भुगतान, ग्राम कचहरियों में सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य लंबित मांगों को पूरा करने की बात भी रखी गई। बैठक में यह भी बताया गया कि न्यायिक पारदर्शिता के लिए ई-ग्राम कचहरी की शुरुआत 24 अक्टूबर 2024 से हो चुकी है। न्यायमित्रों ने सरकार से वेतन में शीघ्र बढ़ोतरी की मांग को जायज बताया और कहा कि मांगों की पूर्ति तक बिहार राज्य न्यायमित्र संघ संघर्षरत रहेगा।

# असामाजिक तत्वों ने ट्रैक्टर को फूंका

**नवीनगर(नबिटा संवाददाता)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के महसू गांव में असामाजिक तत्वों ने एक किसान के ट्रैक्टर में आग लगा दी। मामले में ट्रैक्टर मालिक मो मंसूर ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया कि उन्होंने अपने घर से कुछ दूरी पर ट्रैक्टर खड़ा किया था। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# आवश्यक दस्तावेजों के साथ ई-केवाइसी कराएं किसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले में फार्मर रजिस्ट्री किसान की डिजिटल पहचान अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जिले के सभी प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में पंचायत सरकार एवं अन्य सरकारी भवनों में पंचायतवार शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी से संबंधित कार्यों को पूर्ण कर रहे हैं। अभियान को कैंप मोड में सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से जिले के वरीय पदाधिकारी द्वारा स्थलों पर जाकर नियमित रूप से निरीक्षण एवं निगरानी की जा रही है तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए जा रहे हैं। आज जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 6670 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी किसान भाई-बहनों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित पंचायतस्तरीय शिविरों में स्वयं उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री एवं ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें।

# नगर थाना ने 43 रनों से जीता फाइनल मैच का खिताब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** पुलिस और आम जनता के बीच समन्वय, विश्वास और जनसभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस-पब्लिक क्रिकेट लीग का फ़ाइनल मैच का आयोजन किया गया। पुलिस की ओर से आयोजित इस लीग का फाइनल मैच पुलिस केंद्र औरंगाबाद में खेला गया। यह मैच नगर थाना और ओबरा के खिला गया। नगर की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की। नगर की टीम ने 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 160 रनों का स्कोर खड़ा किया। ओबरा की टीम 16.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 117 रन बना सकी। इस तरह नगर की टीम ने 43 रनों से मैच जीत लिया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार किस्सू मिश्रा को दिया गया। उसने 21 रन बनाए और तीन विकेट हासिल किया। पूरे लिग कें दौरान 257 रन एवं 13 विकेट लिया। मैन ऑफ द सीरीज से भी किस्सू मिश्रा को ही पुरस्कृत किया गया। सर्वप्रथम मैच का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह ने संयुक्त रूप से किया। पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने और समाज में सकारात्मक संदेश देने की अपील की। कहा गया कि आयोजन का उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय विश्वास और जनसभागिता को सुदृढ़ करने और युवाओं को खेल की ओर प्रेरित करना है। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे, पुलिस केंद्र उपाधीक्षक आकाश यादव, ट्रैफिक पुलिस उपाधीक्षक मनोज कुमार, मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक विनोद कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मनीषा बेबी, पुलिस पदाधिकारी रन्नजय यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

